RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 254
नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

सारा अली खान ने अमरनाथ गुफा में किए दर्शन
राष्ट्रीय-11

मणिपुर: महिलाओं के वीडियो पर उमड़ा आक्रोश, प्रदर्शन

● चार आरोपी गिरफ्तार सीएम बोले-मृत्युदंड मिलना चाहिए, राज्य के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन की खबरें, चूराचांदपुर में बड़ी संख्या में काले कपड़े एकत्र हुए लोग

पीएनएस/एजेंसी। इंफाल

मणिपुर के सेनापति जिले के एक गांव में दो जनजातीय महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने और भीड़ द्वारा उनसे छेड़छाड़ किए जाने संबंधी वीडियो सामने आने के बाद इस घटना के विरोध में राज्य में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। घटना चार मई की है। इसका वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

इस घटना के विरोध में राज्य में चूराचांदपुर में बृहस्पतिवार को भीड़ ने जमकर प्रदर्शन किया। हजारों लोग काले कपड़े पहनकर जमा हो गए। उन्होंने नारेबाजी करते हुए आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की। इस बीच, परेड कराने वाली भीड़ का हिस्सा रहे चार लोगों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि बुधवार को सामने आए 26 सेकंड के वीडियो में गिरफ्तार एक आरोपी को कांगपोकपी जिले के बी. फाइनोम गांव में भीड़ को सक्रिय रूप से निर्देश देते हुए देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने घटना को अमानवीय करार दिया और कहा कि अपराधियों को मृत्युदंड मिलना चाहिए। वीडियो पर स्वत: संज्ञान लेते हुए पुलिस ने कल रात कहा था कि अज्ञात हथियारबंद बदमाशों के खिलाफ थाउबल जिले के नोंगपोक सेकमाई थाने में अपहरण, सामूहिक बलात्कार और हत्या का मामला दर्ज किया गया है तथा दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए हरसंभव प्रयास जारी हैं। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में रात भर चली छापेमारी के बाद एक आरोपी की पहचान 32 वर्षीय हुईरेम हेरादास सिंह के रूप में हुई जिसे थाउबल जिले से गिरफ्तार कर लिया गया और एक अन्य व्यक्ति भी गिरफ्तार किया गया है। ऐसा आरोप है कि भीड़ ने दोनों आदिवासी महिलाओं को छोड़ने से पहले उनका यौन उत्पीड़न किया था। इसी घटनाक्रम में ग्रामीणों ने आरोपी हेरादास सिंह के मकान को आग लगा दी और उसके परिवार को परेशान किया। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने घटना को अमानवीय करार दिया और कहा कि अपराधियों को मृत्युदंड मिलना चाहिए।

घटना की कड़ी निंदा करते हुए मुख्यमंत्री ने इसे मानवता के प्रति अपराध बताया और कहा कि उनकी सरकार इस जघन्य अपराध पर चुप नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीडियो देखते ही उन्होंने साइबर अपराध विभाग से इसका सत्यापन करने को कहा और अपराधियों को पकड़ने के लिए अधिकारियों को व्यापक स्तर पर तलाशी अभियान चलाने का (शेष पेज 9)

दो जनजातीय महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने के विरोध में चूराचांदपुर में प्रदर्शन करते कुकी समुदाय के लोग

एनसीडब्ल्यू ने ट्विटर से वीडियो हटाने को कहा

भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने बृहस्पतिवार को औपचारिक निर्देश देते हुए ट्विटर इंडिया से मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने से संबंधित वीडियो हटाने के लिए कहा है। एनसीडब्ल्यू ने ट्वीट कर बताया, ट्विटर इंडिया के सार्वजनिक नीति प्रमुख को औपचारिक निर्देश में वीडियो को हटाने के लिए कहा है। आयोग ने कहा कि इस वीडियो से पीड़ितों की पहचान उजागर होती है और यह एक दंडनीय अपराध है।

संसद में गूंजा मणिपुर मुद्दा, कामकाज बाधित

● खरगे ने प्रधानमंत्री के सदन के बाहर इस मुद्दे पर बयान देने पर जताई आपत्ति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मणिपुर में करीब दो महीने से जारी जातीय हिंसा पर संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान देने और उसके बाद चर्चा कराने की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को मानसून सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में विपक्षी सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया, जिसके कारण लोकसभा की कार्यवाही एक बार और राज्यसभा की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

प्रधानमंत्री के आश्वासन के बावजूद विपक्षी दलों ने राज्यसभा और लोकसभा में इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने तो इस बात पर आपत्ति भी जताई कि सत्र की बैठक आरंभ होने के बावजूद प्रधानमंत्री ने सदन के बाहर इस मुद्दे पर बयान दिया। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे दोबारा राज्यसभा की बैठक आरंभ होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया कि विभिन्न मुद्दों पर अल्पकालिक चर्चा के लिए नियम 176 के तहत उन्हें 12 नोटिस मिले हैं और इनमें से आठ नोटिस मणिपुर हिंसा से संबंधित हैं।

इसी दौरान सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर चर्चा को तैयार है। उन्होंने कहा, इस नोटिस को स्वीकार करने में कोई दिक्कत नहीं है। इस पर धनखड़ ने कहा कि चूंकि सरकार ने आगे आकर मणिपुर मुद्दे पर चर्चा कराने के लिए सहमति जताई है इसलिए चर्चा कराई जा सकती है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने इस दौरान हंगामा आरंभ कर दिया और नियम 176 के तहत चर्चा कराए जाने पर आपत्ति जताई। तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि सदस्यों ने नियम 267 के तहत भी इस मुद्दे पर चर्चा कराने (शेष पेज 9)

शर्मनाक घटना, दोषियों को नहीं बख्शेंगे: मोदी

● कहा-बेइज्जती पूरे देश की हो रही है, 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने की घटना पर क्षोभ व्यक्त करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह घटना किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है और इस क्रूर घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले, मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने देशवासियों को विश्वास दिलाया कि इस मामले में कानून सख्ती से एक के बाद एक कदम उठाएगा। उन्होंने कहा, मणिपुर की बेटियों के साथ जो हुआ है...इसके दोषियों को कभी माफ नहीं किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं इस लोकतंत्र के मंदिर के पास खड़ा हूं तब मेरा ह्रदय पीड़ा से भरा हुआ है, क्रोध से भरा हुआ है। मणिपुर की जो घटना सामने आई है वह किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है। पाप करने वाले, गुनाह करने वाले कितने हैं, और कौन-कौन हैं, वह अपनी जगह पर है... लेकिन बेइज्जती पूरे देश की हो रही है।

140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने सभी मुख्यमंत्रियों से अपने-अपने राज्यों में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने और खासकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, घटना चाहे राजस्थान की ही, घटना चाहे छत्तीसगढ़ की हो, चाहे मणिपुर की हो.... इस देश में हिंदुस्तान के किसी भी कोने में किसी भी राज्य सरकार को राजनीतिक वाद-विवाद से ऊपर उठकर कानून व्यवस्था को महत्व देना चाहिए और नारी के सम्मान की रक्षा करनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मुद्दों को पिछले कुछ समय से जोरशोर से उठा रही है।

मोदी ने कहा कि मैं देशवासियों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि किसी भी गुनाहगार को बख्शा नहीं जाएगा। कानून अपनी पूरी शक्ति से और पूरी सख्ती से एक के बाद एक कदम उठाएगा। मणिपुर की बेटियों के साथ जो हुआ है, इसके दोषियों को कभी माफ (शेष पेज 9)

फौरन कार्रवाई करे सरकार: सुप्रीम कोर्ट

● कहा- हिंसा को अंजाम देने के हथियार के रूप में महिलाओं का इस्तेमाल व्यथित करने वाला और पूरी तरह अस्वीकार्य है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनकी परेड कराने के वीडियो से वह बहुत व्यथित है और हिंसा के लिए महिलाओं को साधन की तरह इस्तेमाल करना किसी भी संवैधानिक लोकतंत्र में पूरी तरह अस्वीकार्य है।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस वीडियो पर संज्ञान लिया और केंद्र तथा मणिपुर सरकार को फौरन उपचारात्मक, पुनर्वास संबंधी और निवारक कार्रवाई का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि तनावपूर्ण माहौल में हिंसा को अंजाम देने के हथियार के रूप में महिलाओं का इस्तेमाल करना पूरी तरह अस्वीकार्य है और ये दृश्य संविधान और मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन दर्शाते हैं।

पीठ ने कहा कि मणिपुर में दो महिलाओं को जिस तरीके से घुमाया गया है, उसके कल आए वीडियो से हम बहुत व्यथित हैं। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने कहा, मुझे लगता है कि अब वक्त आ गया है कि सरकार वाकई में आगे आए और कार्रवाई करे क्योंकि यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। हम सरकार को कार्रवाई के लिए थोड़ा समय देंगे और अगर जमीनी स्तर पर कुछ नहीं होता है तो (शेष पेज 9)

डीईआरसी अध्यक्ष की अस्थायी नियुक्ति होगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में डीईआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति के मामले को लेकर बृहस्पतिवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। आप सरकार और दिल्ली के एलजी की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि अध्यक्ष के नाम पर सहमति नहीं बन पाई है। दिल्ली सरकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हमने पहले तीन और बाद में दो, कुल 5 नाम एलजी को सौंपे, लेकिन सहमति नहीं बनी। यह संवैधानिक मामला है, बेहतर हो कि सुप्रीम कोर्ट इस पर फैसला ले। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम अपनी तरफ से नियुक्ति नहीं कर सकते। सिंघवी ने कहा कि पहले मुख्य मुद्दे का निपटारा हो। बस 15 दिन अगर पद खाली रहता है, इसमें कोई समस्या नहीं। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने पूछा कि क्या तब तक डीईआरसी अध्यक्ष का पद खाली रहेगा? एलजी के वकील हरीश साल्वे ने जस्टिस उमेश कुमार के शपथ पर लगी रोक हटाने की मांग की। चीफ जस्टिस ने कहा कि जब तक विवाद का निपटारा (शेष पेज 9)

प्रतिबंधित चीनी मांझे से बच्ची का गला कटा, मौत

● मासूम ने माता-पिता के सामने तोड़ा दम, मोटरसाइकिल पर आगे बैठी थी सात साल की बच्ची

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में प्रतिबंधित चीनी मांझे की चपेट में आने से सात वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बुधवार शाम सात वर्षीय बच्ची अपने माता-पिता व बड़ी बहन के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर स्विमिंग क्लास के लिए जा रही थी। वह बाइक पर आगे बैठी हुई थी, तभी उसके गले में चीनी मांझा फंस गया, जिससे उसकी गर्दन गहरा घाव हो गया।

हादसे के बाद परिजन बेटी को गंभीर हालत में नजदीकी के अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार शाम करीब 7:27 बजे पश्चिम विहार वेस्ट थाने में इस घटना की सूचना मिली थी। पुलिस को जांच में पता चला कि बच्ची अपने पिता संदीप के साथ मोटरसाइकिल पर आगे बैठकर जा रही थी। संदीप के पीछे उनकी तेरह साल की बड़ी बेटी और पत्नी बैठी थीं। जब वे गुरु हरकिशन नगर, पश्चिम विहार पहुंचे थे तभी छोटी बेटी मांझे की चपेट में आ गई। मांझे से गर्दन (शेष पेज 9)

जानलेवा है पतंग की ये डोर

चाइनीज मांझा पतंग उड़ाने के लिए भले ही मजबूत हो, लेकिन इससे लोगों और पक्षियों की जान जा रही हैं। स्वतंत्रता दिवस से एक दो महीने पहले से पतंग के शौकीन लोग पतंग उड़ाना शुरू कर देते हैं। चाइनीज मांझा बेहद मजबूत होता है, जिसका इस्तेमाल करने से पतंग आसानी से कटती नहीं। इसलिए लोग चाइनीज मांझे को खरीदना पसंद करते हैं। लेकिन यह मांझा जानलेवा होने के चलते राजधानी दिल्ली में प्रतिबंधित है।

क्विक न्यूज

केरल में इस्लामिक स्टेट मॉड्यूल का भंडाफोड़

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बृहस्पतिवार को केरल में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया। जांच एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि मॉड्यूल के एक सदस्य को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया गया है, जबकि केरल में संदिग्ध आरोपी के चार स्थानों पर छापेमारी की गई है। एजेंसी ने प्रतिबंधित वैश्विक आतंकी समूह आईएस के मॉड्यूल के भंडाफोड़ को बड़ी सफलता करार देते हुए कहा कि विश्वसनीय जानकारी और जांच के आधार पर, एक आरोपी की गिरफ्तारी के बाद केरल पुलिस के आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस) के साथ चार स्थानों पर छापेमारी की गई। आईएस मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के लिए त्रिशूर में तीन स्थानों और केरल के पलक्कड़ जिले में एक स्थान पर छापे मारे गए। मंगलवार को एनआईए ने एक आरोपी आसिफ उर्फ मैथिल अक्कथ कोदायिल अशरफ को तमिलनाडु के सत्यमंगलम के पास उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया अगले दिन आसिफ के साथ-साथ तीन अन्य लोगों के घरों पर छापेमारी की गई।

महाराष्ट्र में भूस्खलन से 16 की मौत, 17 घर तबाह

महाराष्ट्र के रायगढ़ में भूस्खलन स्थल पर राहत और बचाव में लगे कर्मचारी

भाषा। मुंबई

महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के दूर दराज एक के अदिवासी बहुल गांव में जबरदस्त भूस्खलन होने की घटना में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। इस घटना में 17 घर पूरी तरह तबाह हो गए। एनडीआरएफ के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में 21 लोगों को बचाया गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि भूस्खलन बुधवार रात करीब 11 बजे मुंबई से लगभग 80 किलोमीटर दूर खालापुर तहसील के इरशालवाड़ी गांव में हुआ। यह गांव पहाड़ी ढालान पर स्थित है। उन्होंने बताया कि लगातार (शेष पेज 9)

अहमदाबाद में भीड़ में घुसी कार, नौ की मौत

भाषा। अहमदाबाद

गुजरात के अहमदाबाद शहर में तेज गति से आ रही एक कार बुधवार देर रात एक दुर्घटनास्थल पर खड़ी भीड़ में घुस गई, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शहर के सैटेलाइट इलाके में सरखेज-गांधीनगर राजमार्ग के इस्कॉन पुल पर दो वाहनों के बीच टक्कर होने के बाद लोगों की भीड़ एकत्र थी, तभी देर रात करीब एक बजे तेज गति से आ रही एक लग्जरी कार भीड़ में घुस गई जिससे नौ लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दो वाहनों की टक्कर के बाद घटनास्थल पर पहुंचे एक कांस्टेबल और होम गार्ड का एक जवान भी कार के भीड़ में घुसने के कारण जान गंवाने वाले लोगों में शामिल हैं। सैटेलाइट पुलिस थाना निरीक्षक के.वाई. व्यास ने कहा, देर रात (शेष पेज 9)

बृजभूषण सिंह को मिली नियमित जमानत

● डब्ल्यूएफआई के निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर की जमानत अर्जी भी मंजूर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मानसून सत्र के पहले दिन संसद से बाहर आते बृजभूषण शरण सिंह

दिल्ली की एक अदालत ने महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बृहस्पतिवार को नियमित जमानत दे दी।

अदालत ने डब्ल्यूएफआई के निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर की जमानत अर्जी भी मंजूर कर ली। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल सिंह ने कहा, मैं कुछ शर्तों के साथ 25,000 रुपए के एक मुचलके पर जमानत मंजूर करता हूं। अदालत ने आरोपी को अनुमति के बगैर देश से बाहर न जाने और मामले में गवाहों को कोई प्रलोभन न देने का भी निर्देश दिया। दिल्ली पुलिस ने छह बार के सांसद के खिलाफ 15 जून को भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से हमला या आपराधिक बल प्रयोग करना), 354ए(यौन उत्पीड़न), 354डी (पीछा करना) और 506 (आपराधिक भयादोहन) के तहत आरोपपत्र दाखिल किया था।

अदालत ने दिन में, सिंह और तोमर की जमानत अर्जियों पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। न्यायाधीश ने आरोपियों के वकीलों, अभियोजन और शिकायतकर्ताओं की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान, दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रहे सरकारी वकील ने अदालत से कहा कि आरोपियों पर कानून के मुताबिक मुकदमा चलाया जाए और राहत दिए जाने पर कुछ शर्तें लगाई जाएं। अदालत ने जब अभियोजक से पूछा कि क्या वह जमानत याचिका का विरोध कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा, मैं न तो विरोध कर रहा हूं और न ही समर्थन कर रहा हूं।

उन्होंने अदालत से कहा, अर्जी का निस्तारण कानून और न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसार किया जाना चाहिए। शिकायतकर्ताओं की ओर से पेश हुए वकील ने अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी बहुत प्रभावशाली है। उन्होंने अदालत से कहा, जमानत नहीं दी जानी चाहिए। यदि इसकी अनुमति दी जाती है, तो कड़ी शर्तें लगाई जानी चाहिए। समय-समय पर गवाहों से संपर्क किया गया है, हालांकि कोई खतरा नहीं है। आरोपी के वकील ने अदालत से कहा कि वह सभी शर्तों का पालन करेंगे।

झूठ पर झूठ बोल रही सीमा, जांच एजेंसियों की पुलिस संग बैठक

पाक नागरिक को एक-दो दिन में किया जा सकता है गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अवैध रूप से घुसपैठ कर भारत आई पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर के झूठ की परतें जांच एजेंसियों के सामने खुलती जा रही हैं। पाकिस्तान से आने और ग्रेटर नोएडा पहुंचने तक उसकी एक बात भी सच नहीं निकली है। एजेंसियां हैरान हैं कि वह कैसे इतने आत्मविश्वास के साथ लोगों के साथ-साथ पुलिस, प्रशासन और केंद्रीय जांच एजेंसियों को बरगला रही है। दो दिन तक एटीएस की पूछताछ के बाद बृहस्पतिवार को जांच एजेंसियों के अधिकारियों ने नोएडा पुलिस के साथ बैठक ही है। सूत्रों का कहना है कि सीमा हैदर को एक-दो दिन में गिरफ्तार किया जा सकता है। सीमा के पास से अलग-अलग नाम के दो पासपोर्ट, अलग-अलग डेट ऑफ बर्थ वाले डॉक्यूमेंट के अलावा एक टूटा फोन मिला है।

आधिकारिक सूत्र ने बताया कि सीमा हैदर और उसके कथित प्रेमी सचिन मीणा से दो दिन की पूछताछ के नतीजों को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार सुबह नोएडा पुलिस के साथ बैठक की। जहां उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते ने जहां युगल से दो दिनों तक पूछताछ की, वहीं नोएडा पुलिस अलग से इस मामले की जांच कर रही है। नोएडा पुलिस ने अभी आरोप पत्र दाखिल नहीं किया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि सीमा के वास्ते फर्जी आधार कार्ड बनवाने के लिए सचिन ने कौन से पहचान पत्र जमा किए थे। अधिकारी ने कहा कि पुलिस जांच चल रही है, और जांच प्रक्रिया पूरी होने तथा सबूत एकत्र होने के बाद मामले में आरोप पत्र दायर किया जाएगा। पाकिस्तान के सिंध प्रांत की रहने वाली सीमा हैदर 13 मई को बस से नेपाल के रास्ते अपने चार बच्चों के साथ अवैध रूप से भारत में दाखिल हुई थी। उसका कहना है कि वह अपने भारतीय प्रेमी सचिन मीणा के साथ रहने आई थी, जो ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा इलाके में रहता है।

स्थानीय पुलिस ने चार जुलाई को सीमा को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया था और सचिन को अवैध प्रवासियों को शरण देने के लिए गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, उन दोनों को सात जुलाई को एक स्थानीय अदालत ने जमानत दे दी थी और वे अपने चार बच्चों के साथ रबूपुरा इलाके के एक घर में रह रहे हैं। सीमा ने यह भी कहा है कि वह पाकिस्तान वापस नहीं जाना चाहती और सचिन के साथ रहना चाहती है। उसने यह भी दावा किया कि वह हिंदू बन गई है।

नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में नहीं हुई शादी

नोएडा। नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में सीमा और सचिन ने शादी का दावा किया है, लेकिन, पशुपतिनाथ मंदिर में शादी होती ही नहीं है। इससे उसका यह दावा भी झूठ निकला है। सीमा हैदर ने यूपी के सोनौली बॉर्डर से नहीं, बल्कि सिद्धार्थनगर के रूपनहडेही-खुनवा बॉर्डर से भारत में प्रवेश किया था। केंद्रीय एजेंसियों की जांच में यह खुलासा हुआ है। यही नहीं, सीमा की सचिन से पहली बार बात 2020 में हुई थी, जबकि सीमा ने 2019 से एक-दूसरे के संपर्क में होने की बात कही थी। इसके अलावा शुरुआती जांच में यह भी खुलासा हुआ कि नेपाल में न्यू विनायक होटल के कमरा नंबर 204 में सीमा हैदर और सचिन फर्जी नाम और पते के साथ रहे थे।

सार्वजनिक स्थलों पर पूजा और नमाज पर लगी रोक

- मुहर्रम, अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता, किसानों के प्रदर्शन और प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर प्रशासन ने लगाई धारा-144
- जरूरी होने पर पुलिस कमिश्नर, अडिशनल कमिश्नर से लेनी होगी अनुमति

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर में सार्वजनिक स्थानों पर पूजा और नमाज जैसे धार्मिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए धारा-144 लगा दी है। पुलिस ने कहा है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर पूजाए नमाज समेत किसी भी धार्मिक गतिविधि की इजाजत नहीं होगी। आदेश के मुताबिक, जरूरी होने पर पुलिस कमिश्नर, अडिशनल कमिश्नर से अनुमति लेनी होगी। ये आदेश 20 जुलाई से 3 अगस्त तक 15 दिन के लिए प्रभावी रहेगा।

एडिशनल डीसीपी लॉ एंड ऑर्डर हृदयेश कठेरिया की ओर से यह आदेश जारी किया गया है। पुलिस ने बताया है कि आने वाले दिनों में मुहर्रम, अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता, किसानों के प्रदर्शन और प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है।

आदेश में कहा गया है कि सीपी, एडिशनल सीपी या डीसीपी से पूर्व आदेश के बिना सार्वजनिक स्थान पर पांच से अधिक लोग एकत्रित नहीं हो सकते हैं या जुलूस आदि नहीं निकाल सकते हैं। सरकार की ओर से अनुमति प्राप्त कार्यक्रमों के लिए इस नियम में ढील दी जा सकती है। सरकारी दफ्तरों के एक किलोमीटर के दायरे में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध है। वीडियो रिकॉर्डिंग के लिए भी पुलिस से इजाजत लेनी होगी।

बच्चे को बरामद कर लौटाई खुशी

गाजियाबाद। रहस्यमय हालात में 11 जुलाई को लापता हुए 11 वर्षीय बच्चे को साहिबाबाद थाने के एसएचओ मुनेंद्र सिंह की टीम ने सकुशल बरामद कर उसे उसके परिजनों के सुपूर्द कर दिया। इससे बच्चे व उसके परिजनों के चेहरों पर मुस्कान आ गई।

इस संदर्भ में एसीपी साहिबाबाद भास्कर वर्मा ने बताया कि जिस दिन बच्चे के लापता होने की तहरीर साहिबाबाद थाना पुलिस को मिली थी पुलिस ने उसी दिन सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके बच्चे की बरामदगी के लिये कई टीम गठित कर दी थी।

संक्षिप्त समाचार

कूड़ा कलेक्शन को लेकर नगर आयुक्त ने ली क्लास

गाजियाबाद। नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने बृहस्पतिवार को विजयनगर जोन के कई वार्ड में निरीक्षण किया। जिन वार्डों का निरीक्षण किया इनमें वार्ड नंबर 14,55,51,3,13 शामिल हैं। दरअसल नगर आयुक्त ने हाल ही में विजयनगर जोन के कई पार्षदों से वार्ता कर समस्याएं सुनी थीं। इसी को लेकर नगर आयुक्त गुरुवार सुबह निरीक्षण पर निकले। इस दौरान नगर आयुक्त को डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली गाड़ी गैराज में खड़ी मिली। यहां नगर आयुक्त ने स्टाफ की जमकर क्लास ली।

दिन निकलते ही महिला से लूटपाट

गाजियाबाद। साहिबाबाद थाना क्षेत्र के गांव अर्थला गांव में रहने वाली सोमवती देवी नामक महिला को दिन निकलते ही लूट लिया। लुटेरों ने गंभीर रूप से घायल भी कर दिया। उसके बाद पुलिस ने लूट की शिकार हुई महिला से तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज कर ली। उसके बाद पुलिस ने लूट करने वाले बदमाशों को आईडेंटीफाई करने की कवायद शुरू कर दी। महिला के कुंडल लूटने वाले बदमाश पुलिस की पकड़ में आ गये हैं।

सोड़ा मिलाकर बेची जा रही थी बीयर

गाजियाबाद। गाजियाबाद में आबकारी विभाग ने मिलावटी बियर बनाकर बेचने का पर्दाफाश किया है। ये गोरखधंधा बियर शॉप के ठीक बराबर में हो रहा था। आशंका है कि बियर शॉप के संचालक/सेल्समैन की इसमें मिलीभगत थी। फिलहाल बियर शॉप सील कर दी गई है। 12 बोतल मिलावटी बियर बरामद की गई हैं। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि खोड़ा थाना क्षेत्र के लोकप्रिय विहार में बियर शॉप है। इसके ठीक बराबर में एक दुकान पर आबकारी इंस्पेक्टर मनोज शर्मा की टीम ने छापा मारा। दो सेल्समैनों को हिरासत में लिया है।

एनटीपीसी दादरी सीएसआर को सम्मान

नोएडा। एनटीपीसी दादरी सीएसआर को प्राथमिक शिक्षा क्षेत्र में परिवर्तन एवं सुधार करने और उल्लेखनीय योगदान के लिए ऑपरेशन कायाकल्प के तहत प्रशंसा.पत्र से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ के हाथों से एनटीपीसी दादरी की कार्यपालक सीएसआर नीधि मेहरा को लोकभवन में कार्यक्रम में प्रदान किया।

गौतमबुद्धनगर विवि में इकिगाई

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर विश्वविद्यालय ने हिल इंडिया मूवमेंट और हिल टोकियो जापान की संस्थापक नूपुर तिवारी ने इकिगाई द ह्यूमन साइड ऑफ द बुद्धा विषय पर एक सत्र का आयोजन किया। नूपुर तिवारी एक माइंडफुलनेस और योगा ट्रेनर के साथ मोटिवेशनल स्पीकर भी हैं। वह ज्ञान साझा और उस ज्ञान को पारस्परिक आदान-प्रदान जापान और भारत के शैक्षणिक संस्थानों को जोड़ने के लिए एक पारस्परिक मंच बनाने के विचार के साथ भारत का दौरा कर रही हैं।

एसटीपी प्लांट से फैक्ट्रियों को मिलेगा पानी

गाजियाबाद। गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में एसटीपी प्लांट का काम तेजी से चल रहा है। ये काम करीब 50 फीसदी पूरा हो गया है। बुधवार को नगर आयुक्त नितिन गौड़ ने साइट का दौरा किया। इस प्लांट से साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया-4 के उद्योगों को जलापूर्ति की जाएगी। सीवरेज के पानी को ट्रीटमेंट करके उद्योग कार्यों हेतु उपयोगी बनाया जाएगा। अगले साल अप्रैल तक ये काम पूरा कर लिया जाएगा।

अवैध रूप से शराब बिक्री, एक आरोपी गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में स्थित एक होटल के पास अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में आबकारी विभाग ने बुधवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आबकारी निरीक्षक आशीष पांडे ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे, तभी उन्हें सूचना मिली कि थाना बादलपुर क्षेत्र में स्थित आरोही होटल के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है। छापा मारकर राहुल को गिरफ्तार किया गया।

दलित युवक को पीटा, मामला दर्ज

नोएडा। नोएडा में तीन लोगों द्वारा एक दलित युवक की कथित रूप से पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। थाना बीटा-दो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि बबली ने बुधवार रात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका बेटा नट की मढैया चौराहे पर बेलदारी का काम करने गया था, लेकिन जब वह वहां पहुंचा तो एक कार में सवार होकर मल्ला, सचिन तथा लेखराज नामक तीन लोग वहां आए, जिन्होंने उसके बेटे को जातिसूचक शब्द कहे।

कार को मारी टक्कर, फिर चालक को बोनट पर घुमाया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर में एक युवक ने बुधवार की रात तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक कार को टक्कर मार दी। युवक ने विरोध किया तो उसे पहले पीटा और फिर अपनी गाड़ी के बोनट पर लटकाकर सड़क पर घुमाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।थाना फेस-3 के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि गाजियबाद निवासी प्रवेश कश्यप बुधवार रात करीब 10 बजे वैगनआर कार में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ चार मूर्ति जा रहा था।

डीएस चौराहे पर पीछे से ब्रेजा कार चालक ने वैगनआर कार में टक्कर मार दी। हादसे में वैगनआर कार में बैठे बच्चे को हल्की चोट भी आ गई। वैगनआर चालक विरोध करने के लिए ब्रेजा कार के सामने बोनट के पास आकर खड़ा हो गया। इस दौरान दोनो में बहस हो गई और ब्रेजा कार चालक ने कश्यप की पिटाई कर दी और उसे अपनी कार के बोनट पर घसीटते हुए काफी दूर तक ले गया। इस दौरान सड़क पर जाम लग गया। वहीं खड़े किसी युवक ने इसका एक वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

गाजियाबाद में धरा गया दिल्ली पुलिस का फर्जी दरोगा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने गुरुवार को दिल्ली के फर्जी सब इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया है। वह लोगों से सब इंस्पेक्टर बनकर रुपए ऐंठता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान 49 वर्षीय योगेश कुमार शर्मा के रूप में हुई है। वह मूल रूप से शामली जिले में कंडेला गांव का रहने वाला है और फिलहाल बागपत जिले के गोठरा गांव में रहता है। आरोपी से दिल्ली पुलिस सब इंस्पेक्टर की पांच वर्दी, शोल्डर बैज, बेल्ट, फर्जी आई कार्ड बरामद हुआ है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी योगेश शर्मा 10वीं पास है। पढ़ाई पूरी करने के बाद उसने ड्राइविंग सीखी और दिल्ली में प्राइवेट बस चलाने लगा, लेकिन घाटा हो गया और उसने बाद में लोगों से ठगी शुरू कर दी।

उसने दिल्ली पुलिस की कई वर्दियां सिलवा ली। गाजियाबाद के लोनी, ट्रोनिका सिटी, लोनी बॉर्डर क्षेत्र में विवादित जमीनों में डरा-धमकाकर लोगों से पैसा वसूलने लगा।

हिंडन की बाढ़ से सिटी फॉरेस्ट समेत कई क्षेत्र अभी भी जलमग्न

- एहतियात के तौर पर पार्क को किया गया बंद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

यमुना के बाद अब हिंडन नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। हिंडन के किनारे बसी कॉलोनी और गांवों में पानी आने लगा है। गाजियाबाद का सिटी फॉरेस्ट पार्क पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। यहां बड़ी संख्या में लोग घूमने के लिए आते हैं। एहतियात के तौर पर पार्क को बंद कर दिया गया है। सिटी फॉरेस्ट में चलने वाली बोटिंग, जंगल सफारी, फूड कोर्ट और बच्चों के अन्य मनोरंजन के साधन बंद हो गए हैं। वजह ये है कि ये पानी से लबालब भर गया है। कई जगह पर कई-कई फुट पानी भरा है। पार्क के कर्मचारी कुलदीप कुमार ने बताया कि पानी बढ़ने की वजह से पार्क बंद कर दिया गया है। पार्क की हर पॉकेट में पानी भरा हुआ है। इसलिए गेट पर ताला लगा दिया है, ताकि कोई अंदर न आए और हादसे का शिकार न हो। उधर, सिटी फॉरेस्ट फिलहाल बंद हो जाने से यहां काम करने वाले ठेकेदारों को नुकसान होने लगा है। उनका कहना है कि हर साल यही दिक्कत होती है। प्रशासन को सिटी फॉरेस्ट डूबने से बचाने के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए। इस मांग को लेकर वे गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष से मुलाकात करेंगे। सिटी फॉरेस्ट के अलावा हिंडन नदी का पानी गांव सुराणा तक पहुंच गया है। यहां की कई कॉलोनियों में पानी भरने से तमाम दिक्कतें पैदा हो गई हैं।

गाजियाबाद की कई कॉलोनियों में भरा है बाढ़ का पानी। फाइल फोटो

ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर लाखों का चूना लगाया

नोएडा। नोएडा में साइबर ठगी के तीन अलग-अलग मामलों में अपराधियों ने लोगों से लाखों रुपए ठग लिए। थाना बिसरख में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि हैबतपुर गांव में रहने वाले अनिल कुमार शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है कि अज्ञात साइबर ठगों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर उससे 5, 30,060 रूपए ठग लिए। इसी थाना क्षेत्र की एक सोसाइटी में रहने वाली विनीता सिंह ने भी शिकायत दर्ज कराई कि कुछ साइबर ठगों ने अंशकालिक नौकरी देने नाम पर उनसे 9,55,987 रूपए ठग लिए। शशिकांत पराशर नाम के एक अन्य व्यक्ति ने अपराधियों द्वारा उससे 2,20,000 रुपए ठगे जाने की शिकायत दर्ज कराई है।

अस्पतालों में लगातार बढ़ रहे मरीज

- बरसात के कारण तेजी से फैल रहे संक्रामक रोग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

इन दिनों बारिश का मौसम चल रहा है। सरकारी अस्पतालों में इन दिनों मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है, क्योंकि जगह-जगह जलभराव और गंदगी होने से संक्रामक रोगों का प्रकोप शुरू हो गया है। मक्खी-मच्छरों के पनपने से लोग डायरिया, वायरल, आंखों का संक्रामण, त्वचा रोग, पेट दर्द, एलर्जी जैसी समस्याओं से पीड़ित हो रहे हैं।

जिला संयुक्त अस्पताल से लेकर जिला अस्पताल में इन दिनों सामान्य से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। अस्पताल में मरीजों को भर्ती करने की जगह भी कम पड़ने लगी है। सामान्य दिनों में दोनों अस्पतालों में जहां दो से तीन हजार की ओपीडी होती है, वहीं अब यह संख्या पांच हजार को भी पार कर चुकी है। हाल ही में राजनगर एक्सटेंशन की एक सोसायटी में कई दर्जन लोग संक्रामक बीमारियों की चपेट में आ गए थे। जहां उचित जलनिकासी न होने और पीने के पानी में बारिश के कारण गंदा पानी चले जाने से लोग बीमारियों की चपेट में आ गए। ऐसे में मौसम को देखते हुए लोगों से साफसफाई से लेकर पीने के पानी को लेकर एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि संक्रामक रोगों की चपेट में आने से बचा जा सके। वरिष्ठ फिजिशयन डॉ आरपी सिंह ने बताया कि बरसात के मौसम में मक्खी-मच्छर सहित अन्य बैक्टीरिया तेजी से फैलते हैं। सब्जियों में भी बड़े पैमाने पर कीड़े लग जाते हैं जिनके सेवन से लोग पेट संबंधी बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। इन दिनों विशेषकर पीने के पानी में लापरवाही बरतना भारी पड़ सकता है।

बरतें सावधानी : बीमारियों से बचने के लिए लोगों को खान-पान से लेकर सफाई को लेकर भी विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। पानी का जलजमाव न होनें दें ताकि मच्छर न पनप सकें।



सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि लेफ्टिनेंट कर्नल अमित लांबा और श्रीमती रितु लांबा गरकल ने नसीरपुर, द्वारका नई दिल्ली में स्थित निर्मित डीडीए फ्लैट नंबर 79-सी, द्वितीय तल, पॉकेट-6, साइट-2, फेज-I, श्रेणी एमआईजी, एसडीएम द्वारा दिनांक 24.06.2023 को जारी दिवंगत लेफ्टिनेंट कर्नल सतीश कुमार लांबा (सेवानिवृत्त) के जीवित सदस्य प्रमाण पत्र के आधार पर मालिक एवं कब्जेदार होने का दावा किया है। अब लेफ्टिनेंट कर्नल अमित लांबा और श्रीमती रितु लांबा गरकल उक्त संपत्ति को वनलालियन वुएलज़ोंग को बेच रहे हैं जिन्होंने वित्तीय सहायता के लिए आईडीबीआई बैंक लिमिटेड से संपर्क किया है इसलिए उक्त बैंक के पास गिरवी रखना होगा। हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति को स्वामित्व और/या उक्त संपत्ति को बंधक बनाने के बारे में या उसके किसी भी भाग के संबंध मे कोई दावा/आपत्ति है या आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के पक्ष में उक्त संपत्ति का कोई हिस्सा है तो उसे इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 10 दिनों के भीतर नीचे दिए गए उल्लेखित पते पर दस्तावेजी साक्ष्य के साथ अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करने का अनुरोध किया जाता है, ऐसा न करने पर, ऐसे व्यक्तियों के दावे को मुक्त और/या परित्यक्त माना जाएगा और हमारा मुवक्किल उक्त संपत्ति पर ऋण के संवितरण और उसके संबंध में इसे बंधक रखने की प्रक्रिया करेगा।

For Juris NextGen Law Offices
E-56, LGF, Greater Kailash Enclave Part-1
New Delhi-110048

PUBLIC NOTICE

This is to inform the General Public that my client Smt. Urmil Kapoor W/o Late Shri G.L. Kapoor R/o E-7, Preet Vihar Delhi-110092 has resolved all her disputes against her son Kapil Kapoor and it is further settled that her son Kapil Kapoor is the owner of Entire Property Bearing No.E-7, comprising of Basement, Ground Floor, First Floor, Second Floor and above with roof rights situated at Preet Vihar Delhi-110092 and he is free to sell the said property to any person(s) as he may like without my interference and he is further authorized to receive the consideration from the prospective buyer in his own name.

Sahil Arora
Advocate & Legal Advisor
Enrol No.: D/2186/2019 Off No.107
F/F, M.S.Chambers, Aruna Park
Laxmi Nagar, Delhi-110092

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि फ्लैट सं. 202, द्वितीय तल, के-1 भवन, 412, एमजी रोड, ओल्ड डीएलएफ, गुरुग्राम, माप 1000 वर्ग फीट के 40 प्रतिशत हिस्से की स्वामिनी (स्व.) श्री बलदेव राज वर्मा द्वारा इसकी वसीयत के आधार पर श्री यथरथ वर्मा को हस्तांतरित किया जा रहा है और आगे वह अपने पौत्र, श्री यथरथ वर्मा हेतु इच्छुक है। यदि किसी व्यक्ति को इस हस्तांतरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना की तिथि से 30 दिनों के भीतर मकान नं0 1276, सेक्टर 19-बी, चंण्डीगढ़ पर आपत्ति से संबंधित प्रमाण के साथ लिखित में सूचित करने का निवेदन किया गया है।

जारीकर्ता : यथरथ वर्मा (स्वयं)
दिनांक : 21-07-2023
मोबाईल नं. 9878871969

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./1560/2021
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 17328
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
आजाद सिंह

सेवा में,
(3) मैसर्स सिद्धार्थ
बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड
आर/ओ दुकान नंबर 1 और 4, लोकल शॉपिंग सेंटर, पुष्प विहार, मदनगीर, नई दिल्ली-110062, इसके प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से
(बिल्डर)
.....प्रतिवादी सं. 3

सम्मन
जबकि, ओए/1560/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 06-04-2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,20,53,122/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 11-09-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 21-04-2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टावर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110007

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि वीरपाल सिंह/हेमा सिंह (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीयूआर00004928648 तथा पता यूनिट नंबर 5-005, टावर 5, दि सेरेनास विलेज धुनेला, सेक्टर-36, सोहना जिला, गुरूग्राम के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।
बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 11 जनवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि स्टरनल बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।
कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।
दिनांकित : 21 जुलाई, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./-

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टावर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110007

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि राजेश कुमार/ज्योति (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीयूआर00002949269 तथा पता यूनिट नंबर 6-211, द्वितीय तल, टावर 6, "ग्रैंडीवा", स्थित सेक्टर-103, गुरूग्राम" के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।
बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 29 दिसम्बर, 2021 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि जेएमके होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।
कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।
दिनांकित : 21 जुलाई, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./-

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी
[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

क्र. सं.	कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि (रु. में)	सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	मीनाक्षी पांडे (कर्ज़दार), गीता पांडे (सह-कर्ज़दार) LBDEL00002081323, LBFDB00005250172	फ्लैट नंबर 3093, 9वीं मंजिल टॉवर 3, एटीएस टूरमैलीन सेक्टर 109, गुड़गाँव। क्षेत्रफल 2150 वर्ग फुट	रु. 1,76,49,783/- (जुलाई 14, 2023 तक)	रु.1,50,50,000/- / रु. 15,05,000/-	अगस्त 19, 2023 को सु. 11:00 बजे से दोप. 12:30 बजे तक	सितंबर 01, 2023 को दोप. 12:00 बजे से दोप 01:00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ता

सिरे नहीं चढ़ पाई विधानसभा को पेपरलेस बनाने की योजना

केंद्र ने एलजी से हस्तक्षेप कर 20 करोड़ बजट वाली राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन परियोजना में तेजी लाने को कहा

● वर्ष 2015 में आई थी विधानसभा को पेपरलेस बनाने की योजना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्र सरकार से फंड की मंजूरी के बाद भी विधानसभा को पेपर नहीं नहीं किया जा सका है। दिल्ली विधानसभा को छोड़कर देश की सभी 37 विधानसभाओं-परिषदों ने सदन को राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन से लैस कर दिया गया है। इस परियोजना में हो रही देरी को देखते हुए संसदीय कार्य मंत्रालय के सचिव ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप करने को कहा है। साथ ही इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार की ओर से मुहैया कराए गए फंड का इस्तेमाल करने को कहा है।

केंद्र के पत्र पर संज्ञान लेते हुए उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (कानून, न्याय एवं विधि मामले) को उचित कार्रवाई के लिए पत्र भेज दिया है। इससे पहले फरवरी में संसदीय कार्य मंत्रालय ने दिल्ली के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर यह परियोजना लागू करने को कहा था।

अपने पत्र में उन्होंने कहा था कि इसके लिए केंद्र सरकार 100 फीसदी फंड दे रही है। इसमें विधानसभा के डिजिटलाइजेशन के लिए मेंटेनेंस, अपग्रेडेशन, एप्लीकेशन के लिए कस्टमाइजेशन, कैपेसिटी बिल्डिंग, क्लाउड डिप्लॉयमेंट चार्ज और सिक्योरिटी ऑडिट के लिए चार्ज भी शामिल है।

इस मामले में उपराज्यपाल कार्यालय ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2015 में यह परियोजना आई थी। इसके तहत देश की सभी विधानसभाओं में कामकाज को डिजिटल और पेपरलेस बनाना था। लेकिन 8 साल बीत जाने के बावजूद अब तक दिल्ली विधानसभा में इसे लागू नहीं किया गया। दिल्ली विधानसभा देश की एकमात्र ऐसी विधानसभा है जहां ई-विधान एप्लीकेशन परियोजना को लागू करने की दिशा में अब तक कोई शुरुआत तक नहीं की गई है।

दिल्ली सरकार ने 20 करोड़ की लागत से इस परियोजना को विकसित करने का संकल्प लिया था। लेकिन हकीकत यह है कि साढ़े चार साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद यह परियोजना जमीन पर उतर नहीं पाई है।

विधानसभा के अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने वर्ष 2020 को दिल्ली सरकार के कानून मंत्री कैलाश गहलोत को लिखे अपने पत्र में यह स्वीकार किया था कि विधानसभा को तत्काल डिजिटलाइजेशन की जरूरत है और इससे विधानसभा को पेपरलेस करने के अलावा अन्य और कई फायदे होंगे। हालांकि, दिल्ली सरकार 2019 से इस परियोजना को रोक रखी है।

चलती बाइक पर चालक को लगाया गले, जुर्माना

नई दिल्ली। चलती बाइक की पेट्रोल टंकी पर बैठकर महिला द्वारा दुपहिया चालक को गले लगाने का वीडियो वायरल होने के बाद दिल्ली यातायात पुलिस ने चालक पर 11,000 रुपए का जुर्माना लगाया है। वीडियो में युवक को बाइक चलाते और महिला को पेट्रोल टंकी पर चालक की ओर मुंह करके बिना हेलमेट के बैठे और चालक को गले लगाते हुए देखा जा सकता है। दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को ट्वीट में कहा, खतरनाक तरीके से दुपहिया वाहन चलाने के वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए दिल्ली यातायात पुलिस ने अपराधी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

गरीब परिवारों को मुफ्त चीनी देगी सरकार

नई दिल्ली। गरीब परिवारों को मुफ्त चीनी मिलेगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में कैबिनेट ने मुफ्त चीनी उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सरकार के इस महत्वपूर्ण कदम का उद्देश्य गरीब परिवारों के सामने आने वाली कठिनाइयों को कम करना है और सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

सरकार ही इस पहल से एनएफएसए राशन पीडीएस लाभार्थियों को अप्रैल 2020 से नवंबर 2020 तक मुफ्त वितरित किया गया था। इसे बाद में मई 2021 से मई 2022 तक बढ़ा दिया गया था।

जिम में ट्रेडमिल पर करंट लगने से बहुराष्ट्रीय कंपनी के प्रबंधक की मौत

● ट्रेडमिल के उपयोग के दौरान बिजली का करंट लगने से हुई दर्दनाक दुर्घटना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली।

सक्षम पिछले तीन से चार महीनों से इस जिम में जा रहे थे।

रोहिणी स्थित सेक्टर-15 इलाके में जिम में ट्रेडमिल में उतरे करंट की चपेट में आने से बहुराष्ट्रीय कंपनी के प्रबंधक की मौत हो गई। इस मामले में जिम मालिक अनुभव दुग्गल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस उपायुक्त (रोहिणी) गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने बताया कि बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल के अधिकारियों ने रोहिणी सेक्टर-19 निवासी सक्षम प्रुथी की मौत के बारे में पुलिस को सूचना दी। प्रुथी को जिम से बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया था। जांच से पता चला कि वहां ट्रेडमिल के उपयोग के दौरान बिजली का झटका लगने से उसकी मौत हो गई।

घटना के समय जिम में मौजूद केशव नामक युवक ने कहा कि सक्षम व्यायाम कर रहा था और सुबह करीब 7.15 बजे वह आराम के लिए दो ट्रेडमिल के बीच बैठा, लेकिन वह गिर गया। जब केशव ने पीड़ित को उठाने की कोशिश की तो उसे भी करंट का झटका लगा, इसके बाद उसने किसी तरह बिजली का स्विच बंद कर दिया। सक्षम को बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिकी में कहा गया है कि जिम अनुभव दुग्गल द्वारा चलाया जा रहा है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की जांच की, तो पता चला कि सक्षम व्यायाम कर रहा था, वह ट्रेडमिल पर बैठा था और ऐसा प्रतीत होता है कि उसे बिजली का झटका लगा और वह मशीन पर गिर पड़ा।

फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला टीम को मौके पर बुलाया गया, जिसने बताया कि ट्रेडमिल के लौह अंगों में बिजली का करंट दौड़ रहा था। डीसीपी सिद्धू ने बताया कि के एन काटजू मार्ग पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 287 और धारा 304ए के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। सक्षम के पिता महेश प्रुथी ने कहा कि उनके बेटे ने दिल्ली से बी.टेक किया था और गुरुग्राम में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में नौकरी कर रहा था। घटना वाले दिन सुबह सक्षम के फोन से फोन आया था। उसे बिजली का झटका लगा है। सक्षम ने आपातकालीन संपर्क के रूप में मेरा नंबर दर्ज कर रखा था, जिसकी वजह से जिम में मौजूद लोग मुझसे संपर्क कर पाए। महेश ने कहा, पहले वह रोहिणी सेक्टर-19 के सरोज अस्पताल और बाद में मधुबन चौक गया, लेकिन मुझे बताया गया कि वे उसे बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल ले गए हैं। जब वह वहां पहुंचे तो डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि सक्षम की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई है।

पिता ने कहा, सक्षम को जून में कंपनी में प्रबंधक के पद पर पदोन्नत किया गया था। जिम में सक्षम के सहकर्मियों ने हमसे मुलाकात की और उन्हें बताया कि करीब तीन दिन पहले एक और व्यक्ति को भी बिजली का झटका लगा था, और तीन महीने पहले भी ऐसी ही घटना हुई थी। कई लोगों ने जिम प्रबंधन से इसकी शिकायत की थी।

मणिपुर के दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई

महिला आयोग की अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को पत्र लिख की मांग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मणिपुर में महिलाओं के साथ दरिंदगी के खिलाफ नई दिल्ली में बृहस्पतिवार को प्रदर्शन करती महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता। फोटो : रंजन डिमरी

दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मणिपुर में हिंसा को रोकने और दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने एवं उनका कथित रूप से यौन उत्पीड़न करने वाले लोगों को गिरफ्तार करने के लिए कदम उठाने की मांग की।

मालीवाल ने कहा कि उनकी योजना मणिपुर जाकर पीड़िताओं उनके परिवारों तथा डर के साए में रह रही अन्य महिलाओं एवं लड़कियों से मिलने और बात करने की है। उन्होंने कहा कि चार मई को हुई घटना के वीडियो ने देश को स्तब्ध कर दिया है और इंसानियत को तार-तार कर दिया है। यह जानकर दुःख हुआ कि प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद, इस जघन्य अपराध के पीड़ितों को न्याय नहीं मिला है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष ने पत्र में कहा, तथ्य यह है कि ऐसी घटना हुई और अपराधी ढाई महीने से ज्यादा वक्त से फरार हैं। यह राज्य में कार्वाई करने और न्याय दिलाने की तत्काल जरूरत को गंभीर रूप से दर्शाता है। चार मई का यह वीडियो सामने आने के बाद से मणिपुर के पहाड़ी क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री से यह सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया कि अधिकारी वीभत्स घटना के आरोपियों को पकड़ने की प्रक्रिया में तेजी लाएं।

पीएम के पास मणिपुर जाने का समय नहीं : आतिशी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनकी परेड कराने की घटना को बृहस्पतिवार को भयावह बताया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि

उनके पास विदेश यात्रा पर जाने का तो वक्त है लेकिन हिंसा प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य जाने के लिए उनके पास समय नहीं है। दिल्ली की महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के पास मणिपुर जाने का समय नहीं था। उन्होंने 19 मई को जापान, 21 मई को पापुआ गिनी, 22 मई को ऑस्ट्रेलिया, 20 जून को अमेरिका और फिर फ्रांस और यूएई का दौरा किया। लेकिन वह मणिपुर नहीं गए। यहां तक कि मणिपुर से आया एक प्रतिनिधिमंडल भी उनका इंतजार करता रहा लेकिन वह उनसे नहीं मिले।

अध्यादेश पर संविधान पीठ करेगी सुनवाई

● एलजी और सरकार की दलील सुनने के बाद पीठ ने कहा- यह मामला संविधान पीठ को भेजेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● ग्रुप ए अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती को प्राधिकरण बनाने पर है विवाद

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से सेवाओं का नियंत्रण छीनने वाले केंद्र के हालिया अध्यादेश के खिलाफ प्रदेश सरकार की याचिका पर फैसले के लिए बृहस्पतिवार को इसे संविधान पीठ के पास भेज दिया।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि मामले को बड़ी पीठ को सौंपने का विस्तृत आदेश आज दिन में शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना और दिल्ली सरकार की तरफ से क्रमशः पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे व अभिषेक सिंघवी की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद पीठ ने कहा, हम इसे संविधान पीठ को भेजेंगे।

सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए। शीर्ष अदालत ने हाल ही में दिल्ली में सेवाओं पर नियंत्रण संबंधी अध्यादेश पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार करते हुए याचिका पर केंद्र और उपराज्यपाल को नोटिस जारी किया था। केंद्र ने 19 मई को दिल्ली में ग्रुप-ए अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती के लिए एक प्राधिकरण बनाने के वास्ते राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अध्यादेश, 2023 लागू किया था, जिससे अरविंद केजरीवाल सरकार के साथ टकराव शुरू हो गया था।

आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने इसे भूमि, सार्वजनिक व्यवस्था और पुलिस के क्षेत्रों को छोड़कर सेवाओं का नियंत्रण शहर की सरकार को सौंपने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के साथ छलावा करार दिया।

विनेश व बजरंग को ट्रायल से छूट देने के मामले में मांगा जवाब

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का संचालन करने वाली तदर्थ समिति से पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया को एशियाई खेलों के ट्रायल से छूट देने का आधार बताने को कहा। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने फोगाट और पुनिया को सीधे प्रवेश के खिलाफ अंडर-20 विश्व चैंपियन अंतिम पंघाल और अंडर-23 एशियाई चैंपियन सुजीत कलकल की याचिका पर सुनवाई करते हुए खेल निकाय को दिन के दौरान अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा। न्यायाधीश ने मामले को शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा, अगर यह (चयन का आधार) उचित और निष्पक्ष तरीका है, तो मामला यहीं खत्म हो जाता है।

गीतिका शर्मा आत्महत्या मामले में फैसला 25 को

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली।

विमान परिचारिका गीतिका शर्मा को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में 25 जुलाई के दिल्ली की अदालत फैसला सुनाएगी। इस मामले में हरियाणा के पूर्व मंत्री गोपाल गोयल कांडा मुख्य आरोपी है। विशेष न्यायाधीश विकास ढल को बृहस्पतिवार को इस मामले में फैसला सुनाना था ,लेकिन उन्होंने मामले को 25 जुलाई के लिए स्थगित कर दिया। शर्मा कांडा की विमानन कंपनी एमएलडीआर में विमान परिचारिका थी, बाद में उसे कांडा की एक कंपनी में पदोन्नत करके निदेशक नियुक्त किया गया था। वह पांच अगस्त 2012 को उत्तर पश्चिम दिल्ली के अशोक विहार में अपने आवास में मृत पाई गई थी। शर्मा के पास से बरामद चार अगस्त की तारीख वाले सुसाइड नोट में लिखा था कि कांडा तथा अन्य व्यक्ति के उत्पीड़न से परेशान होकर वह आत्महत्या कर रही है। कांडा तत्कालीन भूपेन्द्र सिंह हुड्डा नीत कांग्रेस सरकार में प्रभावशाली मंत्री था। आत्महत्या के संबंध में मामला दर्ज होने के बाद उसे गृह राज्य मंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

झुग्गी बस्ती के लोगों की परेशानियां बढ़ीं

नई दिल्ली। यमुना का जलस्तर घट रहा है लेकिन पुराने यमुना पुल के पास रह रहे, बाढ़ प्रभावित झुग्गी बस्ती के लोग अपने अनिश्चित भविष्य को लेकर चिंतित हैं। संपत्ति के नुकसान के बाद मूलभूत सुविधाओं की कमी का सामना कर रहे झुग्गी बस्ती के निवासी स्वच्छता और बिजली जैसी बुनियादी चीजों की मांग को लेकर जिला प्रशासन के चक्कर लगा रहे हैं। कानून की पढ़ाई के इच्छुक और एलएलबी प्रवेश परीक्षा के लिए किताबें खरीदने में अपनी बचत का एक-एक पैसा खर्च करने वाले शकूरुद्दीन बुरी तरह से टूट गए हैं क्योंकि उनकी सभी पाठ्यपुस्तकें बाढ़ के पानी में बह गईं। सरकारी स्कूल में 12वीं कक्षा के इस छात्र ने को बताया, उसके पिता रिक्शा चालक हैं और मां घरेलू सहायिका के रूप में काम करती हैं।

पायलट और उसका पति न्यायिक हिरासत में

● घरेलू सहायिका को कथित रूप से प्रताड़ित करने के मामले में अदालत की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका में नाबालिग घरेलू सहायिका को कथित रूप से प्रताड़ित करने के मामले में शहर की एक अदालत ने पायलट और उसके पति को दो अगस्त तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि दंपति को कथित रूप से पीटने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

महिला पायलट पूर्णिमा बागची के घर में 10 साल की बच्ची घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी। पूर्णिमा और उसका पति कौशिक बागची कथित रूप से बच्ची को मारते-पीटते थे, जिसके बाद बुधवार को बच्ची के रिश्तेदारों सहित गुस्से से भरी भीड़ ने दंपति की पिटाई कर दी थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पूर्णिमा को बुधवार को अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे दो अगस्त तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

पुलिस ने बताया कि कौशिक बागची को बृहस्पतिवार को अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे दो अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बृहस्पतिवार को दिन में अधिकारियों और फॉरेंसिक मनोवैज्ञानिकों ने कौशिक से विस्तृत पूछताछ की थी। कौशिक एक निजी विमानन कंपनी में ग्राउंड स्टाफ के रूप में काम करता है। ऐसी सूचना मिली है कि बच्ची दंपति के घर में पिछले दो महीने से काम कर रही थी। उसने बताया कि बच्ची के एक रिश्तेदार ने देखा कि पूर्णिमा और उसका पति उसे मार रहे थे।

बाद में गुस्से से भरी भीड़ ने दंपति की पिटाई कर दी। एक कथित वीडियो में भीड़ को दंपति को पीटते हुए देखा जा सकता है।

कुछ महिलाओं को आरोपी महिला को थप्पड़ मारते और उसके बाल खींचते हुए भी देखा जा सकता है। पूर्णिमा और उसके पति की कथित रूप से पिटाई करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उसने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान जितन सिंह, गुड्डू और अनिल के रूप में हुई है।

संक्षिप्त समाचार

आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों की मजबूत होगी नींव

नई दिल्ली। आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों की अब मजबूत होगी नींव। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को आंगनवाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों के लिए ईसीसीई किट (खेल पिटारा) लांच किया। इस खेल पिटारा किट में खेल सामग्री, खिलौने और सरक्षरता संबंधी संसाधनों को शामिल किया गया है। इसमें मैनुअल की सुविधा भी है, जो प्रत्येक सामग्री के इस्तेमाल को लेकर विस्तार से मार्गदर्शन करेगा। त्यागराज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम ने कहा कि ज्यादातर गरीब लोग अर्ली चाइल्डहुड शिक्षा के लिए अपने बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में भेजते हैं, जबकि अमीर लोग क्रेच में भेजते हैं। वह इन दोनों के बीच के अंतर को खत्म करना चाहते हैं। आंगनवाड़ी में बच्चों को वैसा ही वातावरण देना चाहते हैं, जैसा निजी क्रेच में मिलता है। इस दौरान एक वीडियो के जरिए खेल पिटारा की खूबियों के बारे में बताया गया।

विकसित राष्ट्र बनने में डीयू छात्रों का होगा अहम योगदान

नई दिल्ली। भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी.आर. शंकरानंद ने कहा कि भारत का नेतृत्व मॉडल अहंकार का स्वरूप नहीं बल्कि विश्व गुरु का है। शंकरानंद दिल्ली विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा शुरू किए गए एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) नामक नए प्रोग्राम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने में डीयू के छात्रों का अहम योगदान होगा। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के इंटरनेशनल बिजनेस (आईबी), ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट (एचआरडी) और बिजनेस एनालिटिक्स (बीए) के नए दाखिल हुए एमबीए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। बी.आर. शंकरानंद ने एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) प्रोग्राम के शुरू करने को लेकर कहा कि इस प्रोग्राम के शुरू करने में नेतृत्व का अहम योगदान है।

संकाय अनुसंधान कार्यक्रम के लिए कर सकते हैं आवेदन

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए अपने विभिन्न विभागों और केंद्रों के संकाय सदस्यों से अल्पकालिक अनुसंधान प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। इस संकाय अनुसंधान कार्यक्रम के अतंर्गत विश्वविद्यालय ने अनुसंधान प्रस्ताव का पुनरीक्षण करने के बाद चयनित अभ्यर्थियों को अधिकतम पांच लाख रुपए की वित्तीय सहायता मुहैया कराने की योजना बनाई है। दिल्ली विश्वविद्यालय ने कहा, विश्वविद्यालय अपने अनुसंधान विभाग का समर्थन और उसमें विस्तार की प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए इंस्टिट्यूशन ऑफ एमिनेंस (आईओबी) योजना के तहत वर्ष 2023-24 के लिए विश्वविद्यालय विभागों और केंद्रों के संकाय सदस्यों से अल्पकालिक अनुसंधान प्रस्ताव (एक वर्ष की अवधि के लिए) आमंत्रित करता है। दिल्ली विश्वविद्यालय, संकाय सदस्यों से व्यक्तिगत तौर पर या फिर दिल्ली विश्वविद्यालय के किसी भी कॉलेज सहित विश्वविद्यालय के भीतराबाहर के अन्य शोधकर्ता (एक सहयोगी तक) के सहयोग से अनुसंधान प्रस्ताव आमंत्रित करता है। प्रस्ताव दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है और चयन विश्वविद्यालय की प्रस्ताव मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाएगा।

बाढ़ प्रभावित इलाके में पशुओं के स्वास्थ्य की होगी जांच

पशुपालन विभाग ने बनाईं 8 टीमें, पुनर्वास, इलाज और टीकाकरण के आदेश दिए गए : गोपाल राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजघाट परिसर में भरे बाढ़ के पानी को निकालने के लिए जुटे कर्मचारी। (दांए) राहत शिविरों में फॉगिंग करते नगर निगम के कर्मचारी।

बाढ़ का पानी उतरने के बाद प्रभावित क्षेत्र में पशुओं के स्वास्थ्य की जांच होगी। पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के हेल्थ चेक अप के लिए 8 टीमों का गठन किया गया है। साथ ही विभाग द्वारा पशुओं के पुनर्वास, उनके लिए उपयुक्त दवाई और टीका कराने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा पशुओं के देखभाल के लिए पुनर्वास शिविरों के लिए रोटेशन के आधार पर 2 मोबाइल वैन उपलब्ध कराइ गई है। राहत शिविर में नियमित रूप से पर्याप्त पशु चारा भी उपलब्ध कराने को कहा है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया की पिछले कई दिन से बारिश नहीं हो रही है और यमुना नदी का जल स्तर भी धीरे-धीरे कम हो रहा है। लोग अभी भी अपने पशु और सामान लेकर राहत शिविर में है, लेकिन जगह-जगह रुके हुए पानी में बीमारियां पैदा होने की आशंका बढ़ गई है। ठहरे हुए पानी में मच्छर पनप रहे हैं। पशुओं में भी संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका गई है। इसी के चलते पशुपालन विभाग को सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसे पशुओं के पुनर्वास, उनके लिए दवाई और टीका की व्यवस्था के निर्देश दिए गए है।

साथ ही राहत शिविर में नियमित रूप से पर्याप्त पशु चारा भी उपलब्ध कराने और मेडिकल टीम को बाढ़ राहत शिविर में मवेशियों की चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने का भी निर्देश दिया गया है।

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि अब दिल्ली सरकार की कोशिश है कि नियमित रूप से ग्राउंड लेवल जानकारी लेने और आवश्यक बचाव, राहत और पुनर्वास कार्यों के लिए सम्बंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय के लिए कार्य करे ताकि इन राहत शिविरों में रहने वाले लोगों के साथ-साथ मवेशियों को भी किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

यमुना में जलस्तर खतरे के निशान के नीचे पहुंचा

नई दिल्ली। यमुना का जलस्तर बृहस्पतिवार को सुबह 205.33 मीटर के खतरे के निशान से नीचे पहुंच गया और धीरे धीरे ही सही लेकिन जलस्तर के और घटने की उम्मीद है। हालांकि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के आंकड़ों के मुताबिक, सुबह 10 बजे जलस्तर 205.25 मीटर तक पहुंच गया। पिछले दो-तीन दिनों से जलस्तर में मामूली उतार-चढ़ाव देखा गया है। पिछले बृहस्पतिवार को 208.66 मीटर के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद यमुना में जलस्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है। आठ दिनों तक खतरे के निशान के ऊपर बहने के बाद मंगलवार की रात आठ बजे तक जलस्तर खतरे के निशान 205.33 मीटर से नीचे आ गया। बुधवार को सुबह पांच बजे यह घटकर 205.22 मीटर रह गया।

जहां डेंगू मलेरिया के केस मिलेंगे, उन क्षेत्रों में फॉगिंग को दी जाएगी प्राथमिकता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मानसून सीजन में मच्छर जनित बीमारियों डेंगू, मलेरिया तथा चिकनगुनिया से बचाव व रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों से इनसे बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाने का आह्वान किया गया है।

सिविल सर्जन डा. विरेन्द्र यादव ने बताया कि मानसून के मौसम में डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियां अधिक फैलती है। ऐसे में जरूरी है कि इन

प्राइवेट अस्पताल एवं लैब में डेंगू व चिकनगुनिया की जांच के लिए 600 रुपए के चार्ज निर्धारित

बीमारियों से बचाव को लेकर पहले से ही आवश्यक कदम उठाएं जाएं। सिविल सर्जन ने बताया कि मानसून सीजन के दौरान जिलावासियों विशेषकर बच्चों को डायरिया व अन्य जल जनित बीमारियों से

बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं जाने अत्यंत आवश्यक है। मलेरिया, डेंगू तथा चिकनगुनिया बीमारियों के लक्षण के बारे में जानकारी देते हुए सिविल सर्जन ने बताया कि मलेरिया फैलाने वाला एनोफलिस मादा मच्छर खड़े पानी में पनपता है। वह रात को काटता है। मलेरिया की रोकथाम के लिए सभी लोगों को चाहिए कि वे या तो मच्छर पैदा ना होने दें और पैदा हो जाए तो उससे मच्छरदानी या मच्छर भगाने की क्रीम अथवा रिपैलेंट लगाकर स्वयं को बचाएं। इसी प्रकार डेंगू फैलाने वाला एडीज मादा मच्छर दिन में काटता है और साफ पानी में पनपता है। एक घर में डेंगू होने पर उसके सदस्यों व आस-पास के क्षेत्रों मे डेंगू होने का खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि चिकनगुनिया जानलेवा नहीं है, यह वायरल बुखार की तरह ही होता है जिसमें जोड़ो में दर्द होता है।

फॉगिंग को दी जाएगी प्राथमिकता

सिविल सर्जन ने कहा कि जिला में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पूर्व की तरह फॉगिंग करवाई जाएगी, लेकिन इस दौरान जहां पर भी इससे प्रभावित मरीज मिलेंगे उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। डॉ. यादव ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि वे सप्ताह में एक बार कूलर के पानी को पूरी तरह खाली करके उसे सुखाएं। इसी प्रकार, घर के पास टूटे हुए मटकों, गमलों, फूलदानों, टायरों आदि में पानी इकट्ठा ना होने दें।

निजी अस्पतालों में टेस्ट के रेट निर्धारित

उप सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश ने बताया कि जिला में सभी प्राइवेट अस्पतालों तथा लैब में डेंगू व चिकनगुनिया की जांच के लिए 600 रुपए के चार्ज निर्धारित किये हैं। वहीं चिकनगुनिया के आरटीपीसीआर टेस्ट के लिए 1000 रुपये निर्धारित किये गए हैं।

मानेसर पॉलीटेक्निक के इस साल अब तक 275 विद्यार्थियों को मिली नौकरी

गुरुग्राम जिला के मानेसर स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक के कंपनियों द्वारा नौकरी के लिए चयन किए गए विद्यार्थी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

राजकीय बहुतकनीकी (पॉलीटेक्निक) संस्थान मानेसर ने इस वर्ष छात्रों की कैंपस से ही नौकरी लगवाने में बड़ा स्थान हासिल किया है। इस वर्ष अब तक 275 छात्र-छात्राओं का विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियों में चयन हो चुका है। जिसमें अधिकतम पैकेज 7.47 लाख प्रतिवर्ष तक दिया गया है। संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी नीरज कुमार व मनीषा ने बताया कि इस वर्ष विभिन्न बड़ी कंपनियों मारुति, शापूर जी पलोन जी, इलानप्रो, डिकैथेलोंन, एलएनटी, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक, आदित्य बिड़ला ग्रुप, हैवेल्स इंडिया व लेंसकार्ट ने कैंपस ड्राइव में हिस्सा लिया। 40 छात्रों का 4 लाख 50 हजार रुपये, 15 छात्रों का साढ़े तीन लाख रुपये समेत करीब 220 छात्रों का ढाई से साढ़े तीन लाख रुपये के पैकेज पर चयन हुआ है।

पॉलिटेक्निक डिप्लोमा रोजगार का अच्छा माध्यम : संस्थान के प्राचार्य राजेश कुमार जिंदल ने बताया कि 10वीं के पश्चात पॉलिटेक्निक का डिप्लोमा ही सबसे अच्छा रोजगार

40 छात्रों का साढ़े चार लाख रुपये सालाना के पैकेज पर हुआ चयन

प्राप्त करने का माध्यम है। सभी कंपनियों में डिप्लोमा के छात्रों की मांग होने की वजह से मानेसर संस्थान के दाखिले समय पर हो जाते हैं। इस वर्ष ज्यादा पैकेज पर नौकरी लगने की वजह से इस बार संस्थान की दाखिले की कट ऑफ और ऊपर जाने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि हरियाणा सरकार के राजकीय बहुतकनीकी संस्थानों में प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने व उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने वाले डिप्लोमा कोर्स करवाए जा रहे हैं। डिप्लोमा के लिए प्रति वर्ष मात्र 6500 की फीस निर्धारित की गई है। हरियाणा सरकार व प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए विभिन्न योजनाए भी चलाई जा रही हैं।

पर्यावरण का संरक्षण करना भी हो हमारा धर्म : नवीन गोयल

अधिक से अधिक पेड़, पौधे लगाकर परम्परा को आगे बढ़ाएं

स्वस्थ रहने को स्वच्छ पर्यावरण हम सबकी पहली जरूरत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल की ओर से अग्रसेन वैश्य समाज सभा पंजीकृत सेक्टर-45 संस्था के साथ मिलकर क्षेत्र में पौधारोपण अभियान चलाया गया। सेक्टर के सामुदायिक केंद्र में अनेक पेड़-पौधे लगाकर इस कार्य की सभी को प्रेरणा दी गई।

इस अवसर पर अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि जिस तरह से हम अपने दूसरे कार्यों को अपना धर्म मानकर करते हैं, उसी तरह से हम पर्यावरण का संरक्षण करने को भी अपना धर्म मानें। इस धर्म की रक्षा हम पेड़ लगाकर कर सकते हैं।

गुरुग्राम के सेक्टर-45 में पौधारोपण करते नवीन गोयल व अन्य।

उन्होंने अग्रसेन वैश्य समाज सभा के पदाधिकारियों व सदस्यों का इस बात के लिए आभार जताया कि वे समय-समय पर पर्यावरण के प्रति अच्छी सोच रखते हुए ऐसे कार्यक्रमों, अभियानों में अग्रणी रहते हैं।

उन्होंने कहा कि हमारा गुरुग्राम कंक्रीट का जंगल तो बन गया है, लेकिन यहां हरे जंगल की कमी महसूस की जा रही है। इस कमी को दूर करके हमें प्रकृति का बैलेंस बनाना है।

इस अवसर पर प्रधान रतन लाल गुप्ता, महासचिव प्रमोद गुप्ता के अलावा सदस्य बलबीर सिंह गुप्ता, सुभाष चंद्र गोयल, राजीव अग्रवाल, अशोक बंसल, शिव कुमार गोयल, अशोक सोलंकी, देवेंद्र सोलंकी, विजयपाल यादव, मंगतू राम समेत अनेक लोगों की मौजूदगी रही।

हमारा किसी से कोई विवाद नहीं: नवीन गोयल

नवीन गोयल ने एक वायरल वीडियो में अपने ऊपर लगे आरोपों पर कहा कि वायरल वीडियो में युवक द्वारा लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि आज तक उनका व बड़े भाई डा. डीपी गोयल का किसी से किसी तरह का कोई विवाद या झगड़ा नहीं है। बेबुनियाद आरोप लगाने वाले शख्स को वे ना तो जानते हैं और ना ही उससे कभी मिले हैं। उन्होंने कहा कि हमने गुरु द्रोणाचार्य में किसी तरह का कोई कब्जा नहीं किया। कैनविन आरोगय धाम में एमआरआई मशीनों को चढ़ाने के लिए प्रिंसिपल से अनुमति लेकर रास्ता लिया था, बाद में हमारे द्वारा ही उसे बंद कर दिया गया। कैनविन आरोगय धाम के उद्घाटन समारोह के लिए भी प्राचार्य की अनुमति ली गई थी, जिसमें हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय मुख्य अतिथि थे।

निगम चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए जुट जाएं: गार्गी कक्कड़

नगर निगम चुनाव को लेकर बैठक लेते भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़।

गुरुग्राम। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ व जिला संयोजक कुलदीप यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक, सह संयोजक, विधानसभा संयोजक, मंडल संयोजक की बैठक भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई।

जिला मीडिया प्रभारी अजीत यादव के मुताबिक बैठक में जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने आगामी चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी का एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रकोष्ठ है, आप सभी पदाधिकारी अपने विधानसभा, मंडल एवं वार्ड अनुसार अपने क्षेत्र में सक्रियता से जुड़ जाएं, ताकि आगामी नगर निगम चुनाव, लोकसभा या विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय हो। जिला अध्यक्ष ने स्थनीय निकाय प्रकोष्ठ को दोनों निगम के सर्वे करने का भी काम सौंपा है। बैठक में जिला महामंत्री महेश यादव, स्थानीय निकाय के जिला संयोजक कुलदीप यादव पार्षद, सह- संयोजक योगेश खटाना, बादशाहपुर विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश ठाकरान, गुरुग्राम विधानसभा संयोजक हंसराज कसाना, पटौदी विधानसभा संयोजक विजयपाल, सोहना विधानसभा के संयोजक तरुण जुनेजा, धर्मेंद्र कुमार, राजेश सैनी, ओमवीर सिंह, राजकुमार राणा सहित अन्य उपस्थित रहे।

ई-वाहन के लिए तीन दिन में जमा कराएं स्वामित्व प्रमाण पत्र

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

पटौदी उपमंडल के वह सभी इलेक्ट्रिक वाहन मालिक जिन्होंने 10 जुलाई 2022 से 21 जून 2023 तक इलेक्ट्रिक वाहन खरीदें हैं, अगर वे इलेक्ट्रिक वाहन पॉलिसी का लाभ लेने के इच्छुक हैं तो अगले तीन दिनों के अंदर अपना स्वामित्व प्रमाण पत्र जमा करवाना सुनिश्चित करें। पटौदी के एसडीएम एवं वाहन पंजीकरण के लिए अधिकृत रजिस्ट्रिंग अथॉरिटी संदीप अग्रवाल ने बताया कि जरूरी दस्तावेजों की बताया कि इलेक्ट्रिक व्हीकल वाहन मालिक अपने-अपने वाहन की रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी (एमवी) पटौदी से जारी आरसी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक व वाहन खरीद करते समय डीलर द्वारा दिये गये वाहन के दस्तावेज की छाया प्रति उपमंडल अधिकारी (ना0) एवं रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी (एमवी) पटौदी में जमा कराएं। एसडीएम ने कहा कि इच्छुक व्यक्ति अपने दस्तावेज तीन दिन के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में सुबह 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक वाहन स्वामी स्वयं या उसका कोई भी प्रतिनिधि जमा करवा सकता है। एसडीएम ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा जारी की गई निर्धारित समय अवधि उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला में शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए 7 अगस्त से चलेगा मिशन इंद्रधनुष

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को बीमारियों से बचाव के लिए केंद्र सरकार मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम शुरू कर रही है। गुरुग्राम जिला में यह अभियान 7 अगस्त से 12 अगस्त तक चलेगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए गुरुवार को एडीसी हितेश कुमार मीणा ने अधिकारियों के साथ बैठक की।

एडीसी हितेश कुमार मीणा ने मिशन इंद्रधनुष को सफलतापूर्वक चलाने के लिए स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, जन स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय और टीम वर्क की भावना से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मीजल्स रूबेला यानी खसरा की बीमारी मुक्त समाज के निर्माण के लिए सरकार निरंतर धरातल पर गंभीर प्रयास कर रही है।

एडीसी ने बताया कि जिले में 7 अगस्त से टीकाकरण के लिए मिशन इंद्रधनुष शुरू होने जा रहा है। इस अभियान के तहत टीकाकरण से

वंचित रहे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को विशेष तौर पर लाभान्वित किया जाएगा। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार इसी माह के अंत तक टीकाकरण से वंचित रहे बच्चों की सूची तैयार की जाएगी।

एडीसी ने बताया कि 6 कार्य दिवस हैं, जिसमें पूरे जिले को कवर करना है। इसमें नियमित टीकाकरण दिवस भी शामिल होंगे। अभियान के तहत 5 वर्ष तक के लेफ्ट आउट और ड्रॉप आउट बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं जिनकी वैक्सीन की डोजेज छूट गई है, उनको शामिल किया जाएगा। बैठक में एडीसी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल स्तर पर खसरा से जुड़ा कोई भी केस संज्ञान में आए तो इसकी सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग को भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों व प्ले स्कूलों की रिपोर्ट पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी वर्कर्स आशा वर्कर और एएनएम आपसी समन्वय से कार्य करेंगी तो परिणाम और बेहतर आएंगे।

आमजन स्वयं भी कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन : बैठक में सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि अब आमजन टीकाकरण के लिए यू-विन पोर्टल पर स्वयं भी अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके अलावा आशा वर्कर प्रिमोड व एएनएम ऑन साइट भी रजिस्ट्रेशन कर सकेंगी।

मानेसर को 66 करोड़ रुपये की 28 परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार : सुंदर लाल यादव

जिला की 34 में से अकेले मानेसर को मिली 28 परियोजनाओं की सौगात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा मानेसर नगर निगम के विभिन्न गावों को 66 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देकर क्षेत्र के गांवों का समग्र विकास करने का रास्ता साफ किया है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने डिजिटली जब इन परियोजनाओं की घोषणा की तो स्वतंत्रता सेनानी हॉल भी क्षेत्र के लोगों की तालियों से गूंज उठा। मौके पर कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता की मौजूदगी में इन परियोजनाओं का शिलान्यास करके काम को आगे बढ़ाने के प्रति आश्वस्त किया। सरपंच सुंदर

गुरुग्राम में विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास समारोह के बाद जानकारी देते मंत्री जेपी दलाल, साथ में विधायक सत्यप्रकाश जरावता, सरपंच सुंदर लाल यादव। फाइल फोटो।

लाल के मुताबिक जिन परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है, उनमें गांव नैनवाल, नखडोला, कासन, फाजलवास, बामडोली, कुकडोला, नवादा फतेहपुर और उनका पैतृक गांव सिकंदरपुर बढ़ा सहित सहरावन में बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण, गेट का निर्माण व चाहर दिवारी, राइजिंग मेन, सम वेल, पंप हाउस व बिजली के कार्य शामिल हैं। इसके अलावा गांव बढ़ा नवादा, सिकंदरपुर, भांगरोला, नैनवाल व कासन गांव में सीवरेज नेटवर्क का निर्माण, स्ट्रीट लाइट, इंडोर स्टेडियम जैसी पूरी हो चुकी अन्य विभिन्न परियोजनाएं शामिल हैं। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता की क्षेत्र के विकास की सोच के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी क्षेत्र पर सदा मेहरबान रहते हैं। इन विकास परियोजनाओं से विरोधियों को भी करारा जवाब दिया गया है। राजनीतिक विरोधी मानेसर नगर निगम को लेकर जो अनाप-शनाप बातें करते थे, अब इन विकास परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद उनको और अच्छा जवाब मिल जाएगा। सबका साथ सबका विकास की सोच के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल जिस तरह से विकास को गति दे रहे हैं, वह ऐतिहासिक है।

सोहना व आस पास के गांवों में हुई दूषित पानी की आपूर्ति

सोहना। शहर में छठे दिन भी पेयजल आपूर्ति में दूषित पानी आया। बाजार में फिल्टर पानी की बोतले बिक्री करने वाले चांदी कूट रहे है। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को पेयजल आपूर्ति में दूषित पानी न होने का आश्वासन दिया था। लेकिन गुरुवार की सुबह मिट्टीयुक्त पानी आने से नागरिकों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई। सुबह 5 बजे से 7 बजे तक अलग-अलग वार्डों में होने वाली पेयजल आपूर्ति में दूषित पानी को देख नागरिक बाजार में दुकानें खुलने का इंतजार करने लगे। ताकि बाजार से शुद्ध पानी लेकर आए और नाश्ता व खाना बनाएं। लेकिन बाजार में पीने बोतल बंद पानी की मांग बढ़ने से दुकानों पर कमी हो गई। उसके बाद गली मौहल्लों में टंकियां भरकर सप्लाई करने वाले टैम्पुओं से 20-20 लीटर वाली पानी की बोतले खरीदी। जनस्वास्थ्य विभाग ने घामडौज में बना वाटर ट्रिटमेंट प्लांट पर जमा नहरी पानी के शुद्धारीकरण में ऐढ़ी-चोटी का जोर लगा रहे है।

परिषद की जेसीबी एक साल से फांक रही धूल, आज तक नहीं तलाश पाई ऑपरेटर

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

शहर की साफ-सफाई से लेकर गंदे व बरसाती नालों की समय-समय पर सफाई के उद्देश्य से खरीदी गई जेसीबी पिछले करीब एक साल से धूल फांक रही है।

बीते एक साल में परिषद जेसीबी चालक ऑपरेटर नहीं तलाश पाई है। एक तरफ शहर के शहर में गंदे व बरसाती नालों की समय पर सफाई न होने के कारण शहर में मामूली बरसात होने पर जलभराव की समस्या बन जाती है।

वहीं दूसरी तरफ नगर परिषद द्वारा लाखों रुपये खर्च करके खरीदी गई जेसीबी पिछले एक साल से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में शौ पीस बनकर खड़ी है। जिसके चलाने के लिए नगर परिषद प्रशासन आज तक ऑपरेटर उपलब्ध नहीं करा सकी है। जबकि शहर में बरसाती व गंदे पानी के नालों की सफाई का ठेका तत्काल में ठेका छोड़कर लाखों रुपये की राशि दुरुउपयोग किया जा रहा है। जेसीबी

सोहना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में खड़ी धूल फांक रही नगर परिषद की जेसीबी।

> **ऑपरेटर** न होने के कारण जेसीबी को चलाया नहीं जा सकता। उससे पूर्व रहे अधिकारियों ने जेसीबी ऑपरेटर नियुक्ति के लिए उच्चाधिकारियों से बात नहीं की।
>
> **(विक्की सिंह-एक्सइएन नप)**

> **नगर** परिषद अपने पास मौजूद संसाधनों का उपयोग करेगी। परिषद द्वारा खरीदी गई जेसीबी का उपयोग करने के उद्देश्य से ऑपरेटर की नियुक्ति की जाएगी। जिसके लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर मांग की गई है।
>
> **(निशा शर्मा-कार्यकारी अधिकारी नप)**

होने के बावजूद नाले व कूडे के ढेरियों की सफाई के नाम पर ठेका छोड़े जा रहे है। हाल ही में नगर परिषद ने गंदे व बरसाती नालों की सफाई के लिए जनहित की आढ़ में 35 लाख रुपये का ठेका छोड़ा है।

पंजाब से बिहार ले जायी जा रही 1000 से अधिक शराब की पेटी गुरुग्राम पुलिस ने पकड़ी

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस ने भारी अवैध शराब से भरे ट्राले समेत दो आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। तलाशी ली गई तो पुलिस भी चौंक गई।

गुरुग्राम पुलिस की गिरफ्त में अवैध शराब लेकर पंजाब जा रहे ट्राला के आरोपी चालक-परिचालक।

ट्राले में 1000 से अधिक अवैध शराब की पेटियां भरी हुई थी। पेटियों को जौ के कट्टों से छिपाया गया था। पुलिस ने ट्राले को कब्जे में ले लिया। इस सफलता में 9 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की अहम भूमिका रही। जानकारी के अनुसार गुरुवार को अपराध शाखा सेक्टर-31 प्रभारी निरीक्षक आनंद व उनकी टीम को अवैध शराब की सप्लाई को लेकर एक गुप्त सूचना मिली थी। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने धरपकड़ की योजना तैयार की। छापेमारी की टीम गठित करके गांव लांगड़ा के निकट कुंडली-मानेसर एक्सप्रेस व नाकेबंदी की। इस दौरान बादली-झज्जर की तरफ से आने वाले एक ट्राले को रुकवाया। इसके बाद उसकी तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर सूचना पुख्ता निकली। पुलिस को उसमें अवैध शराब की पेटियां बरामद हुई। ट्राले में 351 पेटी बोलतें, 343 पेटी अध्धे व 1361 पेटी पव्वे सहित अंग्रेजी शराब की कुल 1055 पेटियां व 190 जौ के कट्टे मिले। पुलिस टीम द्वारा गाड़ी के चालक व परिचालक से ट्राला में भरी शराब से संबंधित लाईसेन्स व परमिट मांगा, लेकिन वे कोई वैध लाईसेन्स व परमिट नहीं दिखा पाए।

ए.सी.ई.एस,जलवायु परिवर्तन और डिजिटलाइजेशन भारतीय वाणिज्यिक वाहन उद्योग के लिए महत्वपूर्ण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सीआईआई इंडियन कमर्शियल व्हीकल कॉन्क्लेव का दूसरा संस्करण आज गुरुग्राम में हुआ, जहां प्रमुख व्यवसायी भारतीय वाणिज्यिक वाहन (सीवी) क्षेत्र को आकार देने वाले परिवर्तनकारी मेगा रुझानों पर प्रकाश डालने के लिए एकत्र हुए। टाटा मोटर्स लिमिटेड के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री गिरीश वाघ ने कहा कि ए.सी.ई.एस., क्लाइमेट चेंज और डिजिटलाइजेशन भारतीय कमर्शियल वाहन क्षेत्र में एक बड़ा रूझान है। श्री वाघ ने बताया कि पैसेंजर कार सेग्मेंट की तरह ए.सी.ई.एस अर्थात ऑटोनॉमस, कनेक्टेड, इलेक्ट्रिक और शेयर्ड मोबिलिटी ने वाणिज्यिक वाहनों के लिए भी महत्व हासिल कर लिया है और वाणिज्यिक वाहन एक्पर्टस ए.सी.ई.एस. को ध्यान में रखते हुए अपनी उत्पाद रणनीतियां तैयार कर रहे हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए, सी.आई.आई. उत्तरी क्षेत्र के चेयरमेन और ल्यूमैक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के

सीएमडी श्री दीपक जैन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि मेक इन इंडिया, एन.ई.एम.एम.पी., बी.एस.-6 उत्सर्जन मानदंड और वाहन स्क्रैपेज पॉलिसी सहित भारत सरकार द्वारा की गई पहल ने सामूहिक रूप से देश में कमर्शियल वाहनों के विनिर्माण, बिक्री और उपयोग को प्रोत्साहित किया है।

श्रीमती अंजलि सिंह, चेयरपर्सन, सी.आई.आई. हरियाणा और एग्जिक्यूटिव चेयरपर्सन, आनंद ग्रुप ने अपने संबोधन में कहा कि यह क्षेत्र विश्व स्तर पर बड़े पैमाने पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और भारत इसका अपवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन पूरे उद्योग में व्यापक है और इसका अधिकांश हिस्सा इंडस्ट्री 4.0 और संपूर्ण वैल्यू चेंज के निरंतर डिजिटलाइजेशन द्वारा संचालित किया जा रहा है।

एस.आई.ए.एम के प्रसिडेंट,और वी.ई. कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री विनोद अग्रवाल ने भारतीय कमर्शियल वाहन क्षेत्र द्वारा इंटरनेशनल सस्टेनेबिल्टी स्टेंटर्ड को तेजी से अपनाने की सराहना की। इसमें वैकल्पिक ईंधन का उपयोग, सुरक्षा मानकों पर अधिक ध्यान और ड्राइवर की सुविधा और वाहन कनेक्टिविटी के संदर्भ में आधुनिकीकरण शामिल है।

सफल बेटियां होंगी रॉल मॉडल, छात्राओं को बताएंगी सफलता की कहानी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

सफल बेटियों की कहानी के माध्यम से सरकारी स्कूलों में छात्राओं को सफलता की सीढ़ियां चढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सरकारी स्कूलों में रोल मॉडल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सफल हुई बेटियां रोल मॉडल के तौर पर भाग लेंगी। जो छात्राओं को अपनी सफलता की कहानी बताएंगी। वह बताएंगी कि किस तरह से कामयाबी के लिए उन्होंने संघर्ष किया है और आज एक सफल जीवन व्यतीत कर रही हैं। जिला विज्ञान विशेषज्ञ राजेश कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से बेटियों में आत्मविश्वास को बढ़ाने तथा उनके मार्गदर्शन के उद्देश्य से इस कार्यक्रम के आयोजन का निर्णय लिया गया है। शिक्षा विभाग की ओर से पलवल जिले के 68 माध्यमिक विद्यालयों में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

नाम अप्रुवल के पश्चात मिलेगा बजट : खंड अनुसार स्कूलों की संख्या निर्धारित करके बीईओ से स्कूलों व रोल मॉडल के नाम मांगे गए हैं। नाम आने के पश्चात जिला परियोजना संयोजक कार्यालय की तरफ से नामों को अतिरिक्त उपायुक्त से अप्रूव कराकर मुख्यालय को भेजा जाएगा। इसके पश्चात मुख्यालय की तरफ से बजट जारी किया जाएगा।

इन सफल बेटियों को किया जाएगा आमंत्रित : विभाग के मुताबिक खेल, सेना, प्रशासनिक व अन्य क्षेत्रों में कामयाबी हासिल करने वाली बेटियों को रोल मॉडल के तौर पर कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा।

इसमें मुख्य रूप से आर्मी, पुलिस, लोको पायलट, वायुसेना, एयरहोस्टेस, इंजीनियर, बस चालक, खिलाड़ी बेटियों को आमंत्रित किया जा सकता है। इसके अलावा दसवीं व बारहवीं में खंड स्तर पर तथा स्नातक व स्नातकोत्तर में अव्वल रहीं बेटियों, यूपीएससी, एचपीएससी, नीट, जेईई में सफल हुई बेटियों को आमंत्रित किया जाएगा।

खाद्य व आपूर्ति विभाग ने छापा मार गैस की कालाबाजारी का किया भंडाफोड़

39 कमर्शियल और एक घरेलू सिलेंडर बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

क्राइम ब्रांच पलवल ने खाद्य व आपर्ति विभाग के साथ गैस की कालाबाजारी का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच पलवल प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद इलियास के अनुसार स्टाफ में तैनात उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम गश्त पर शुगर मिल पलवल मौजूद थी। जहां उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि तिवारी ढाबा बामनीखेडा के पास गैस से भरे कैप्सूल कैंटर गाड़ी से पिकअप मालिक अपनी गाड़ी में रखे सिलेंडरों में गैस भर रहा है। इस बारे में रूपचंद खाद्य आपूर्ति विभाग अधिकारी को सूचित किया गया वा पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर गैस से भरा कैप्सूल कैंटर चालक वा पिकअप चालक को काबू किया।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के उप निरीक्षक रूपचंद द्वारा निरीक्षण किया गया, जिन्होंने पाया कि आरोपियों द्वारा गैस की कालाबाजारी की जा रही है। उन्हें मौके पर गैस से भरा कंटेनर मिला, जिसमें गैस नोजल लगी हुई थी। उस नोजल से पास ही खड़ी पिकअप में भरे सिलेंडरों में अवैध तरीके से गैस भरी जा रही थी। उन्हें पिकअप से 39 कमर्शियल और एक घरेलू सिलेंडर मिला। उनके द्वारा कंटेनर में भरी गैस का वजन मापा गया। जिसका वजन 24,940 किलो मिला।

उन्होंने बताया कि इस तरह गैस की कालाबाजारी कर सरकार को हानि पहुंचाई जा रही थी और आमजन को हानि हो रही थी। इसी के साथ आरोपियों के इस अवैध कार्य से आमजन की जान को भी खतरा है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के उप निरीक्षक रूपचंद द्वारा दी गई। शिकायत पर थाना सदर पलवल ने मुकदमा दर्ज कर टीम द्वारा दोनों आरोपियों मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले कंटेनर चालक राहुल और गुरुग्राम का कृष्ण गिरफ्तार किया है।

कार की टक्कर से बाइक सवार चाचा की मौत, भतीजा घायल

पलवल। अलीगढ़ रोड पर चांदहट थाना के निकट स्विफ्ट डिजायर गाड़ी ने पहले बाइक सवारों में टक्कर मारी, फिर एक व्यक्ति को कुचलता हुआ ड्राइवर गाड़ी समेत फरार हो गया। इस हादसे में बाइक सवार चाचा की मौत हो गई, जबकि भतीजा घायल हो गया। पुलिस ने घायल भतीजे की शिकायत पर कार के ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

चांदहट थाना प्रभारी कैलाश भड़ाना के अनुसार, सुल्तापुर गांव निवासी पंकज ने दी शिकायत में कहा है कि वह और उसका चाचा सतपाल बाइक पर सवार होकर अपने घर से पलवल शहर जा रहे थे। चांदहट थाना के निकट पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी आई और उनकी बाइक में सीधी टक्र मार दी। टक्कर लगने से वह तो साइड में जा गिरा, जबकि उसके चाचा सड़क पर गिरे। इसके बाद कार ड्राइवर रोड पर गिरे उसके चाचा सतपाल को



मृतक का फाइल फोटो

कुचलता हुआ फरार हो गया। नजदीक पुलिस थाना होने के कारण तुरंत पुलिस मौके पर पहुंच गई और वह गंभीर रूप से घायल अपने चाचा को लेकर जिला नागरिक अस्पताल पहुंचा, जहां से उसकी हालत नाजुक देखते हुए दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान उसके चाचा सतपाल की मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना में घायल हुए पंकज की शिकायत पर अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर नंबर के आधार पर उसकी पहचान करने के प्रयास शुरू कर दिए है।

आम नेता नवीन रोहिल्ला ने बाढ़ग्रस्त गांवों में सुनीं समस्या

पलवल। आम आदमी पार्टी नेता डॉक्टर नवीन रोहिल्ला ने अपनी टीम व गांव के लोगों के साथ बाढ़ से ग्रस्त गांव लहरपुर, सतुआगढ़ी, माहोली का दौरा किया। डॉक्टर नवीन रोहिल्ला ने बाढ़ से पीड़ित लोगों के साथ संवाद कर उनकी परेशानियों एवं जरूरतों को समझा।

किसानों की खराब हुई फसलों का जायजा लिया तथा सरकार से मुआवजे की उनकी मांग को सरकार तक पहुंचाने के लिए वचनबद्धता दिखाई। हालात कुछ इस प्रकार से लगे कि बीमारियां फैल सकती है, परंतु वहां की परिस्थितियां देखते हुए लगा कि प्रशासन अभी इस और जागरूक नहीं है। इस अवसर पर उनके साथ सतुआग ?ी से अतर सिंह, करण सिंह, रमेश, महेश कुमार, लक्ष्मण, जगन्नाथ, दीनदयाल, चुन्नीलाल, ओम प्रकाश, भगवान सिंह, मदनलाल, सुंदर, ओम प्रकाश, प्रवीण, लहरपुर से हरीचंद, होशियार, नंदकिशोर, जितेंद्र जी, गंगाराम, शेर सिंह, धर्मेंद्र, दीपक, गंगाराम, हेतराम, खेमचंद, छत्रपाल, हुकम चंद, चंद्रभान, रोहतास, डालचंद, प्यारे लाल, किशोर, नानकचंद, सुखबीर, किशन प्रसाद, खेमचंद, जसवीर, महेंद्र, सुल्तान सिंह, लालचंद, महोली से गोपाल, उदय भान, तेजपाल, महिंदर, वेद राम, नंदू राम डांगी, परशुराम, श्याम सुंदर, डोरीलाल, किशन, नरवीर मौजूद थे।

ई-अधिगम सप्ताह में पलवल ने प्रदेश में प्राप्त किया प्रथम स्थान : नेहा सिंह

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि राजकीय विद्यालयों के अध्यापकों की ओर से विद्यार्थियों को टैब के माध्यम से डिजिटल तरीके से कार्य दिया जा रहा है। इसके लिए सरकार ने ई-अधिगम योजना चलाई हुई है।

टैब के माध्यम से अधिक से अधिक अध्यन करवाने वाले अध्यापक को ई-अधिगम अध्यापक व अध्यापक द्वारा टैब का अधिक से अधिक उपयोग करके दिए गए कार्य को करने वाले विद्यार्थी को ई-अधिगम विद्यार्थी का दर्जा दिया जाता है। इस योजना का सप्ताह वार रिजल्ट भी प्रदर्शित किया जाता है, जिसमें जिलावार रैंकिंग प्रदान की जाती है। जिला पलवल ने नौ से 15 जुलाई तक के ई-अधिगम सप्ताह में टैब का अधिकाधिक उपयोग कर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उपायुक्त नेहा सिंह ने सभी ई-अधिगम अध्यापकों व ई-अधिगम विद्यार्थियों को बधाई दी। उपायुक्त ने

उन्हें भविष्य में इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन कर जिला का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

सीएमजीजीए आश्रय सिंघल ने बताया कि ई-अधिगम योजना के तहत पूरे प्रदेश में सरकार की ओर से राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को अध्ययन और अध्यापन के लिए ई-टेबलेट प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि ई-अधिगम बनने के लिए सभी अध्यापकों और विद्यार्थियों को टेबलेट का प्रत्येक सप्ताह ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करना होता है। कक्षा दसवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों को हिंदी, अंग्रेजी व सामाजिक विज्ञान

उपायुक्त ने दी बधाई, कहा ई-अधिगम के तहत भविष्य में और बेहतर करें प्रदर्शन

पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों को टैबलेट के माध्यम से पढ़ाई करानी होती है और प्रत्येक विद्यार्थी को अध्यापक के द्वारा दिए गए वर्क को टैबलेट के माध्यम से करना होता है।

शिक्षा विभाग की ओर से प्रत्येक सप्ताह ई-अधिगम विद्यार्थी एवं ई-अधिगम शिक्षक का परिणाम जारी किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस सप्ताह पूरे प्रदेश में जिला पलवल ने दोनों ही श्रेणियों में अर्थात ई-अधिगम विद्यार्थी एवं ई-अधिगम शिक्षक के क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल किया हैं। जिला पलवल के सभी अध्यापक एवं विद्यार्थी टेबलेट का काफी अच्छा उपयोग कर रहे हैं, इसके परिणाम स्वरूप ही जिला राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर पाया है।

दो दिवसीय भारतीय पुरोहित परिषद का महामिलन उत्सव हुआ शुरू

फरीदाबाद। सेक्टर-29 के सामुदायिक केंद्र में दो दिवसीय भारतीय पुरोहित परिषद का महामिलन उत्सव-2023 शुरू हुआ और राष्ट्रीय पुरोहित कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की। यह प्रस्ताव गुरुवार को पारित किया गया। दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन एसीपी राजेश चेची और सब इंस्पेक्टर अशोक सैनी ने किया। इस सम्मेलन में त्रिपुरा, आसाम, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, अरुणाचल, मेघालय, भूटान, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, ओडीशा, झारखंड, बिहार, पूर्वी उत्तर-प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा और दिल्ली के श्रीकाली पूजा पुरोहित संगठनों के प्रतिनिधियों ने शिरकत की। उत्सव के संयोजक पंडित तरुण भट्टाचार्य ने बताया कि इस उत्सव में पूर्वोत्तर राज्यों समेत करीब 17 राज्यों से श्रीमहाकाली पूजा के करीब 90 पुरोहित पहुंचे हैं। सभी ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर शिरकत की।

एकॉर्ड अस्पताल के डॉक्टरों ने ब्रेन ट्यूमर का नाक से किया ऑपरेशन

जिले में इस तरह का ऑपरेशन करने वाला पहला अस्पताल बना एकॉर्ड

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में ब्रेन ट्यूमर का नाक के रास्ते सफल ऑपरेशन किया गया है। ऑपरेशन के बाद मरीज की आंखों की रोशनी फिर से लौट आई है। अब वह पूरी तरह स्वस्थ है। इस सफल ऑपरेशन को अस्पताल के न्यूरो सर्जरी डिपार्टमेंट डायरेक्टर डॉ. हिमांशु अरोड़ा की टीम अंजाम दिया। इसके लिए मरीज ने डॉक्टर का आभार व्यक्त किया।

अस्पताल चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय ने सफल ऑपरेशन के लिए टीम को बधाई दी। बदरपुर बॉर्डर निवासी उर्मिला ने बताया कि उनकी धीरे-धीरे आंखों की रोशनी कम हो रही। दिखाई देना काफी कम हो गया था। पास के क्लीनिक में आंखों की जांच कराई तो वहां आंखों में कोई दिक्कत नहीं आई। इसके बाद एमआरआई कराया। जिसमें ब्रेन ट्यूमर की पुष्टि हुई। इसके बाद वह उच्च स्तरीय जांच के लिए एकॉर्ड अस्पताल पहुंची।

वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. हिमांशु अरोड़ा ने उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी। शुरुआत में ऑपरेशन की बात सुन कर लगा दी कि डॉक्टर दिमाग को पहले की तरह पूरा खोल कर ऑपरेशन करेंगे।

डॉक्टर ने समझाया कि घबराने की जरूरत नहीं है। नई तकनीक के माध्यम से यह ऑपरेशन नाक से किया जाएगा और सफल भी रहेगा। ऑपरेशन के बाद जल्द स्वस्थ होकर घर जा सकती है। मरीज की सहमति के बाद डॉ. हिमांशु, डॉ. मनीष और डॉ. विपाशा की टीम ने ऑपरेशन शुरु किया और डेढ़ घंटे चले ऑपरेशन के बाद नाक के रास्ते से ट्यूबर को बाहर निकाल दिया गया। ऑपरेशन के बाद उर्मिला अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। डॉ. हिमांशु अरोड़ा ने कहा कि ब्रेन में पिट्यूटरी ग्रंथि (जिसे हाइपोफिसिस भी कहा जाता है) एक छोटी, मटर के आकार की ग्रंथि है, जो हाइपोथैलेमस के नीचे मस्तिष्क के आधार पर स्थित होती है। उर्मिला के ब्रेन की इस ग्रंथि में एक ट्यूमर हो गया था। जिसकी वजह से दोनों आंखों की देखने की झमता कम हो गई थी। ईएनटी सर्जन के सहयोग से नाक के रास्ते ट्यूमर की सफल सर्जरी की। ऑपरेशन के अगले दिन से ही मरीज की आंखों की रोशनी ठीक होने लगी। यह स्वयं मरीज ने हमें बताया। उन्होंने कहा कि ब्रेन ट्यूमर कोई लाइलाज बीमारी नहीं है।

अवैध हथियार बनाने के सामान सहित आरोपी दबोचे

पलवल। डिटेक्टिव स्टाफ पलवल ने तीन अवैध असला धारकों को अवैध हथियारों के जखीरे सहित गिरफ्तार किया है। इसके अलावा स्टाफ द्वारा हथियार बनाने में प्रयुक्त उपकरण भी बरामद किए गए हैं। अवैध हथियार बनाने वाले आरोपी पर भी शिकंजा कसा है। आरोपी के खिलाफ राजस्थान, पलवल एवं फरीदाबाद में आठ संगीन मामले में दर्ज होने पाए गए हैं।

डिटेक्टिव स्टाफ पलवल प्रभारी उप निरीक्षक हनीश खान के अनुसार तैनात हेड कांस्टेबल मानसिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने सूचना के आधार पर थाना बहीन क्षेत्र अंतर्गत मोटर साइकिल सवार तीन युवकों साहिल उफ चौवन पुत्र युसुफ निवासी शिकारपुर थाना सदर तावडू जिला नूंह, अजरूद्दीन उर्फ काला पुत्र बाबूदीन निवासी शिकारपुर थाना तावडू जिला नूंह व सलमान पुत्र खलील निवासी कोट थाना बहीन जिला पलवल को दो बंदूक सहित गिरफ्तार किया था। थाना बहीन में आरोपीयों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। हेड कांस्टेबल कुतुबुद्दीन के नेतृत्व में गठित जांच इकाई ने बरामद हथियार के पूरे नेटवर्क का खुलासे के लिए आरोपियों को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया। अजरूद्दीन से बंदूक बरामद की।

नशे को दूर रहना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी : एडीसी आनंद शर्मा

पलवल। एडीसी डॉ. आनंद शर्मा ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए सभी को कड़े कदम उठाने की जरूरत है। देश के नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि वह स्वयं व परिवार के साथ-साथ समाज को नशे से दूर रखें। सरकार भी इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है, लेकिन जब तक सभी लोग इसमें अपनी जिम्मेदारी नहीं उठाएंगे तब तक यह प्रयास सफल नहीं हों सकते। नशे की लत का खात्मा करने के संबंध में आमजन टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर-90508-91508 पर संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि सभी विभागों को इसमें आपसी तालमेल व समन्वय से कार्य करने की बहुत आवश्यकता है। नशा हमें शारीरिक व मानसिक दोनों रूप से मारता है। नशा से बचने व नशा छोड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग पलवल की ओर से समय-

नशे की लत का खात्मा करने के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर-90508-91508 पर करें संपर्क

समय पर अन्य विभाग के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। नशे के लिए जितना दवाई काम करती है, उतना ही मनोसामाजिक काउंसलिंग का भी योगदान होता है, क्योंकि नशे को छुड़ाने के लिए व्यक्ति की इच्छा शक्ति बहुत जरूरी है। दवाई तब तक काम करती है, जब तक मरीज की इच्छा शक्ति कमजोर होती है। मनोसामाजिक काउंसलिंग व्यक्ति की इच्छा शक्ति को मजबूत करके उसे नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करती है और नशा छोड़ने में मदद करती है।

संक्षिप्त समाचार

स्कूल में बच्चों ने किया पौधारोपण

फरीदाबाद। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना के सहयोग से गांव टीकरी ब्राह्मण स्थित केआर पब्लिक स्कूल में बच्चों को पौधे वितरण का कार्यक्रम आयोजन किया गया। राखी सिंह जिला कोर्डिनेटर ने बच्चों को पौधे लगाने, उनका नाम रखना, उनकी देखभाल करना आदि बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 200 पौधे को स्कूल के साथ साथ गांव में पौधारोपण कराया गया। स्कूल के मुख्य अध्यापक विनोद पांचाल ने स्कूल के प्रांगण में पौधे लगाए तथा सभी बच्चों को प्रेरित किया कि पर्यावरण संरक्षण में अपनी अपनी भूमिका निभाएं। अपने द्वारा लगाए गए इन पौधों की देखभाल भी करें।

नागरिक अस्पताल पलवल में पीसी पीएनडीटी की हुई बैठक

पलवल। जिला नागरिक अस्पताल के सीएमओ कार्यालय में सिविल सर्जन डॉक्टर एनके गर्ग के दिशा निर्देशन में जिला सलाहकार समिति की पीसी पीएनडीटी की मीटिंग की गई। जिसमें डॉ. कृतिका तंवर ग्यानाकोलोजिस्ट नागरिक अस्पताल पलवल, डॉ. सरफराज, माइक्रोबायोलोजिस्ट, डॉ. वासुदेव बाल रोग चिकित्सक, सोमार्थ एनजीओ के प्रतिनिधि राकेश सिंह तथा पलवल डोनर्स क्लब से अल्पना मित्तल ने भाग लिया । मीटिंग में तुला अस्पाताल पलवल के नए अल्ट्रासाउंड सेंटर को पीसी पीएनडीटी के नियमों के तहत नए रजिस्ट्रेशन नंबर देने व ओम डायग्नोस्टिक सेंटर पलवल को पीएनडीटी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट बारिश की वजह से खराब होने के कारण दूसरी प्रति देने केबारे में विचार-विमर्श किया गया। आमतौर पर किए जाने वाले निरीक्षण में समय-समय पर सभी प्राईवेट अस्पताल, क्लीनिक व जिला नागरिक हस्पताल पलवल को उनकी कमियों को दूर करने व सभी को पीसी पीएनडीटी के कार्यों को सुचारु रूप से करने की हिदायत दी गई। बैठक में यह भी बताया गया कि यदि पीसी पीएनडीटी कार्यों में कोताही बरतने व कोई भी कमी पाए जाने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विद्यार्थियों को योग कराकर बताए लाभ

फरीदाबाद। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल के तत्वावधान में योग विज्ञान चिकित्सा शिविर का आयोजन योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बसंतगढ़ अलीगढ़ रोड में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल उदयराज ने की तथा संयोजन यशपाल डागर डीपी ने किया। बतौर विशिष्ट अतिथि महेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, राजवीर शेरावत, अशोक कुमार ने शिरकत की। इस अवसर पर वीर सिंह, गीता, सारिका, सुनीता आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर सत्र के दौरान योगाचार्य गुरमेश सिंह ने योगासन अभ्यासक्रम में ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, पादहस्तासन, नटराजसन, उत्कटासन, उत्तानपादासन, गोमुखासन, चक्रासन, पद्मासन, धनुरासन, सर्वांगासन, हलासन, वज्रासन, उष्ट्रासन के साथ जोगिंग व सूर्य नमस्कार और सूक्ष्म व्यायाम कराए गए। प्राणायाम में भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, उद्यानबंध, आंतरिक, ब्राह्म, कुंभक, सांस अंदर भरकर रोकना, शीतकारी, शीतली, उदगीर आधी कराए गए। प्राकृतिक चिकित्सा में अंकुरित आहार के साथ मिट्टी, पानी, धूप, हवा से मानव शरीर में चिकित्सीय आयुर्वेदिक उपचार लाभ सहित बताए गए। प्राकृतिक जड़ी बूटियों का सेवन बताया गया। जिसमें नीम के पत्ते, शीशम के पत्ते, बेलपत्र, तुलसी, हरड, बहेड़ा, आंवला, सदाबहार, भूमि आंवला, कड़ी पत्ता, पुदीना, धनिया, गिलोय आदि के सेवन से मनुष्य शरीर स्वस्थ रह सकता है और चिरकाल तक वह रोगमुक्त होकर तथा इसके निरंतर सेवन से शरीर निरोग हो जाता है। मनुष्य बड़ी से बड़ी बीमारी को जीत सकता है।

इलाज के लिए फरीदाबाद आई महिला को परिजनों से मिलाया

फरीदाबाद। अग्रसेन चौकी पुलिस टीम ने घर से लापता बुजुर्ग महिला को परिजनों से मिलाया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि महिला 17 जुलाई को पुलिस चौकी अग्रसेन प्रभारी प्रदीप कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर अंबेडकर चौक मौजूद थे। इस दौरान एक 65 वर्षीय महिला रोती हुई मिली। नाम पता पूछने पर उसकी भाषा अलग होने के कारण कुछ नहीं समझ पाए। लेकिन महिला भूखी थी, जिसको चौकी में ले जाकर खाना खिलाया। पुलिस टीम ने नाम पता ना मालूम के नाम से कंट्रोल रूम फरीदाबाद में सभी एसएचओ व प्रभारी चौकी को व्हाट्सएप मैसेज किया गया, मिसिंग सैल में सूचना दी गई और महिला का मेडिकल करा कर वन स्टॉप सेंटर छोड़ा गया। वहां से पता चला कि महिला बंगाली भाषा बोलती है। पुलिस टीम ने गांव के प्रधान का मोबाइल नंबर पता करके प्रधान महिला के पति का पता कर इसकी सूचना पति को दी गई। महिला के पति ने सूचना अपने बेटे को दी, जो फरीदाबाद के गांव में रहता है। जिसको तलाश करते हुए पुलिस टीम उसके पास पहुंची। उनको साथ लेकर वन स्टॉप सेंटर गुमशुदा महिला से मिलाया गया। जिन्होंने पहचान करके अपनी माता को दुरुस्त पाया वा पूछताछ पर बताया कि वह शुगर की बीमारी से पीड़ित है। जिसका इलाज बल्लभगढ़ मानवता अस्पातल से चल रहा है। महिला इलाज के लिए आई थी तो वह आईएमटी में घूमने गई थी। वापसी में ऑटो में बैठकर अंबेडकर चौक पहुंच गई। महिला फरीदाबाद के संबंध में कुछ नहीं जानती थी, जिसके कारण वह भटक गई थी।

अभाविप की बैठक में सदस्यता अभियान पर चर्चा हुई

पलवल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पलवल की जिला इकाई की बैठक हुई। जिसमें आगामी योजना और सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई। विभाग संयोजक पुष्पेंद्र ठाकुर ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान इस वर्ष 25 जुलाई से 30 सितंबर तक चलेगा। इस सदस्यता अभियान में जुड़ने वाले छात्र एवं छात्राओं को साथ लेकर परिषद आगामी शैक्षणिक सत्र में विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम आयोजित करेगा। वही जिला संयोजक सागर डागर ने कहा कि इस वर्ष पलवल इकाई परिषद के 75वें वर्ष में प्रवेश करने पर कुल पांच हजार सदस्य बनाने लक्ष्य रखा है। विद्यार्थी परिषद के सदस्यों के माध्यम से कैंपस में विभिन्न तरह के रचनात्मक, आंदोलनात्मक और संगठनात्मक कार्यक्रम किए जाएंगे। जिला सदस्यता प्रमुख शिवम ने कहा कि हमारा लक्ष्य विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से अधिक से अधिक छात्रों को संगठन से जोड़ना है। बैठक में सोनू देशवाल को जिला कोषाध्यक्ष जिम्मेदारी दी गई।

लोकसभा चुनाव

एनडीए व इंडिया में संघर्ष

आगामी लोकसभा चुनाव को पुराने एनडीए व नए 'इंडिया' ने गठबंधनों में होने वाले संघर्ष का स्वरूप दे दिया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग या एनडीए ने नई दिल्ली में हाल ही में गठबंधन के 25 साल पूरे करने पर एक महत्वपूर्ण आयोजन किया। इसने निश्चित रूप से 2024 में आम चुनाव की भूमि तैयार कर दी। इस आयोजन में 39 गठबंधन सहयोगियों ने हिस्सा लिया जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। इसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ने का फैसला किया। राजग नेताओं ने विपक्षी एकता प्रयासों का यह कहते हुए मजाक उड़ाया कि वह 'पहचान के संकट का सामना कर रहा है तथा भ्रमित व दिशाहीन है।' इस प्रस्ताव में पिछले नौ साल में मोदी सरकार की उपलब्धियों की प्रशंसा की गई तथा 'देश की सेवा में उसके कठोर परिश्रम व निस्वार्थ प्रतिबद्धता' की प्रशंसा भी की गई। राजग की बैठक ने न केवल उसके सहयोगियों की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, बल्कि गठबंधन की शक्ति भी प्रदर्शित की। राजग के विभिन्न घटकों में उद्देश्य की एकता तथा विचारधाराओं का कनवर्जेंस उसे राजनीतिक शक्ति प्रदान करता है। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने कार्यकर्ताओं को लामबंद कर एक अत्यधिक सक्रिय चुनाव मशीनरी तैयार की है जिसने विपक्ष के छक्के छुड़ा दिए हैं। मोदी के नेतृत्व में पुन: लड़ने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर गठबंधन सहयोगियों ने 'नीतिगत निरंतरता' का संदेश दिया है।

ऐसे में राजग या एनडीए तथा विपक्ष द्वारा गढ़े गए नए 'इंडिया' गठबंधन के बीच प्रमुख अंतर रेखांकित करना उचित होगा। एक का नेतृत्व मोदी के निर्णायक व्यक्तित्व में है, जबकि इंडिया अभी अपने घटकों के बीच तालमेल बैठा रहा है जिनकी संख्या 26 हो गई है। भाजपा भी अपने सहयोगियों को एकजुट रखने के लिए प्रयासरत है, हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में 37 राजग सहयोगी केवल 29 लोकसभा सीटें जीत सके थे। इनमें से 9 ने 2019 लोकसभा चुनाव में भाग नहीं लिया था, जबकि 16 कोई सीट जीतने में सफल नहीं हुए थे। इसके बावजूद 2024 में संभवत: एकजुट विपक्ष का सामना होने पर भाजपा छोटी पार्टियों की सहायता से और सीटें जीतना चाहती है। अतीत में भाजपा ने अनेक सहयोगी खोए हैं जिससे उसकी कुछ राज्यों पर पकड़ कमजोर हुई है। शिवसेना व अकाली दल उससे अलग हुए थे। राजग की बैठक बड़ा आयोजन था और वह विपक्षी एकता के प्रति संवेदनशील भी था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी आयोजन को 'भ्रष्ट पार्टियों का गठबंधन' बता कर उस पर व्यंग्य किया। राजग ने ढांचागत विकास, डिजिटल सशक्तीकरण, विदेश नीति पहल, आदि क्षेत्रों में शानदार काम किया है और उसके पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा विश्वसनीय व प्रभावशाली नेतृत्व है, पर उसे सत्ता-विरोधी लहर तथा कुछ आर्थिक व सामाजिक मुद्दों का सामना करना पड़ेगा। कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश की विजय ने कांग्रेस तथा विपक्ष को काफी विश्वास दिया है। यदि वह आगामी राज्य चुनावों में एकजुट होकर मुकाबला करता है तो राजग व उसके बीच कांटे की टक्कर होगी। राजग की बैठक ने सहयोगियों को भारत के भविष्य के सामूहिक दृष्टिकोण पर चर्चा का अवसर मिला है। कल्याणकारी योजनाओं, शिक्षा व राष्ट्रीय सुरक्षा को चर्चा में केन्द्रीय स्थान मिला। हालांकि, राजग चुनाव रणनीति में विशेषज्ञ है और विपक्षी गठबंधन को अभी चुनाव मैदान में उतरना है, पर एक चीज निश्चित है कि 'इंडिया' भंगुर गठबंधन है, जबकि एनडीए मजबूत व विश्वास से भरा है। ऐसे में देखना होगा कि विजय किसे मिलती है।

विधि व्यवस्था को एआई की चुनौतियां

विधि पेशेवरों को अपने व्यवहार में एआई प्रयोग से जवाबदेही, पूर्वाग्रह, पारदर्शिता, निजता व नैतिकता की चुनौतियों का सामना करना होगा।

आशीष शेट्टी सत्य सबरवाल

आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस-एआई ने विभिन्न पेशों में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं और विधि क्षेत्र इसमें कोई अपवाद नहीं है। एआई तकनीकों, जैसे प्राकृतिक भाषा प्रोसेसिंग, मशीन लर्निंग व अनुमान आधारित विश्लेषण ने विधि प्रक्रियाओं को सहज बनाने तथा प्रभावशीलता बढ़ाने में अपना योगदान किया है। लेकिन विधि क्षेत्र में एआई की बढ़ती निर्भरता ने महत्वपूर्ण चिन्ताओं व जोखिमों को उजागर किया है। इस लेख में विधि क्षेत्र में एआई प्रयोग के संभावित जोखिमों को रेखांकित कर इस बात पर जोर दिया गया है कि खोज एवं नैतिक दृष्टिकोण के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। विधि क्षेत्र में एआई का प्रमुख जोखिम जवाबदेही व पारदर्शिता की कमी है। एआई व्यवस्थायें अक्सर जटिल एल्गोरिदम के आधार पर निर्णय लेती हैं जिनकी मनुष्यों द्वारा व्याख्या सहज नहीं है। इस अपारदर्शिता से खासक विधिक प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण चुनौतियां सामने आती हैं जहां व्याख्या का अधिकार मूलभूत है। यदि कोई एआई व्यवस्था एक खास विधिक रणनीति का सुझाव देती है या किसी मामले के परिणाम का पूर्वानुमान करती है, तब यह समझना जरूरी हो जाता है कि इन सुझावों के पीछे तर्क क्या है।

बिना पारदर्शिता के विधि पेशेवर एआई व्यवस्था के परिणामस्वरूप पैदा किसी सवाल का जवाब देने में अक्षम हो सकते हैं जिसके कारण उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं। एआई एल्गोरिदम ऐतिहासिक आंकड़ों पर प्रशिक्षित होते हैं और यदि इस डेटा में पूर्वाग्रह शामिल हों तो यह उनको बनाए रख कर और बढ़ा सकता है। विधि क्षेत्र में पूर्वाग्रही एआई व्यवस्थाओं के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसका हाशियाकृत समुदायों पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी एआई-संचालित टूल में 'रेसीडिविज्म रेट' का अनुमान लगाया जाता है तो यह अपरिहार्य रूप से ऐतिहासिक डेटा में मौजूद सामाजिक-आर्थिक पूर्वाग्रहों को बनाए रख सकता है। इसी प्रकार विधि निर्णय प्रक्रिया में एआई सिस्टम अपरिहार्य रूप से नस्ल या जेंडर आधारित कुछ खास चरित्रों के खिलाफ भेदभाव कर सकते हैं जिसके अनुचित नतीजे निकल सकते हैं। एआई एल्गोरिदम के न्यायोचित व पूर्वाग्रह-रहित होने को सुनिश्चित करने के लिए डेटा चयन, प्रशिक्षण विधियों तथा इन जोखिमों से बचने के लिए आनलाइन निगरानी जरूरी होगी।

विधि क्षेत्र में एआई प्रयोग का अर्थ बड़ी मात्रा में संवेदनशील डेटा का प्रसंस्करण होगा जिसमें व्यक्तिगत सूचनायें, वित्तीय रिकार्ड तथा गोपनीय विधिक दस्तावेज शामिल हैं। इस प्रकार एआई पर निर्भरता से डेटा निजता तथा सुरक्षा संबंधी चिन्ता पैदा होती है। विधि पेशेवरों को समझना होगा कि एआई सिस्टम कैसे डेटा का भंडारण कर उसका प्रयोग करता है तथा डेटा उल्लंघन व अनाधिकृत प्रयोगकर्ताओं के खतरे से निपटना होगा। डेटा चोरी के नतीजे खतरनाक हो सकते हैं जिसे क्लाइंट का विश्वास टूटेगा, विधि रणनीतियों से समझौता होगा तथा निजता नियमों का उल्लंघन होगा। एआई क्षमताओं तथा संवेदनशील सूचना को सुरक्षित रखने के बीच संतुलन महत्वपूर्ण है ताकि विधि पेशेवरों को उनकी नैतिक व विधिक जिम्मेदारियों के बारे में सुरक्षा दी जा सके। वकीलों की जिम्मेदारी होती है कि वे अपने क्लाइंटों के सर्वोत्तम हित में काम करें, नैतिकता के मानक बनाए रखें तथा पेशेवर जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। विधि क्षेत्र में एआई के प्रयोग से इन जिम्मेदारियों में जटिलता पैदा होती है। एआई व्यवस्थाओं का प्रयोग करते समय वकीलों को तकनीक पर उचित देखभाल और निगरानी सुनिश्चित करनी होगी। उनको पूर्वाग्रहों व गलतियां रोकने या व्यवस्था की विफलता पर भी ध्यान देना होगा क्योंकि इससे उनके क्लाइंटों के हितों को नुकसान पहुंच सकता है। लेकिन तकनीक में प्रगति की तेज गति वाली प्रकृति के कारण विधि पेशेवरों को एआई प्रयोग के नैतिक प्रभावों से सामंजस्य बैठाना सरल नहीं होगा। वकीलों को एआई से जुड़े खतरे समझने के लिए शिक्षण व प्रशिक्षण की जरूरत होगी जिससे वे नैतिक जिम्मेदारियों के बारे में सही सूचनाओं के आधार पर फैसले कर सकते हैं।

एआई व्यवस्थायें कानूनी सलाह देने के साथ कानूनी दस्तावेज भी तैयार कर सकती हैं, लेकिन वे कभी-कभी गलत या भ्रामक सूचना भी दे सकती हैं। ऐतिहासिक डेटा के आधार पर ये व्यवस्थायें एल्गोरिदम व मशीन लर्निंग पर बहुत निर्भर होती हैं। यदि प्रशिक्षण डेटा में गलतियां या बेकार सूचनायें शामिल हों तो एआई गलत सलाह दे सकती है जिससे क्लाइंटों के लिए हानिकारक नतीजे सामने आ सकते हैं। एआई एल्गोरिदम द्वारा सजा या पैरोल निर्णयों में पूर्वाग्रह पाए जाते हैं। ये एल्गोरिदम ऐतिहासिक डेटा पर आधारित होती हैं जिनमें अपराध न्याय प्रणाली में व्याप्त व्यवस्थागत पूर्वाग्रह पाए जा सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप एआई व्यवस्थाओं द्वारा लगाए अनुमान कुछ खास जनसंख्या संरचनाओं पर ज्यादा प्रभाव डाल सकते हैं जिसके कारण पूर्वाग्रही नतीजे निकलते हैं तथा सामाजिक असमानतायें बनी रहती हैं। विधि व्यवस्था का संबंध संवेदनशील व गोपनीय सूचनाओं से है। जब एआई व्यवस्थायें इस डेटा का प्रसंस्करण व भंडारण करती हैं तो निजता उल्लंघन की संभावनायें बढ़ जती हैं। यदि एआई व्यवस्थायें समुचित रूप से सुरक्षित न हों तो अनाधिकृत पहुंच का खतरा बढ़ जाता है, क्लाइंटों की संवेदनशील सूचनायें उजागर हो सकती हैं तथा विधि पेशे पर विश्वास को नुकसान पहुंच सकता है। एआई अक्सर ई-डिस्कवरी पर निर्भर होती है जिसका अर्थ विधिक कार्यवाहियों के लिए बड़ी मात्रा में एलेक्ट्रानिक डेटा का विश्लेषण है। एआई प्रक्रिया के स्वचालीकरण तथा प्रासांगिक दस्तावेज पहचानने में सहायता कर सकती है, पर ऐसे उदाहरण सामने आ सकते हैं जहां एआई दस्तावेजों का सही वर्गीकरण न करे या महत्वपूर्ण प्रमाण छोड़ दे। इसके कारण अधूरी या गलत खोज प्रक्रियायें सामने आ सकती हैं।

एआई अक्सर 'ब्लैक बाक्स' के रूप में काम करती है तथा स्पष्ट व्याख्याओं के बिना निर्णय करती है। पारदर्शिता और व्याख्या की यह कमी विधि क्षेत्र में समस्या पैदा कर सकती है, जहां व्याख्या का मूल अधिकार होता है। एआई से तैयार संस्तुतियों या निर्णयों के पीछे छिपे तर्क को समझने और उसे चुनौती देने के लिए वकीलों और जजों को परिश्रम करना पड़ सकता है। इससे न्यायोचित विधिक प्रक्रिया में बाधा आ सकती है। स्वचालित वाहनों के प्रयोग से स्चालित कारों से दुर्घटनाओं के मामले में जिम्मेदारी पर सवाल उठते हैं। एआई एल्गोरिदम इन वाहनों में निर्णय लेने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। अदालतों में तय करना होगा कि दुर्घटना के लिए वाहन निर्माता, साफ्टवेयर विकसित करने वाला या वाहन का स्वामी जिम्मेदार हे। ये सवाल जटिल तथा नैतिक तथा विधिक चुनौतियां पेश करने वाले हैं। इन उदाहरणों से विधि क्षेत्र में एआई के प्रयोग से संभावित मुद्दे व चुनौतियां स्पष्ट होती हैं।

इससे सावधानीपूर्वक विचार, निगरानी तथा एआई व्यवस्थाओं के आनलाइन आंकलन की जरूरत सिद्ध होती है। इससे उनकी विश्वसनीयता, न्यायिक औचित्य तथा विधिक व नैतिक मानकों का पालन सुनिश्चित होता है। जहां एआई विधि क्षेत्र में प्रभावशीलता बढ़ाने में असाधारण संभावनायें प्रकट करता है, वहीं इससे संबंधित खतरों को संबोधित करना भी जरूरी है। विधि पेशेवरों को अपने व्यवहार में एआई व्यवस्थायें शामिल करते समय जवाबदेही, पारदर्शिता, पूर्वाग्रह व नैतिक मामलों पर विचार करना होगा। खोज और नैतिकता के बीच संवेदनशील संतुलन स्थापित करना जरूरी है। पारदर्शिता के साथ पूर्वाग्रहों को सक्रिय रूप से संबोधित करने, डेटा चोरी से सुरक्षा मजबूत करने तथा नैतिक व पेशेवर दायित्व सुनिश्चित कर विधि क्षेत्र में एआई क्षमताओं का प्रयोग किया जा सकता है।

इस विषय पर सूचना तकनीक कानून, 2000 में कुछ दायित्व व नियम निर्धारित किए गए हैं। एआई व्यवस्थायें सही व सकारात्मक परिणाम दे सकती हैं, पर अविश्वसनीय स्रोतों से गलत डेटा प्राप्त करना हानिकारक भी हो सकता है।

कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद विधवाओं की समस्याएं

> विधवाओं के कल्याण के उद्देश्य से लक्षित योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों की विधवाओं तक नहीं पहुंच पा रही हैं।

देवेंद्र राज सूथर
(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

वर्ष 2011 की जनगणना बताती है कि भारत में 5.6 करोड़ विधवाएं हैं। कुल विधवा आबादी में महिलाओं की संख्या पुरुषों से लगभग 78 प्रतिशत अधिक है। भारत में अधिकांश विधवाएं बुजुर्ग हैं, जिनमें से लगभग 58 प्रतिशत की उम्र 60 वर्ष या उससे अधिक है। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में विधवाओं के बीच पुनर्विवाह दर आम तौर पर कम है, 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र की केवल 15 प्रतिशत विधवाएं सांस्कृतिक या सामाजिक कारकों के कारण पुनर्विवाह करती हैं। देश में कई विधवाएं आर्थिक कठिनाइयों से जूझती हैं और गरीबी रेखा से नीचे अपना जीवन यापन कर पाती हैं। शिक्षा और अन्य अवसरों तक सीमित पहुंच के कारण, महिलाओं को अपने पतियों की मृत्यु के बाद महत्वपूर्ण वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो घर का समर्थन करने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार थे। भारत में सहायक संपत्ति अधिकारों की कमी के कारण, कई महिला विधवाओं को उनकी विरासत से वंचित कर दिया जाता है, जिससे वे यौन शोषण और हिंसा की चपेट में आ जाती हैं। नतीजतन, विधवाओं को आजीवन वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे उन्हें अपने बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के बजाय काम पर भेजने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

राजस्थान के जालोर जिले के बागरा गांव की निवासी सीता देवी को अन्य विधवाओं के साथ इसी तरह की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र। दस साल पहले, उन्होंने एक सड़क दुर्घटना में अपने पति को दुखद रूप से खो दिया, जिससे उन पर अपने बच्चों की परवरिश की ज़िम्मेदारी आ गई, जो उस समय केवल पाँच और छह साल के थे। अपने पति की अचानक मृत्यु के कारण, उन्हें अपने बेटे की शादी रद्द करनी पड़ी। स्कूल में प्रवेश और उसे पैतृक कर्तव्यों में शामिल करना। विधवाओं को समर्थन देने के उद्देश्य से सरकारी योजनाओं और लाभों के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, मुझे सरकार से केवल 750 रुपये की विधवा पेंशन मिलती है। दुर्भाग्य से, इसके अलावा, मुझे किसी अन्य प्रकार की सहायता नहीं मिलती है। यह बेहद चुनौतीपूर्ण है केवल 750 रुपये में घर का प्रबंधन करें। नतीजतन, मेरे पास अपने बड़े बेटे को स्कूल से निकालने और उससे काम कराने के अलावा कोई विकल्प नहीं था, जबकि मैं खुद शारीरिक श्रम में संलग्न हूं। हमारी साक्षरता की कमी हमें विधवाओं के लिए सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी तक पहुंचने से रोकती है। कल्याण, और दुर्भाग्य से, कोई भी हमें उनके बारे में सूचित नहीं करता है।

इसी तरह, गांव की एक अन्य महिला, सविता देवी को पिछले साल एक दुखद नुकसान का सामना करना पड़ा जब उनके पति की एक घातक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने उन पर अपने परिवार के भरण-पोषण की एकमात्र ज़िम्मेदारी छोड़ दी। अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए, उनके पास अपने 13 वर्षीय बेटे को शिक्षा से वंचित करके शहर में काम करने के लिए भेजने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

जब सविता देवी से इतनी कम उम्र में एक छोटे बच्चे पर घरेलू जिम्मेदारियों का बोझ डालने और उसे शिक्षा से वंचित करने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने अपनी अनिच्छा व्यक्त करते हुए कहा, हम नहीं चाहते कि हमारा बेटा इतनी कम उम्र में पढ़ाई के बजाय काम करे, लेकिन परिस्थितियां हमारे पास कोई विकल्प नहीं छोड़तीं। उन्होंने बताया, हमारे घर में दो बड़ी बेटियाँ हैं और एक छोटा बेटा भी है, कुल मिलाकर पांच लोग हैं जिनकी दैनिक ज़रूरतें पूरी होनी चाहिए। हमारी बेटियाँ बड़ी हैं, इसलिए हम उन्हें काम पर नहीं भेज सकते हैं, और हमारा सबसे छोटा बेटा अभी भी है विद्यालय जाना।

क्षेत्र के एक सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप सिंह के अनुसार, जिले में विधवाओं के सामने मुख्य चुनौती वित्तीय संकट है। ग्रामीण क्षेत्रों में, पति आमतौर पर घर के लिए जिम्मेदार होते हैं और पूरे परिवार का भरण-पोषण करते हैं, क्योंकि महिलाएं शिक्षित नहीं होती हैं और घर तक ही सीमित रहती हैं। हालांकि समाज विधवाओं को कुछ सहायता की पेशकश कर रहा है, लेकिन वे अक्सर प्रदान की जाने वाली सहायता को अस्वीकार कर देती हैं।

दिलीप ने साझा किया, वे समाज में असहाय और हीन दिखने से डरते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि समय के साथ विधवाओं की सामाजिक स्थिति में सुधार हुआ है क्योंकि अब विधवाओं के लिए पुनर्विवाह को स्वीकार कर लिया गया है और उन पर सामाजिक प्रतिबंध कम हो रहे हैं। देश में उपलब्ध कई योजनाओं के बारे में बात करते हुए, क्षेत्र के एक ई-मित्र संचालक प्रवीण कुमार ने बताया कि, विधवाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए देश और राज्यों में कई सरकारी कार्यक्रम और सामाजिक पहल चल रही हैं।

इनमें राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, स्वाधार गृह योजना, प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई), महिलाओं के प्रशिक्षण और रोजगार के लिए सहायता कार्यक्रम, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, अन्नपूर्णा योजना और बहुत कुछ जैसी योजनाएं शामिल हैं। विधवाओं के कल्याण के उद्देश्य से योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों की विधवाओं तक नहीं पहुंच पा रही हैं, पावनी देवी कहती हैं, अशिक्षा के कारण हम सरकारी योजनाओं और उनसे मिलने वाले लाभ से अनभिज्ञ हैं। उसने जोड़ा। कई विधवा सशक्तिकरण पहलों के अस्तित्व के बावजूद, विधवाओं को अपने उचित लाभों तक पहुंचने में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे इन कार्यक्रमों के लिए उन्नत पहुंच उपायों की आवश्यकता होती है। प्रभावी कार्यान्वयन के लिए स्थानीय स्थानीय भाषा में विधवाओं को लक्षित करने के लिए एक सुव्यवस्थित जागरूकता अभियान की आवश्यकता होती है, साथ ही निरक्षर विधवाओं को समायोजित करने के लिए सुव्यवस्थित प्रक्रियात्मक संशोधनों की भी आवश्यकता होती है।

तभी 23 जून को अंतरराष्ट्रीय विधवा दिवस का पालन अपने वास्तविक महत्व को प्राप्त कर सकता है।

आप की बात

बैंगलुरू बैठक

विपक्षी दलों की जो बैठक बेंगलुरु में हुई जिसमें उन्होंने अपना नाम इंडिया रखकर अपनी समझ से ठीक किया। लेकिन 2024 में विजय की डगर बहुत कठिन और लम्बी है। अगर भाजपा सरकार और मोदी को सत्ता से हटाना है तो विपक्षी दलों को बहुत सारे काम करने होंगे। सबसे पहले तो कॉमन मिनिमम प्रोग्राम देश की जनता से साझा करना होगा उसके बाद इनका नेतृत्व कौन करेगा उस पर मोहर लगानी होगी। इसके अतिरिक्त इनको यह भी सोचना और जवाब देना पड़ेगा कि बीजू जनता दल, बी आर एस, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी और बसपा के बिना क्या विपक्ष की ताकत मजबूत है? सबसे अहम परीक्षा आने वाले राज्य विधानसभा चुनावों में सीटों के बंटवारे पर होगी। यदि राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में किसी क्षेत्रीय दल को सीटें नहीं मिलती हैं तो वे कांग्रेस को भी लोकसभा चुनाव में अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में सीट देने का विरोध करेंगे। वैसे इन राज्यों में कांग्रेस व भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। विपक्षी दलों ने भले ही यूपीए के बजाय अपना नाम इंडिया रख लिया हो, पर इसका फैसला तो जनता के हाथ है कि यह वास्तव में भारत का प्रतिनिधित्व करता है या नहीं। बैंगलुरू सम्मेलन से राजनीति दिलचस्प हो गई है।

– **बाल गोविंद,** नोएडा

नाटकीय राजनीति

भारतीय राजनीति की नाटकीय परंपरा में विपक्ष की भूमिका अद्भुत एवं महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय में हमारा विपक्ष कितना ईमानदार है, यह सबको दिखाई दे रहा है। देश में विपक्ष खंड-खंड है। चुनाव की आहट पर विपक्ष आपस में मिलजुल कर साथ चलने की बड़ी-बड़ी कसमें खा रहा है और वह आज एक दूसरे के साथ चलने के लिए मजबूर हो गया है। अलग-अलग क्षेत्रीय पार्टियां एक दूसरे को कभी फूटी आंख नहीं सुहाती है, वह केवल सत्ता सुख की प्राप्ति के लिए अब एक दूसरे का हाथ पकड़ने को तैयार हो रही हैं। देखना है कि वे एक दूसरे के साथ कितनी दूर तक चल सकेंगी। आज जो गठबंधन कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने बनाया है वह तो एक भानुमति का कुनबा है। देखना होगा कि वह सीटों के बंटवारे के समय किस तरह से एकजुट रह सकेगा। कांग्रेस देश की बड़ी पार्टी है और उसे सर्वाधिक समय तक शासन करने का अनुभव भी प्राप्त है मगर यह छोटे-छोटे विपक्षी दल कांग्रेस को आज भी फूटी आंख पसंद नहीं करते हैं। कांग्रेस ने सत्ता व प्रधानमंत्री पद का लालच न होने की बात कर बड़ा दांव खेला है। देखना होगा कि इसका क्या नतीजा निकलता है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

महिला-विरोधी हिंसा

मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा है। शांति स्थापना के प्रयास हो रहे हैं, परन्तु मई माह में महिलाओ के साथ हुई अमानवीय घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया। कुकी समुदाय की महिलाओ को नग्न करके घुमाने एवं अमानवीय कृत्य की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया। सोशल, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया ने इस घटना को खबरों के केंद्र में ले लिया है। कुकी या मैतैई या किसी भी महिला के साथ बर्बरता किसी दृष्टि से भी उचित नहीं ठहराई जा सकती। हालांकि समीक्षकों को यह भी बताना चाहिए कि कुकी आतंकियों द्वारा महिलाओं को ढाल के रूप में प्रयोग किया गया और सुरक्षा बलों को रोकने के लिए भी लगातार इनका प्रयोग किया गया। कई घटनाओ में आतंकियों को सुरक्षा बलों के हाथों से इन महिलाओं द्वारा छुड़ा लिया गया। सत्य चाहे जो हो पर महिलाओ को ढाल के रूप में प्रयोग करना अनुचित है। ऐसे में महिलाओं के साथ हुए अमानवीय कृत्य के लिए कृत्य करने वाले और महिलाओं को इस आग में धकेलने वाले, दोनों पक्ष दोषी हैं। महिला-विरोधी हिंसा के सभी कृत्यों की निन्दा होनी चाहिए।

– **मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

चयन पर सवाल

एशियन गेम्स के लिए पहलवानों में से 2 खिलाड़ियों को एशियन गेम्स में बिना ट्रायल किए सीधे सिलेक्ट कर लिया गया जोकि अन्य उम्मीदवारों के लिए किसी सदमे से कम नहीं है। ऐसा लगता है कि इन दो खिलाड़ियों को खुश करने के लिए इनका सिलेक्शन किया गया है जो कि किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। खेल मंत्रालय और उच्चाधिकारियों को इस निर्णय पर पुनर्विचार करके सभी वजन के सभी खिलाड़ियों के लिए ट्रायल अनिवार्य किया जाना चाहिए। भले ही सिलेक्शन कमिटी को यह अधिकार हो कि वह बिना ट्रायल के किसी का भी चयन कर सकती है। मगर अभी इन खिलाड़ियों का सिलेक्शन कई सवाल और शंकाओं को जन्म देता है। ट्रायल कराकर चयन करने में सिलेक्शन कमिटी को क्या आपत्ति थी जो उन्हें सीधा सिलेक्ट कर लिया गया? यदि वह योग्य होंगे तो ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन करते शान से सिलेक्ट होंगे! और यदि कोई अन्य उनसे बेहतर प्रदर्शन कर ले तो उसी का सिलेक्शन होना चाहिए। खेलों को राजनीति, पक्षपात व नौकरशाही से दूर रखने की जरूरत है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

छुट्टा पशुओं से निजात को लागू होगी सीएम खेत सुरक्षा योजना

● प्रस्तावित बजट 75 करोड़ से बढ़ाकर 350 करोड़ रुपये किया गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

फसलों को छुट्टा जानवरों से बचाने के लिए योगी सरकार मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना लागू करेगी। योजना की उपयोगिता के दृष्टिगत अब इसे सिर्फ बुंदेलखंड ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश में एक साथ लागू करने का निर्णय किया गया है। इसीलिए योजना के बाबत प्रस्तावित बजट 75 करोड़ से बढ़ाकर 350 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना किसान के खेत की फसल को पशुओं से बचाने के लिए सोलर फेंसिंग की योजना है। इसके तहत लगाई जाने वाली सोलर फेंसिंग की बाड़ में मात्र 12 बोल्ट का करंट प्रवाहित होगा। इससे सिर्फ पशुओं को झटका लगेगा। कोई क्षति नहीं होगी। हल्के करंट के साथ सायरन की आवाज भी होगी। इससे छुट्टा या जंगली जानवर मसलन नीलगाय, बंदर, सुअर आदि खेत मे खड़ी फसल को क्षति नहीं पहुंचा सकेंगे। इसके लिए सरकार लघु-सीमांत किसानों को प्रति हेक्टेयर लागत 60 फीसद या 1.43 लाख रुपए का अनुदान भी देगी। कृषि विभाग इस योजना का ड्राफ्ट तैयार कर चुका है। शीघ्र ही इसे कैबिनेट में भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद अब इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

पशु खेत में खड़ी फ सल का नुकसान तब अधिक करते हैं जब उनको पास में कुछ खाने को नहीं मिलता। गोचर भूमि इसके लिए जरूरी है। गोचर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग 11 जुलाई से अभियान चल रहा है। यह अभियान 25 अगस्त तक चलेगा।

उल्लेखनीय है कि छुट्टा पशुओं की यह समस्या कमोबेश पूरे प्रदेश में एक जैसी है। विपक्ष समय-समय पर इस समस्या को लेकर तंज कसता रहता है। पार्टी के जनप्रतिनिधियों को भी फील्ड में इस बाबत सुनना पड़ता है। अगले साल लोकसभा चुनाव में यह मुद्दा न बने, इसमें सरकार का यह कदम मददगार बनेगा।

सीएम ने सियाचिन में शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सियाचिन में शहीद हुए जनपद देवरिया निवासी सेना के कैप्टन अंशुमान सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की भी घोषणा की है।

उन्होंने शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण शहीद अंशुमान सिंह के नाम पर करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ हैं। प्रदेश सरकार द्वारा शहीद के परिवार को हर संभव मदद प्रदान की जाएगी।

यूपी में निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया के कायल हुए युवा

अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा से पालन करने का दिलाया विश्वास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

युवाओं के भविष्य को संवारते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ जुलाई के 20 में से छह दिन नियुक्ति पत्र वितरित कर चुके हैं। इसी क्रम में गुरुवार को भी उन्होंने 700 नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यूपी की समृद्धि में योगी आदित्यनाथ का यह अभिभावक रूप युवाओं को भा गया है। एक ओर जहां यूपी के युवा योगीराज में निष्पक्ष भर्ती के कायल हो गए। वहीं नवचयनित अभ्यर्थियों ने अपने कार्यों व जिम्मेदारी का निष्ठा से पालन करने का विश्वास दिया। गुरुवार को एक युवा देवरिया निवासी गौरव प्रताप सिंह का चयन नायब तहसीलदार पद पर हुआ है। संवाद के जरिए गौरव ने कहा कि मेरे पिता भी पीसीएस परीक्षा के अभ्यर्थी रह चुके हैं। उनके समय में परीक्षाओं में लेटलतीफी व पारदर्शिता का अभाव आदि समस्याएं बनी रहती थीं पर इस बार मात्र 10 महीने में परीक्षा पूर्ण कर कीर्तिमान स्थापित किया गया है। इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए यह विश्वास दिलाता हूं कि अपने दायित्वों का सत्यनिष्ठा से पालन करुंगा।

लखनऊ निवासी सल्तनत परवीन का चयन नियुक्ति विभाग में डिप्टी कलेक्टर पद पर हुआ है। सीएम के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर वे आह्लादित नजर आईं। उन्होंने कहा कि यह क्षण मेरे लिए सदा अविस्मरणीय रहेगा। लोकसेवा परिणाम घोषित होने के बाद नियुक्ति पत्र वितरण में पहले काफी समय लगता था लेकिन आपकी सरकार में इस प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष व त्वरित कर नियुक्ति पत्र निर्गत करने में नया कीर्तिमान हासिल किया है। यह बताना चाहती हूं कि इस सरकार में महिलाओं को जो सुरक्षा व इनपॉवरमेंट मिला है, वह सराहनीय है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में अपनी पूरी प्रतिभा व क्षमता का पूर्ण योगदान दूंगी। प्रयागराज निवासी श्रीराज सोनकर का चयन पुलिस उपाधीक्षक पद पर हुआ है। श्रीराज सोनकर ने कहा कि एक वर्ष के भीतर यूपीपीसीएस 2022 की प्रक्रिया पारदर्शी व निष्पक्षता से पूरी हुई। मैं अभ्युदय योजना का विद्यार्थी रहा हूं। मैंने अधिकारियों के मार्गदर्शन में रहकर तैयारी की जिसकी मदद से मैं एस्पिरेंट्स से अधिकारी तक का स फर तय कर सका। उन्होंने श्लोक के माध्यम से कहा कि उदार हृदय वालों के लिए संपूर्ण पृथ्वी ही परिवार होती है। लखनऊ की रहने वाली कृतिका सिंह का चयन डिप्टी एसपी पद पर हुआ। उन्होंने कहा कि सीएम का आशीर्वाद लेना चाहूंगी कि मैंने समस्त तैयारी यूपी के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आदर्शपुर परीक्षा केंद्र पर रहकर पूर्ण की। यह संस्थान आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को निशुल्क आवासीय व प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध करता है। मैं मुख्यमंत्री को धन्यवाद करती हूं कि मेरे जैसी बहुत सी लड़कियों को वहां अवसर प्रदान किया जा रहा है। प्री से लेकर मेंस व इंटरव्यू तक की निशुल्क सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिक्षण ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में लड़कियां निकलकर अपना योगदान दे रही हैं।

लखनऊ निवासी डॉ. रागिनी चौहान चिकित्साधिकारी (सामुदायिक स्वास्थ्य) पद पर चयनित हुई हैं। रागिनी ने कहा कि सीएम का अभिनंदन करना चाहती हूं कि उन्होंने विगत छह वर्ष में प्रत्येक वर्ष आयुर्वेद व आयुष विभाग में भर्तियों द्वारा अधिक से अधिक चिकित्सकों को सरकारी सेवाएं प्रदान करने का अवसर दिया।

पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने शीला दीक्षित को किया याद, अर्पित की श्रद्धांजलि

लखनऊ। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और दिलली की तीन बार मुख्यमंत्री रही स्व. शीला दीक्षित जी की पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पार्टी नेताओं ने उन्हें याद किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रदेश महासचिव प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह सहित तमाम नेताओं ने स्व. दीक्षित के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शीला दीक्षित देश की सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्रियों में से एक कुशल प्रशासक थीं। दिल्ली के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाली मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय राजधानी का चेहरा बदलने और उसके विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए याद किया गया। उनके कार्यों पर प्रकाश डालते हुए भूकंप के वक्त कच्छ (गुजरात) मे गांव गोद लेकर मानवता की मिसाल कायम करने वाली और जीवनभर कांग्रेस की कर्मठ नेता रहीं स्व. दीक्षित के विचारों को याद किया गया।

एटीएस ने दो बांग्लादेशी घुसपैठियों को सहारनपुर से गिरफ्तार किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अवैध रूप से भारत में प्रवेश करके कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर निवास कर रहे दो बांग्लादेशी घुसपैठियों को आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने सहारनपुर के देवबंद इलाके से गिरफ्तार किया। एसटीएस के अनुसार दोनों यहां रहकर देश विरोधी गतिविधियों में भी संलिप्त थे। इस संबंध में विस्तृत छानबीन की जा रही है।

एटीएस को गोपनीय सूचना मिली कि दो बांग्लादेशी नागरिक कस्बा देवबंद, जनपद सहारनपुर में अपनी पहचान छिपाकर और स्वयं को भारतीय नागरिक के रूप मे प्रतिरूपित कर निवास कर रहे हैं। यह भी पता चला कि इन लोगों ने एनआईए भोपाल द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्त शहादत हुसैन की पत्नी समा परवीन को आर्थिक मदद भी उपलब्ध करवाई है। उक्त सूचना को भौतिक व इलेक्ट्रॉनिक रूप से विकसित करने पर ज्ञात हुआ कि हबीबुल्लाह मिस्बाह उर्फ नाजिर और अहमदुल्लाह उर्फ अब्दुल अवल जो मूल रूप से

बांग्लादेश के रहने वाले है और कूट रचित भारतीय दस्तावेजों के आधार पर स्वयं को भारतीय नागरिक के रूप मे प्रतिरूपित कर अवैध रूप से भारत में रह रहे थे और देश-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं। जिसके बाद एटीएस की टीम ने बीती बुधवार की रात देवबंद थाना क्षेत्र से दोनों को गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ देवबंद थाने में एटीएस की ओर से धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120 बी भादवि और 14/14 बी विदेशी अधिनियम 1946 व 12/12 (1क) पासपोर्ट अधिनियम 1967 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। एटीएस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों ने प्रारम्भिक पूछताछ में बताया कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं और अवैध रूप से बार्डर पार करके यहां पर आए हैं। दक्षिण दिनाजपुर, वेस्ट बंगाल के पते पर इन लोगों ने अवैध रूप से कूटरचित भारतीय दस्तावेज तैयार करवाए और भारत में छिपकर रह रहे थे। हबीबुल्लाह ने अपना भारतीय पासपोर्ट बनवाने के लिए कूटरचित भारतीय दस्तावेजों के आधार पर आवेदन कर रखा है। अहमदुल्लाह उर्फअब्दुल अवल से जेल में बन्द बांग्लादेशी अभियुक्त शहादत हुसैन के सम्बन्ध में पूछने पर बताया कि वो शहादत हुसैन को बहुत अच्छी तरह से जानता है, जो बांग्लादेश का रहने वाला है तथा अवैध तरीके से भारत में रह रहा था। शहादत हुसैन के भाई के द्वारा बांग्लादेश से रुपए भेजे गए थे जिसे अहमदुल्लाह ने शहादत हुसैन की पत्नी समा परवीन को दे दिए थे। एटीएस का कहना है कि इनके पास से बांग्लादेशी पासपोर्ट एवं वोटर आईडी कार्ड के साथ भारतीय निवास प्रमाण पत्र व परिचय पत्र प्राप्त होना इसकी भारत में स्थायी निवास की मंशा जाहिर करता है। ऐसे पहचान पत्र बनाने में सहयोग देने वाले मददगारों की भी जानकारी की जा रही है।

मणिपुर घटना के विरोध में महिला कांग्रेस ने प्रदर्शन कर आक्रोश जताया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मणिपुर की हृदय विदारक घटना से अक्रोशित होकर प्रदेश कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को प्रदर्शन किया और भाजपा सरकार द्वारा मणिपुर को उसके हाल पर छोड़ने एवं प्रधानमंत्री द्वारा 78 दिन से हो रही मणिपुर हिंसा पर चुप्पी साधने के खिलाफ आक्रोश जताया। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष और पार्षद ममता चौधरी के नेतृत्व में महिलाओं ने विधानसभा के समक्ष प्रदर्शन किया, जिसमें बाद में पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया और इको गार्डन ले जाया गया। महिला नेताओं को विधानसभा के सामने पुलिस ने बैरीकेट कर रोके जाने पर पुलिस से झड़प भी हुई, कांग्रेस नेताओं ने हाथों में मणिपुर से संबंधित तख्ती भी ले रखी थी। ममता चौधरी ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि मणिपुर की घटना पूरे देश के लिए शर्मसार करने वाली है, दिन रात भाषण देने वाले प्रधानमंत्री आखिर चुप क्यों हैं क्या महिला सम्मान की भाजपा सरकार के आगे कोई कीमत नहीं हम मांग करते हैं कि मणिपुर सरकार को बर्खास्त राष्ट्रपति शासन लगाया जाए और दोषियों पर सख्त कार्यवाही हो। प्रदर्शन कर रही महिला कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर इको गार्डन ले जाया गया। गिरफ्तारी देने वालों में सुशीला शर्मा, प्रज्ञा सिंह, मेहताब जायसी, डॉ. रिचा शर्मा, अनामिका यादव, सुमन प्रजापति, लता द्विवेदी, रमा कश्यप, संगीता सिंह, सना मुही, कमला सोनी, निर्मला चौधरी, आशा कनौजिया, सीमु शुक्ला, राजकुमारी, पूजा सिंह, मधु मिश्रा सहित महिला कांग्रेस की तमाम महिला पदाधिकारी शामिल रहीं।

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए: शाहनवाज आलम

लखनऊ। मणिपुर में पिछले दो महीने से जारी हिंसा के बीच कुकी समुदाय की महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न का नया वीडियो सामने आने पर अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। आलम ने गुरुवार को कहा कि पिछले 19 अप्रैल से जारी हिंसा के लिए केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें ज़िम्मेदार हैं। वहां संघ के एजेंडे के तहत मैतेयी लोगों को कुकी जनजाति के खिलाफ हिंसा के लिए उकसाया जा रहा है। इसी कारण प्रशासन हिंसा को रोकने की गंभीर कोशिश नहीं कर रहा। इसलिए वहां की स्थिति को देखते हुए संविधान के आर्टिकल 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाना चाहिए। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि मणिपुर की हिंसा के लिए 19 अप्रैल को मणिपुर के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एम वी मुरलीधरन का वह फैसला भी ज़िम्मेदार है जिसमें उन्होंने राज्य सरकार से मैतेयी लोगों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग को स्वीकार करते हुए राज्य सरकार से केंद्र को सिफारिश भेजने का निर्देश दिया था। जो संविधान सम्मत नहीं था क्योंकि अनुसूचित जातियों और जनजातियों के श्रेणीकरण का अधिकार हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को है ही नहीं यह राष्ट्रपति का अधिकार है। इसीलिए सुप्रीम ने भी एमवी मुरलीधरन के इस फैसले को तथ्यात्मक तौर पर गलत बताते हुए सख्त टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि मणिपुर की हिंसा की किसी भी जांच के दायरे में इस फैसले को देने वाले जज एम वी मुरलीधरन को भी रखा जाना चाहिए। शाहनवाज आलम ने बताया कि संविधान बेंच के खिलाफ जाकर फैसला देने वाले जज के खिलाफ कार्यवाई के लिए 5 जुलाई 2023 को ही यूपी अल्पसंख्यक कांग्रेस ने हर जिले से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन भेजा था।

राजस्व वसूली अभियान में लाई जाए और तेजी: एम: देवराज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही योगी सरकार ने राजस्व वसूली और विद्युत चोरी रोको अभियान पर को गति देने का निर्णय किया है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन केवल राजस्व वसूली और बिजली चोरी रोकने के लिए जरूरी उपायों पर काम कर रहा है बल्कि इन विषयों को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने का भी प्रयास किया जा रहा है। कर्मचारियों व अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिजली चोरी को रोककर ही प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकता है।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन अध्यक्ष एम देवराज ने कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को बेहतर करने के लिये चलाये जा रहे विद्युत चोरी रोको अभियान को और प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग जितनी बिजली दें उतना राजस्व वसूलने के साथ ही बिजली चोरी रोकने पर फोकस किया जाये। उनके मुताबिकए बिजली आप तभी खरीद सकते हैं जब आप समय से मूल्य अदा करेंगे, इसलिए राजस्व वसूलने के लिए प्रयास और तेज किये जाएं। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप, माइक्रो लेविल पर मॉनीटरिंग पर भी जोर दिया जा रहा है। इस परिपेक्ष्य में देवराज ने कहा कि माइक्रो लेविल पर मॉनीटरिंग करिए तभी राजस्व बढ़ेगा। बिल सही हो और समय पर वितरित होना चाहिए। बिल गलत है तो उपभोक्ता जमा नहीं करेंगे। अवर अभियन्ता, उपकेन्द्र अधिकारी व अधिशासी अभियन्ता की जिम्मेदारी है कि सही रीडिंग का बिल सबको मिले। फर्जी बिलिंग न हो, बिल रिवीजन जहां ज्यादा हो उसको भी चेक करना आवश्यक है। ट्रांसफार्मर का रखरखाव ठीक से हो, इसको लेकर भी विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। देवराज ने कहा कि ट्रांसफार्मर ठीक रखने के लिए यह सुनिश्चित किया जाए कि तेल की कमी और ओवरलोडिंग न हो। नया कनेक्शन देने के पूर्व ओवरलोडिंग न बढ़े यह सुनिश्चित होना चाहिए। गौरतलब है कि पिछले महीने 1400 ट्रांसफ ार्मर प्रतिदिन फुंक रहे थे, वहीं अब सही रणनीति अपनाने के कारण यह दर आधे पर आ गई है। बकायेदारों पर कार्रवाई करने को लेकर प्रदेश सरकार का कड़ा रुख स्पष्ट है। इसको लेकर उन्होंने कहा कि जो भी बकायेदार हैं उनकी बिजली काटिये। उपभोक्ता को फोन से चेतावनी देने का भी उन्होंने निर्देश दिया। उनका कहना है कि अगर बिजली का मूल्य नहीं वसूला जायेगा तो बिजली व्यवस्था कैसे चलेगी। सभी लोग विद्युत निगमों को प्रॉफिट में लाने के लिए ईमानदारी व मेहनत से कार्य करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी की लापरवाही से ट्रांसफ ार्मर जलेगा तो बाकायदा वसूली होगी। ट्रांसफ ार्मर न जलें इसके लिए सावधानी बरतते हुए सभी मानकों का प्रयोग आवश्यक है। इतना ही नहीं, बकायेदारों के कनेक्शन काटने पर बिना बकाया राशि जमा किए ही पुन: कनेक्शन जोड़ने के प्रकरण पर कड़ा रूख अख्तियार करते हुए ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए। देवराज ने सावन के धार्मिक आयोजनों तथा कांवड़ यात्रा को लेकर विशेष सावधानी बरतने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी और कार्मिक अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण पर रहें और यह सुनिश्चित करें कि सड़क के किनारे खम्भे व लाइनें तय मानक के अनुरूप हों, जिससे कोई दुर्घटना आदि न हो।

169 निजी संस्थाएं यूपी के युवाओं को देंगी स्टार्ट-अप का प्रशिक्षण

● स्टार्टअप प्रशिक्षण नीति 2023 के तहत 169 निजी संस्थाओं को किया गया चिन्हित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

देश भर के निजी संस्थानों से उत्तर प्रदेश में निवेश के साथ ही स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू कर यूपी में स्किल्ड मैनपावर तैयार करने की अपील कर चुके सीएम योगी के प्रयासों का अब असर भी दिखने लगा है। देश के 169 छोटे निजी संस्थान जल्द ही स्टार्ट-अप प्रशिक्षण नीति 2023 के अंतर्गत प्रदेश के युवाओं के स्किल को निखारकर उन्हें स्टार्ट-अप के प्रति तैयार करेंगे। राज्य कार्यकारिणी समिति से अनुमोदन मिलने के बाद ये निजी संस्थाएं इसी वर्ष सितंबर से प्रदेश में अपने केंद्रों के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण देना शुरू कर देंगी। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार निजी क्षेत्र में कार्यरत अधिक से अधिक संस्थाओं की उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन में सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। स्टार्टअप के प्रति युवाओं के रुझान को देखते हुए सरकार ने स्टार्ट.अप प्रशिक्षण नीति 2023 को स्वीकृत किया है। सब प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को स्टार्टअप से जोड़ने की पहल की जा रही है। स्टार्ट-अप प्रशिक्षण नीति 2023 के अंतर्गत ऐसी समस्त निजी क्षेत्र की संस्थाओं को अवसर प्रदान किया गया है, जो कौशल प्रशिक्षण से इतर कार्य भी कर रही हैं। इसके तहत जनवरी 2023 में एक विशेष आरएफ ई को प्रकाशित किया गया था जिसके प्रतिउत्तर में कुल 233 संस्थाओं ने स्टार्ट-अप प्रशिक्षण प्रदाता के रुप में रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया था। प्रथम चरण में प्राप्त समस्त 233 आवेदनों के परीक्षण के बाद पाया गया है कि 169 आवेदक संस्थाएं स्टार्ट-अप प्रशिक्षण नीतिए आरएफ ई-2023 के प्राविधानों के अंतर्गत सूचीबद्ध किए जाने योग्य हैं। इसके अतिरिक्त 12 आवेदक संस्थाओं के आवेदन में कुछ कमियां पायी गई है, जिनके निराकरण के लिए उन्हे एक अवसर प्रदान किया गया है। 52 आवदेक संस्थाओं के आवेदनों को मानकों की पूर्ति नहीं किए जाने के कारण निरस्तीकरण की श्रेणी में अंकित किया गया है। वहीं शेष 169 संस्थाओं के आवेदनों को आगामी राज्य कार्यकारिणी समिति में अनुमोदन प्रदान किए जाने के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसके बाद इन संस्थाओं से एमओयू हस्ताक्षरित किया जाएगा।

पौधरोपण अभियान को उत्सव के रूप में मनाएं: दुर्गा शंकर मिश्र

मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी मंडलायुक्त, डीएम व पुलिस कप्तानों के साथ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा है कि पौधरोपण अभियान-2023 को उत्सव के रूप में मनाया जाए। उन्होंने बताया कि अभियान के अन्तर्गत 22 जुलाई को 30 करोड़ व 15 अगस्त को 5 करोड़ पौधों को रोपण किया जाना है। पौधों के साथ फोटो को हरितिमा एप पर अपलोड कराई जाए। विधिवत योजना एवं रणनीति के साथ इस अभियान को सफल बनाया जाए और निर्धारित लक्ष्य से 10-20 प्रतिशत अधिक पौधरोपण कराने के प्रयास सुनिश्चित किए जाएं।

मुख्य सचिव गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। बैठक में वन, राजस्व, कौशल विकास मिशन, सूडा आदि विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि आकाशीय बिजली के बचाव के तरीकों का व्यापक प्रचार.प्रसार कर होने वाली जनहानि को रोका जा सकता है। विभिन्न प्रचार माध्यमों से वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने बताया कि ऊंची इमारतों पर लाइटिंग अरेस्टर लगाने से आसपास क्षेत्र में आकाशीय बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने जनपद की ऊंची इमारतों को चिन्हित कर उनमें लाइटिंग अरेस्टर लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग, अवैध खेती व तस्करी को लेकर सरकार बेहद गंभीर है। नशे की आदत युवा पीढ़ी को नुकसान पहुंचाती है। नार्को की जनपद स्तर पर गठित जिला स्तरीय समिति की नियमित बैठक आयोजित की जाए और कारगर योजना व रणनीति बनाकर लोगों को जागरूक किया जाए और इसके प्रचलन को बंद कराया जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत मार्च, 2024 तक सभी विद्यालयों में बाउंड्रीवॉल, पाइप वाटर सप्लाई, विद्युत संयोजन, दिव्यांग फ्रैंडली शौचालय से संतृप्तिकरण का लक्ष्य रखा गया है। जनपद स्तर पर समीक्षा कर इन सुविधाओं से विहीन विद्यालयों को संतृप्त कराया जाए। इसी प्रकार प्रदेश के 18 नगर निगम वाले जनपदों के शहरी क्षेत्र में अवस्थित विद्यालयों को 19 मूलभूत अवस्थापना सुविधायों से शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण की कार्यवाही सितम्बर 2023 तक पूर्ण कराई जाए। उन्होंने कहा कि अलंकार परियोजना के तहत माध्यमिक विद्यालयों को 16 इंडीकेटर्स से संतृप्त करने के कार्य में नियमित समीक्षा कर तेजी लायी जाए। लर्निंग आउटकम बढ़ाने के साथ-साथ विद्यालयों में छात्रों की नियमित उपस्थिति के भी प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में बताया गया कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने तथा डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने के लिये प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 2.36 लाख टैबलेट सितम्बर 2023 उपलब्ध कराए जाएंगे। 21800 स्मार्ट क्लासेज एवं 4053 आईसीटी लैब्स जुलाई 2023 तक स्थापित किए जाएंगे। कौशल विकास मिशन की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जनपदवार निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कोर्सेज में पंजीकरण कराकर कोर्स को समय से पूरा कराया जाए। कोर्स में विद्यार्थियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रहनी चाहिए। मुख्य सचिव ने जनशिकायतों के निस्तारण में जनपद के पुलिस अधिकारियों द्वारा किये जा रहे अभिनव प्रयोगों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण होना चाहिए अथवा स्पष्टता होनी चाहिये कि किस प्रकार से समस्या का निस्तारण हो सकता है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के प्रकार, क्षेत्र, पुनरावृत्ति के आधार पर विश्लेषण किया जाए और प्रयास होना चाहिए कि इस तरह की शिकायतें बार-बार न आएं। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाभार्थी पुरस्कार-2023 के पैरामीटर्स व स्कोरिंग पैटर्न की जानकारी प्रदान करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के लिये भी निर्देशित किया गया।

इससे पूर्व मंडलायुक्त चित्रकूट ने औद्यानिक फसलों का विस्तार, बुंदेलखण्ड के आर्थिक समृद्धि का आधार, विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने मण्डल में औद्यानिक फ सलों के विस्तार के लिये जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी सिद्धार्थनगर ने मत्स्य पालन विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने जनपद में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में अवगत कराया। बैठक में अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग, प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, मिशन निदेशक कौशल विकास मिशन आन्द्रा वामसी, महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद, राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार, निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सुबोध श्रीवास्तव को सौंपा नवगठित जवाहर बाल मंच का जिम्मा

लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा 'नवगठित जवाहर बाल मंच' संगठन को उत्तर प्रदेश में प्रभावी रूप से देख-रेख करने एवं संगठन विस्तार करने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने प्रदेश महासचिव सुबोध श्रीवास्तव को दायित्व सौंपा है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया संयोजक एवं प्रवक्ता अशोक सिंह ने बताया कि सुबोध श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय छात्र संगठन के कई वर्षों तक अध्यक्ष रहे हैं। कांग्रेस संगठन में विभिन्न पदों पर रहे और वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव हैं। सिंह ने बताया कि सुबोध श्रीवास्तव को जवाहर बाल मंच में सौंपे गए दायित्व पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, अंशू अवस्थी, प्रदेश प्रवक्ता पंकज तिवारी, विकास श्रीवास्तव, हम्माम वहीद, सचिन रावत, अजय चन्द्र चौबे, डॉ. रेहान अहमद खान, नुसरत अली, अनुराग दीक्षित मुन्ना, रजनीश यादव, राकेश पाण्डेय आदि वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने बधाई दी है।

खीरी पहुंची विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति

● समिति में खीरी में सिंचाई एवं जल संसाधन द्वारा किए कार्यों की सराहना की

लखीमपुर खीरी। उप्र विधान परिषद् की दैवीय आपदा प्रबन्धन जाँच समिति अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार समिति के सभापति उमेश द्विवेदी के सभापतित्व में जनपद खीरी पहुँचीए जहां उनके जनपद आगमन पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुष्पगुच्छ देकर सभापति व उनकी टीम का स्वागत किया। गुरुवार को कलेक्ट्रेट में सभापति उमेश द्विवेदी ने सर्वप्रथम गारद की सलामी ली। उसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में समिति के सभापति ने समिति के सदस्य सुरेंद्र चौधरी, सत्यपाल सिंह, ई. अवनीश सिंह एवं स्थानीय विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, अमन गिरी की मौजूदगी में जनपद खीरी व सीतापुर के अफसरों की बैठक ली। समिति ने प्रथम चरण में जनपद सीतापुर एवं द्वितीय चरण में जनपद लखीमपुर खीरी की समीक्षा बैठक की। बैठक की शुरुआत में अधिशासी अभियंता ;बाढ़ खंड्द्ध राजीव कुमार ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए कटावरोधी कार्य एवं जनपद में किए गए नवाचारों पर अपनी प्रस्तुति दी। समिति में जनपद खीरी में सिंचाई एवं जल संसाधन द्वारा किए कार्यों की सराहना की। जनपद में प्रवाहित शारदा एवं घाघरा नदी के प्रवाह की स्थितिए रिजर्व स्टाफएवं शारदा गिरजा बैराज के अफ्लेक्स बंधो की जानकारी दी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभापति उमेश द्विवेदी ने कहा कि सर्पदंश से बचाव के लिए आमजन को जागरूक करें। सर्पदंश से मृत्यु पर अनिवार्य रूप से पोस्टमार्टम कराने के लिए जागरूक करते हुए अनुमन्य सरकारी धनराशि उपलब्ध कराएं। सीएमओ को निर्देश दिए कि सीएससीए पीएचसी पर सर्पदंश

निरोधक औषधि के अलावा अन्य दवाओं की भी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराए। इसका डिस्प्ले भी कराएं। ग्राम चौपालों का व्यापक प्रचार प्रसार कराकर उसकी सार्थकता को जमीन पर साकार करें। ग्रामीणों की समस्याओं का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराएं। अभियान चलाकर चकरोड एवं सरकारी भूमियों को कब्ज़ामुक्त कराएं। बाढ़.कटान प्रभावित क्षेत्रों में राहत चौपालों को और अधिक प्रभावी तरीके से आयोजित कराएं, इस दौरान हेल्थ कैंप भी लगवाया जाए।

सभापति के पूछने पर सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जिले में सरायन नदी को पुनर्जीवित करने का प्रयास प्रारंभ कर दिया गया है। सीएमओ ने अल्ट्रासाउंड मशीन की संख्या एवं क्रियाशीलता बताइ। जिले के तीन सरकारी अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालित हैं। वहीचार निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर में एमओयू करके आम जनमानस को निशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही। सभापति ने अफसरों से बाढ़ए कटान से बचाने के लिए बनाई परियोजना एवं उसके परिणाम एवं लाभ जाने। बाढ़ कटान से निपटने के लिए विभागवार रणनीति एवं उपाय जानें। उन्होंने बाढ़ की विभीषिका से निपटने के लिए कंट्रोल रूम की स्थापनाए उसकी क्रियाशीलताए राहत चौपालए बाढ़रोधी परियोजनाएं सहित विस्थापित परिवारों के लिए प्रशासन की ओर से किए जाने वाले प्रयास जानें। सर्पदंश एवं अग्निकांड से होने वाली जनहानि पर दी जाने वाली सहायता की विस्तृत जानकारी ली। सीतापुर जिले की समीक्षा के उपरांत डीएम अनुज सिंह एवं लखीमपुर जिले की समीक्षा के बाद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने समिति के सभापति एवं अन्य सदस्यों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

मॉकड्रिल में सिखाये आपदा प्रबंधन के गुर, प्रशासन ने परखे सुरक्षा इंतजाम

लखीमपुर खीरी। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बचाव व राहत कार्यों को संचालित करने के उद्देश्य से रिस्पांसिबल ऑफिसरध्डीएम महेन्द्र बहादुर सिंहए एसपी गणेश प्रसाद साहा व इंसीडेंट कमांडरध्एडीएम संजय कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं देखरेख में सदर तहसील के ग्राम श्रीनगर के कर्बला मैदान पर मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। माकड्रिल में प्रशासन ने बाढ़ में डूब रहे लोगों को बचाने, प्रभावित क्षेत्र में खाद्यान्न उपलब्ध कराने, दवा वितरण आदि का पूर्वाभ्यास किया।ग्राम श्रीनगर के कर्बला मैदान से रिस्पांसिबल ऑफिसर/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने ग्राम लंगडीपुर और ग्राम गूम के लिए एक.एक टीम रवाना की। पहली टीम बाढ़ के सम्भावित ग्राम गूम के लिए रवाना हुईए जहां पहुंचकर टीम ने ग्राम को खाली कराया। ग्राम वासियों को सुरक्षित स्थान पर बसाया। दूसरी टीम ग्राम लगड़ीपुर के लिए रवाना हुई। जहा से बाढ़ के पानी में डूबते दो व्यक्तियों को बचाकर राहत शिविर गजोधर प्रसाद इंटर कॉलेज में लाकर चिकित्सा शिविर में लाया गया। घटना स्थल ग्राम लगड़ीपुर में शारदा नदी में बाढ़ आ जाने से क्षेत्र में पैदा हुई बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों के मॉकड्रिल के दौरान दो व्यक्तियों के नदी में डूबते हुए दिखने पर एनडीआरएफ रेस्क्यू रिसपांस टीम के सहायक कमाण्डेण्ट के नेतृत्व में टीम लीडर तथा आपदा मित्रों द्वारा बचाने का पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान जवानों ने देखा कि ग्राम लगड़ीपुर गांव में बाढ़ के पानी में दो व्यक्ति डूब रहे हैं और बचाव.बचाव की आवाज लगा रहे हैं। लगड़ीपुर में व्यक्तियों के बाढ़ के पानी में डूबने का दृश्य देखते ही नावए मेगाफोनए लाइफजैकेटए लाइफब्वायए स्ट्रेचरए सेफ्टी हेलमेटए बाड़ी प्रोटेक्टर इत्यादि जीवन रक्षक उपकरणों के साथ मौजूद रिलीफ रेस्क्यू टीम तथा एनडीआरएफ के जवानों ने आपदा मित्रों के साथ मोटर बोट से नदी में जाकर बाढ़ के पानी से संघर्ष कर रहे दोनों व्यक्तियों को मोटर बोट पर सवार किया और पूरी तत्परता के साथ उन्हें किनारे पर लेकर आये। पूर्वाभ्यास के दौरान उप जिला मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में टीम ने ग्राम गूम पहुंचकर आने वाले कुछ घंटों के भीतर गांव में पानी बढ़ने की सूचना देकर गांव खाली कराया। टीम ने ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर अपनी देखरेख में शिफ्ट कराया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मॉकड्रिल का उद्देश्य यह है कि हम वास्तविक आपदा आने से पूर्व ही उन्हीं परिस्थितियों का सामना करते हुए राहत व बचाव कार्यों को सम्पन्न कराकर अपनी तैयारियों को परख रहे हैं ताकि वास्तविक स्थिति उत्पन्न होने पर सभी सम्बन्धित विभाग बेहतर ढंग से कार्य कर सकें।

नगर आयुक्त ने स्वच्छता अभियान का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर। महापौर अर्चना वर्मा एवं नगर आयुक्त के निर्देषानुसार नगर क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में महा स्वच्छता अभियान को सफल बनाये जाने हेतु विषेश सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है। नगर क्षेत्र के मो. दलेलगंज में चलाये जा रहें महा स्वच्छता अभियान का निरीक्षण नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा ने प्रात: कालीन क्षेत्रीय मा. पार्षद के साथ किया । निरीक्षण के समय महा स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत कराये जा रहें सफाई कार्य की स्थिति को देखा। क्षेत्र की गलियों को भ्रमण भी किया गया। निर्देषित किया नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा ने कहा नगर क्षेत्र को साफ एवं सुथरा रखने हेतु महा स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत विषेश सफाई कार्य कराया जायें। निरीक्षण के समय क्षेत्रीय पार्शद अनूप गुप्ता उपस्थिति रहें। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा ने महमंद जलालनगर, अन्टा, मोहम्मदजई, अजीजगंज में महा स्वच्छता अभियान का निरीक्षण किया।

पूर्व विधायक की दुकानों के अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई

प्रशासन ने चलवा दिया बुलडोजर

शाहजहांपुर। भाजपा से सपा में आए पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा के शोरूम और दुकानों के आगे बनी चबूतरे और लोहे की ग्रिल को अवैध करार देते हुए प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया देखते ही देखते रेलिंग को तोड़ दिया गया। हादसा न पेश आए इसलिए भारी पुलिस बल और पीएसी की तैनाती किया गया था कार्रवाही के दौरान एडीएम और एसपी सिटी भी मौके पर मौजूद रहे सपा जिलाध्यक्ष पदाधिकारियों के साथ मौके पर जाकर विरोध मगर प्रशासन ने कार्यवाही को जारी रखा।

निगोही के हाइवे हाईवे किनारे पतराजपुर में बने पूर्व विधायक रोशनलाल के शोरूम के बाहर 21 दुकानों के शटर लगे हैं। शोरूम के बाहर तीन मीटर का चबूतरा और उसके उपर लोहे की ग्रिल लगाई थी। प्रशासन ने हाईवे किनारे अवैध निर्माण करने वालों को चिन्हित कर निशान लगाए थे प्रशासन ने हाईवे किनारे अवैध कब्जों को चिन्हित कर कब्जा करने वालों को नोटिस देकर कार्रवाई के लिए एक तारीख तय की गई थी जिसके बाद गुरूवार को सरकारी अमला दलबल के साथ पंहुचा और उसने 3 मीटर का चबूतरा तोड़ा दिया इस मौके पर जिलाध्यक्ष तनवीर खां समेत तमाम नेता भी पूर्व विधायक के सर्मथन में मौके पर

पहुंच गए। इसका विरोध भी किया अधिकारीयों के आदेश पर बुलडोजर चलाकर तीन मीटर का चबूतरा और लोहे की ग्रील को तोड़ दिया। मौके पर खुद पूर्व विधायक मौजूद रहे उन्होंने से स्टे होने की बात भी कही मगर अधिकारियों ने उनकी एक नहीं सुनी मीडिया को अपना दर्द बताते हुए उन्होंने कहा जिले में में लोकतंत्र और संविधान बचा नहीं है। क्षेत्र में भाजपा विधायका का कानून है जैसा वह कहती है अधिकारी करते है। मगर समय एक जैसा नहीं रहेगा एक दिन आएगा उत्पीड़न का हिसाब होगा। कुछ समय पहले ही हाईवे किनारे अवैध कब्जों को चिन्हित कर कब्जा करने वालों को नोटिस दिए जा चुके थे।

उसके बाद कार्रवाई के लिए एक तारीख तय की गई थी। इसलिए आज कार्रवाई की गई है। अवैध कब्जे जितने भी हैं। सभी हटवाए जाएंगे। किसी के साथ पक्षपात नही किया जा रहा है।

क्विक न्यूज

विधायक ने गोला और कुंभी में किया हेल्थ एटीएम का शुभारंभ

लखीमपुर खीरी। सीएचसी गोला और पीएचसी कुंभी में हेल्थ एटीएम की शुरुआत गुरुवार को हो गई। इसका शुभारंभ गोला विधायक अमन गिरी द्वारा किया गया। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश भी मौजूद रहे। गोला भाजपा विधायक अमन गिरी द्वारा सीएचसी गोला और पीएचसी कुंभी पर हेल्थ एटीएम का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार गांव.गांव तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना चाहती है। सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उसी कड़ी में उनकी निधि से हेल्थ एटीएम लगवा कर एक छोटा सा प्रयास किया गया है। यह हेल्थ एटीएम उन्होंने गोला और कुंभी की जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि अब इन हेल्थ एटीएम के लग जाने से आम जनमानस इससे 98 जांच करा सकता है आवश्यकता के अनुसार इन जांचों को कराकर डॉक्टर्स के द्वारा बेहतर उपचार हो सकता है। अब इन हेल्थ एटीएम का सीधा फायदा गोला और कुंभी की जनता सहित आसपास की आम जनता को मिलेगा। इस दौरान डॉक्टर्सए पैरामेडिकल स्टाफसहित स्वास्थ विभाग के अन्य कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

40 दिन बाद कब्र से निकाली गई किशोरी की लाश

बरेली। किशोरी की मौत के बाद परिजनों ने आनन-फानन में उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया लेकिन मृतका की बड़ी बहन ने की और ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाकर जिलाधिकारी से शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की तब आज पुलिस प्रशासन ने चालीस दिन बाद कब्र से शव को निकाल कर पोस्टमार्टम केलिए भेजा। किला थाना क्षेत्र के मिलक रोठा निवासी शहरीन पुत्री कमरुद्दीन की चालीस दिन पहले मौत हो गई थी मृतका की बहन कमरीन ने बताया कि उनकी मां की 10 साल पहले मौत हो गई थी पिता शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर हैं घर में वह, उनकी बहन शहरीन और एक भाई था आर्थिक तंगी से परेशान होकर वह सहारनपुर में पैकिंग का कार्य करन चली गई 10 जून को चचेरे भाई से मोबाइल पर सूचना मिली कि उसकी बहन शहरीन ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है समरीन ने बताया जब वह घर पहुंची तब तक परिवार और रिश्तेदारों ने उसकी बहन के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया उन्होंने अज्ञात के खिलाफबहन की हत्या का आरोप लगया उन्होंने उसने एसएसपी और डीएम से शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की जिनकी अनुमति मिलने के बाद एसडीएम और पुलिस अधिकारी रोठा मिलक पहुंचे जहां उनकी मौजूदगी में शव को कब्र से निकाला गया वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने निर्यातकों की समस्याएं सुनीं

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के निर्यातकों की समस्याओं के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी निर्यातकों की समस्याओं को सुना तथा उनका प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु उपायुक्त उद्योग श्री अनुराग यादव को निर्देशित किया। बैठक के दौरान अनुराग यादव ने बताया कि जनपद शाहजहांपुर से निर्यात से संबंधित समस्त सूचना डीजीएफटी कार्यालय कानपुर द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि जनपद शाहजहांपुर से निर्यात होने वाले प्रमुख उत्पाद ब्रोकन राईस, बासमती राईस, गेहूं, रिफाइंड शुगर, पेपर प्रोडक्ट्स, सर्जिकल इंस्ट्रूमेंट्स, गारमेंट्स प्रोडक्ट्स आदि है। शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2021-22 मई कुल रुपए 5098010050 तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल रुपए 4732180694 का निर्यात किया गया है। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्यातकों को निर्यात में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। नए निर्यातकों को बाजार में आ रही समस्या, बाजार की उपलब्धता तथा निर्यात करने हेतु उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना सुनिचित करें।

मेडिकल संचालक की मौत पर अस्पताल में हंगामा

बरेली। एक मेडिकल संचालक की एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही और गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरूकर दी। उत्तराखंड के उधमसिंह नगर किच्छा निवासी मोहम्मद फैजान मोहम्मद हसन मेडिकल संचालक था उसे बुधवार की दोपहर रीढ़ की हड्डी में दिक्कत के कारण बरजंग ढाबा के पास एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां शाम साढ़े छह बजे उसे ऑपरेशन के लिए ले जाया गया जहां इंजेक्शन लगाते ही फैजान की हालत बिगड़ गई डॉक्टरों ने तत्काल आईसीयू में भर्ती कराया और परिजनों को जानकारी दी, कि मरीज की सांस नहीं आ रही है और धड़कन काफी कम हो गई है जिसके बाद से ही फैजान आईसीयू में था सुबह 10 बजे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई जिसकी जानकारी होते ही परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा कर दिया हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत करा दिया पुलिस ने डॉ. सतीश कुमार से पूछताछ की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

महिला की गला दबाकर हत्या ससुराल वाले फरार

बरेली। रूदहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने अपने भाई व परिवार के साथ मिलकर महिला की हत्या कर दी और शव को घर पर छोड़ कर फरार हो गए जब इसका पता परिवार वालों को लगा तो उन लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुचीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना फतेहगंज पश्चिमी के गांव माधोपुर माफी निवासी हरपाल ने अपनी बेटी रेखा का विवाह थाना विशारतगंज के सादुल्लागंज निवासी मनोज कुमार के साथ अब से चार साल पहले किया था दहेज उत्पीड़न को लेकर सात महीने पहले मनोज ने रेखा को मारपीट कर घर से निकाल दिया था रेखा के परिजनों ने मुदकमा दर्ज करा दिया तब से रेखा मायके में रह रही थी कुछ दिन पहले मनोज रेखा को अपने साथ ले आया बुधवार को मनोज ने अपने परिवार के साथ मिलकर रेखा की हत्या कर दी और फरार हो गए परिवार को इसका पता चला तो उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर इसकी सूचना पुलिस को दी।

नगर पंचायत पैंतेपुर में लोगों का बुरा हाल

कहीं भी नहीं लगे हैं डस्टबिन

● मोहल्लेवासी व दुकानदार मार्गों पर कूड़ा डालने को मजबूर

सीतापुर। सीतापुर की सबसे छोटी निकाय नगर पंचायत पैंतेपुर में जिम्मेदारों की अनदेखी स्वच्छ भारत मिशन अभियान को मुंह चिढ़ा रही है। नगर में गंदगी का अम्बार लगा हुआ हैए कूड़ा मुख्य मार्गों पर बिखरा पड़ा रहता है। मोहल्लेवासी और दुकानदार नगर में डस्टबिन न लगे होने के कारण घर या दुकान के बाहर ही कूड़ा डालने को मजबूर है। नगर पंचायत पैंतेपुर में केवल 11 वार्ड ही है लेकिन वार्डवासियों के सामने कूड़ा डालने की समस्या है पिछले करीब एक साल से नगर से डस्टबिन गायब हैए डस्टबिन के स्टैंड लोगों को मुंह चिढ़ा रहे है। डस्टबिन न होने से यहां के लोग और दुकानदार सड़क पर ही कूड़ा फेंक देते है। यह कूड़ा नालियों में इकट्ठा हो रहा है जिससे नालियां चोंक हो गई है। जरा सी बारिश होते ही नालियां उफनाने लगती है और नालियो का गंदा पानी मार्गों पर बहने लगता है। गंदा पानी इकट्ठा होने से संक्रामक रोगो का खतरा भी बना रहता है। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर पंचायत द्वारा सूखे व गीले कचड़े के लिए अलग. अलग डस्टबिन लगावाए गए थेए लेकिन अब नगर से डस्टबिन गायब है और केवल स्टैंड ही लगे रह गए है। आई इंडिया पैंतेपुर संवाददाता मोहम्मद कदीर ने मोहल्ला फीलखानाए नई बाजारए फुलवारी और कोठी आदि मोहल्लों में जाकर लोगों से बात की तो एक स्वर ने सभी ने यही कहा कि जब डस्टबिन गायब है तो हम कूड़ा कहां डालेए सफाईकर्मी सुबह कूड़ा उठा ले जाते है लेकिन दिनभर जो कूड़ा होता है उसके लिए न ही कोई स्थान नगर पंचायत द्वारा एलाट किया गया है और न ही डस्टबिन लगे है। कूड़ा डालने की समस्या पर जिम्मेदार अंजान बने हुए है और गंदगी में हम लोगों को रहना पड़ रहा है। यहीं नहीं कस्बे की पैंतेपुर पुलिस चौकी से भी डस्टबिन नदारद है और डस्टबिन स्टैंड लोगों को मुंह चिढ़ा रहा है।

पति ने ठुकराया, प्रेमी ने अपना लिया

● चार वर्ष पहले नाजिया का थानगांव इलाके के मेराज के साथ हुआ था निकाह ●रोज के लड़ाई झगड़े से तंग आकर नाजिया ने मेराज से तोड़ लिया था रिश्ता ●सीतापुर जिले के सदरपुर थाना क्षेत्र का है मामला ●मायके में रहने के दौरान नाजिया का घनश्याम से हो गया था प्रेम संबंध ●मजहब की दीवार तोड़ एक हुए नाजिया और घनश्याम

संवाददाता। सीतापुर

सीतापुर जिले में फिर एक मुसलमान लड़की के हिन्दू धर्म स्वीकार कर हिन्दू प्रेमी संग सात फेरे लेने का मामला सामने आया है। सदरपुर थाना क्षेत्र में नाजिया ने गायत्री बनकर घनश्याम को अपना जीवनसाथी बना लिया। बता दें कि 25 वर्षीय नाजिया का निकाह 4 साल पहले थानगांव थाना इलाके के कुम्हारनपुरवा निवासी मेराज पुत्र अनीश के साथ हुआ था। आपस में रोज के लड़ाई झगड़े से तंग आकर करीब एक साल पहले नाजिया मेराज से रिश्ता तोड़कर अपने मायके में रहने लगी थी। इसी दौरान उसका परिचय जहांगीराबाद के मजरा मीनापुर निवासी 26 वर्षीय घनश्याम पुत्र स्व. रामखेलावन से हुआ।

धीरे-धीरे परिचय नजदीकी और फिर प्यार में बदल गया। दोनों लोग शादी करना चाहते थे, लेकिन समुदाय का अलग होना उनकी राह में रोड़ा बन रहा था, लेकिन कहते हैं कि प्यार करने वाले अंजाम की कहां परवाह करते हैं, तो इसी तर्ज पर नाजिया घर की दहलीज और मजहब की दीवार पार कर घनश्याम के पास पहुंच गयी। इसके बाद नाजिया ने गायत्री बनकर कोर्ट में विवाह कर लिया। कोर्ट में दिए शपथ पत्र में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने एक माह पहले बक्शी तालाब के मां चन्द्रिका देवी मंदिर में एक-दूसरे को माला पहनाकर शादी कर ली थी। इस बीच यह बात विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं तक पहुंची जिस पर गुरूवार को बिसवां तहसील अन्तर्गत टिकरा गांव में निर्माणाधीन दुर्गा माता मंदिर पर गायत्री बनी नाजिया और घनश्याम ने विधिवत सात फेरे ले लिए। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत भी गाए। इस मौके पर विहिप के विभाग मंत्री आदित्य त्रिपाठी, जिला संयोजक आशुतोष वर्मा, समरसता प्रमुख सत्येन्द्र शर्मा सहित विहिप और बजरंग दल के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। शादी में पंडित की भूमिका कमलेश शुक्ला ने निभायी। बताते हैं कि इस क्षेत्र में यह पांचवी ऐसी शादी है जिसमें मुस्लिम लड़की ने हिन्दू धर्म स्वीकार कर हिन्दू लड़के के साथ फेरे लेकर उसे अपना जीवन साथी बनाया है।

बाढ़ पीड़ित 87 में से 40 परिवारों को राहत सामग्री की ड्राई किट वितरित

शाहजहांपुर। डीएम उमेश प्रताप सिंह ने तहसील कलान के ब्लॉक मिर्जापुर स्थित पृथ्वीपुर ढाई में पहुंच कर बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का जायेजा लिया। गोपालपुर ढाई प्राथमिक विद्यालय में लगाए गए राहत कैंप में पहुंचकर मौजूद बाढ़ पीड़ितों से वार्ता कर उनके क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली। डीएम ने राहत चौपाल में मौजूद विस्थापित परिवारों से वार्ता की। उन्होंने पृथ्वीपुर ढाई के विस्थापित परिवारों को लगाये गये राहत शिविर में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत राहत सामग्री वितरित की।

डीएम ने बाढ़ पीड़ित कुल 87 विस्थापित परिवारों में से तहसील कलान के प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर ढाई में बनाए गए राहत शिविर में 40 बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री के रूप में ड्राई किट वितरित की। जिलाधिकारी ने शेष बाढ़ पीड़ित परिवारों को ड्राइ किट बांटने हेतु राजस्व निरीक्षक को निर्देशित

किया। राहत शिविर में मेडिकल टीमें भी तैनात की गई जिससे कि बाढ़ पीड़ित विस्थापित परिवारों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। राहत शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। जिलाधिकारी ने किसानों की बर्बाद हुई फसलों का आंकलन कराकर क्षतिपूर्ति दिलाने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि हर मुश्किल में प्रशासन उनके साथ है। उन्होंने कहा कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम नंबर 05842-220017, 05842- 220018, व राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम नंबर 1070, 94544 41081 पर संपर्क कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ पीड़ित विस्थापित परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी।

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की अस्पताल में मौत

बरेली। बुआ के घर से दावत खाकर अपने घर लौट रहे एक बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बीती रात उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव गुनारा निवासी नरेंद्र सिंह ने बताया 26 जून को उनका 25 वर्षीय बेटा शिवम कुशवाहा दावत खाने के बाद अपनी बुआ के गांव गुलड़िया से वापस आ रहा था। जलालाबाद में बारा पत्थर चौराहे के पास तेजी से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घर वालों को दुर्घटना की सूचना दे दी जो उसे इलाज के लिए बरेली लाए और निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बीती रात उसकी मौत हो गई।

सभापति ने विशेष नामांकन रैली को दिखाई हरीझंडी

संवाददाता। लखीमपुरखीरी

विशेष नामांकन अभियान की सफलता को लेकर जनपद खीरी में माध्यमिक विद्यालयो के छात्र.छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। गुरुवार को कलेक्ट्रेट से उप्र विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबन्धन जाँच समिति के सभापति उमेश द्विवेदी ने समिति के अन्य सदस्योंए विधायक विनोद शंकर अवस्थीए डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एसपी गणेश प्रसाद साहा ने माध्यमिक शिक्षा परिषद के तहत विशेष नामांकन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

सभापति उमेश द्विवेदी ने कहा कि सभी बच्चों को शिक्षा सुलभ कराने के उद्देश्य से माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से अधिक से अधिक नामांकन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी के तहत यह नामांकन जागरूकता रैली निकाली जा रही। हमें पूरी लगन से इस नामांकन अभियान के मिशन

में लगना होगा। शिक्षा के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए यह अभियान कारगर साबित होगा। शत.प्रतिशत नामांकन कराना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि अपने बच्चों के भविष्य को स्वर्णिम बनाने के लिए स्कूल में दाखिला जरूर करवाएं।

जागरूकता रैली के माध्यम से बच्चों व अध्यापकों ने अभिभावकों को सरकारी स्कूल में प्रवेश लेने के लिए जागरूक किया। रैली के दौरान खुशबू हो हर फूल मेंए हर बच्चा स्कूल मेंए आधी रोटी खायेंगे फिर भी स्कूल जायेंगेए घर.घर में यह दीप जलाओए हर बच्चे को स्कूल पहुंचाओए लड़का.लड़की एक समानए शिक्षा से दोनों बनेंगे महानए शिक्षा से देश सजाएंगेए हर बच्चे को पढ़ायेंगे। शिक्षा है अनमोल रतनए पढ़ने का सब करो जतन गगनभेदी नारों से लोगों में सकारात्मक संदेश प्रदान किये गए। इन नारों से शहर की गलियां गुंजायमान रहीं।

गुरुवार को रैली में शामिल एनसीसी कैडेट्स व छात्र.छात्राओं में हाथों में नामांकन जागरूकता की तख्तियां थामे माध्यमिक विद्यालयों में नामांकन जागरूकता का संदेश देते नजर आए। यह जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट से शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट में विसर्जित हुई। इस जागरूकता रैली में सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेजए पंण् दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिरए आर्यकन्या इंटर कॉलेजए गांधी विद्यालय इंटर कॉलेजए धर्मसभा इंटर कॉलेजए स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेजए जीआईसी सहित दो दर्जन स्कूलों के छात्र.छात्राएं शामिल हुए। जागरूकता रैली में शामिल सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेजए पंण् दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिरए आर्यकन्या इंटर कॉलेज का स्कूली बैंड लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा।

विकास एवं कानून व्यवस्था की मंडलायुक्त ने की प्रगति समीक्षा, गुणवत्तापूर्ण विकास पर दिया जोर

- ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाने के दिये निर्देश
- जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था पर जताया असंतोष

संवाददाता। चित्रकूट

आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा आर पी सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्य एवं कानून व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। इस मौके पर मंडलायुक्त ने कहा कि मंडल के किसी भी जनपद में ओवरलोड वाहनों का संचालन नही होना चाहिए। इसके अलावा आयुक्त ने कहा कि धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण चित्रकूट जनपद मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है। इसलिए शासन की मंशानुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। समीक्षा बैठक में आयुक्त आर पी सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराये जाये। कहा कि समीक्षा में स्वास्थ्य विभाग की प्रगति ठीक नहीं रही। उन्होंने अपर निदेशक स्वास्थ्य तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने विभागीय कार्य में प्रगति कराएं।

संयुक्त विकास आयुक्त बांदा को निर्देश दिए कि जिन विकास कार्यों में प्रगति कम है उनकी समीक्षा करें। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों तथा मुख्य विकास अधिकारियों से कहा कि असहाय व गरीब व्यक्ति जिनके पास मकान नहीं है उसकी सूची बनाकर मुख्यमंत्री आवास की मांग की जाए। वृक्षारोपण का जो लक्ष्य सभी विभागों को दिया गया है अभी से ही पौधारोपण कराना सुनिश्चित करें। ताकि 22 जुलाई तक सभी विभाग अपने लक्ष्य की पूर्ति कर सकें।

मंडलायुक्त आरपी सिंह ने जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में कहा कि पौधा लगाने का लक्ष्य वन विभाग के बाद पंचायती राज विभाग को दिया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेन्द्र से कहा कि लगाए जा रहे पौधों में जियो टैगिंग करायें।

उन्होंने सभी जिलाधिकारी से कहा कि 22 जुलाई तक किसी भी अधिकारी को अवकाश न दें। आयुक्त आरपी सिंह, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतलाल कौर ने नगर पालिका परिषद कर्वी के खोही के बड़ा तालाब में श्री कामदनन्दन वन में बरगद, पीपल, पाकड़ (हरिशंकरी) के पौधे रोपित किये। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम कुंवर बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

गांव से नगरों तक बढ़े कंजेक्टिवाइटिस के मरीज

फतेहपुर। शहर से लेकर गांव तक आंखों में संक्रमण यानी कंजेक्टिवाइटिस के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आंखों में लालिमा, जलन होना, खुजली होना, आंखों से पानी आना एवं सूजन जैसी समस्याओं से ग्रसित लोग गांव के मजरों से लेकर शहर की गलियों तक देखे जा सकते है। आंखों से संबंधित इस रोग से ग्रसितों में बड़ी तादात में छोटे बच्चे भी पीड़ित है। तमाम बच्चे आखों में जलन, खुजली होना, दर्द व आंखों से पानी आने की शिकायत को लेकर डॉक्टरों के पास जा रहे हैं। जहां अस्पताल में तैनात चिकित्सको ने ऐसे बच्चों को दवाई देने के साथ ही पूरी तरह आराम मिलने में छह से आठ दिनों तक समय लगना बताया है। आंखों से संबंधित इस संक्रमण को चिकित्सा विज्ञान की भाषा में कंजेक्टिवाइटिस कहा जाता है। चिकित्सकों की मानें तो बरसात का मौसम में संक्रमण इस रोग के फैलने की अहम वजह है। कंजेक्टिवाइटिस के लक्षण: आंखों का लाल होना, आंखों में जलन व खुजली होना।

ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों में चलेगा वृक्षारोपण अभियान

- आमजन की सहभागिता से वृक्षारोपण के लक्ष्य को पूर्ण किया जाये-कमिश्नर
- 93 लाख 62 हजार 440 पौधे रोपित करने का मिला है लक्ष्य

संवाददाता। उरई, जालौन

गुरुवार को जनपद के नोडल अधिकारी मण्डलायुक्त आदर्श सिंह ने वृक्षारोपण की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा वृक्षारोपण हेतु प्राप्त लक्ष्य 93,62,440 प्राप्त हुआ हैं। सभी संबंधित अधिकारी वृक्षारोपण लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा कि संबंधित पौधशालाओं से वृक्षारोपण हेतु पौध का उठान सुनिश्चित करें जिससे वृहद स्तर पर 22 जुलाई 2023 को जनप्रतिनिधियों की सहभागिता व आमजन की सहभागिता से वृक्षारोपण अभियान के तहत लक्ष्य को पूर्ण किया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम वन एवं स्वास्थ्य विभाग को आयुष वन, नगर पालिका, नगर पंचायत में नंदन वन बनाया जायेगा।

वृक्षारोपण को उत्सव के रूप में मनाये अधिकारी वृक्षारोपण को गंभीरता से लेते हुये समस्त विभाग लक्ष्य के सापेक्ष पौध रोपण करें, वृक्षारोपण शासन की प्राथमिकताओं में हैं इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण को अभियान के रूप में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाये साथ ही सोशल मीडिया पर पौधे के साथ सेल्फी लेकर अपलोड करें।

उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में छायादार वृक्ष लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त ग्रामों में प्रवेश करने से लेकर ग्राम के अंत तक सड़क के दोनों तरफ पौधारोपण सुनिश्चित करें, इसी प्रकार समस्त गौशालाओं में छायादार वृक्ष लगाये जायें।

सामुदायिक बैठकों में खनन बस्तियों के मजदूरों की समस्याओं पर की गई चर्चा

चित्रकूट। बाल आवाज फोरम चित्रकूट के द्वारा विकास खंड कर्वी अन्तर्गत अकबरपुर गांव की खजांची, नई दुनिया तथा बुधनगर खनन मजदूर बस्तियों में 0 से 18 वर्ष के बच्चों के दु:खों पर सामुदायिक बैठकें आयोजित की गईं। बच्चों के दु:खों पर गांव की महिलाओं ने सबसे बड़ा दु:ख बताया कि रोजगार न होने के कारण हमारे बच्चे पढ़ाई छोड़कर मजदूरी करने जातें है। खजाँची बस्ती की महिलाओं ने कहा कि 13 साल से लेकर 18 साल तक के लड़के लड़कियाँ यदि काम में न जाये तो हमारा जीवन चलना मुश्किल है। खजाँची बस्ती की किशोरियों ने कहा कि हैण्डपम्प के चारों ओर गन्दगी है पानी निकास की कोई व्यवस्था नहीं है। 3 से 6 वर्ष के अधिकांश बच्चों को पोषाहार नहीं मिल रहा है।

बैठक में आंगनवाड़ी कार्यकत्री भी उपस्थित थीं। उन्होंने बताया कि अधिकांश बच्चों का आधार कार्ड नहीं बना हैं जिसके कारण पोषाहार नहीं मिलता हैं। खजांची बस्ती की महिलायें अपनी बात करने में बहुत भयभीत थीं उन्होने कहा कि कोरोना के समय हमारे गॉव बहुत पुलिस आयी थी, अब डर लगता है किसी के सामने बोलने में। बुधनगर की सामुदायिक बैठक में 11 से 18 वर्ष के बच्चों ने प्रतिभाग किया। यहाँ सबसे अधिक बस्ती कोल आदिवासी खनन मजदूरों की है। इनके बीच से एक भी किशोर और किशोरी शिक्षित नहीं मिला। बच्चों को बालिका कुसुम के दर्द की कहानी सुनायी गयी।

डीआईजी ने एसपी वृंदा शुक्ला को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

चित्रकूट। भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में आयोजित सोमवती अमावस्या के विराट मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए डीआईजी विपिन कुमार मिश्रा ने चित्रकूट जिले की पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला समेत सभी राजपत्रित अधिकारीगण को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया है। गुरुवार को चित्रकूट के दौरे पर आये पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा विपिन कुमार मिश्र ने 16से 18जुलाई तक आयोजित श्रावण मास की सोमवती अमावस्या के विराट मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, नोडल अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं सीओ सिटी हर्ष पांडेय समेत समस्त क्षेत्राधिकारियों सहित चित्रकूट पुलिस की प्रसंशा की गयी। डीआईजी श्री मिश्र ने कहा कि इस मेले में उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रांतों से भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुगण द्वारा प्रतिभाग किया गया।

वृक्षारोपण अभियान के तहत जिला पंचायत रोपित करेगी 11 हजार पौधे

- जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक में की गई घोषणा

संवाददाता। फर्रुखाबाद

जिला पंचायत जनपद में 11000 पौंधे लगाकर करेगी वृक्षारोपण मोनिका यादव जिला पंचायत की बैठक वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष मोनिका यादव की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभागार में हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अवनींद्र कुमार एअपर मुख्य अधिकारी शिशुपाल शर्मा एवम सचिन सिंह यादव भी मौजूद रहे। अधिकांश जिला पंचायत सदस्य भी मौजूद रहे। अध्यक्ष मोनिका यादव ने कहा कि 11000 पौधों का सातों ब्लाको में वृक्षारोपण होना है। सभी सदस्य अपने अपने क्षेत्र में पौंधे लगवायेगे। हर एक सदस्य अपने क्षेत्र में 500 पौंधे लगवाएगे। 21,22,23 को परिषदीय विद्यालय,सरोवर व अन्य स्थान पर सभी वृक्ष लगाए जाएंगे।

अपर मुख्य अधिकारी शिशुपाल शर्मा ने कहा कि 30 सदस्यों के क्षेत्र में जिला पंचायत का कर्मचारी दो दो क्षेत्रों में वाहन से पौंधे पहुचाएगे। इस प्रकार 15 कर्मचारी सभी 11000 पोंधे सभी 30 सदस्यो के क्षेत्र में पहुचायेगे। इन पौंधो में आम, जामुन, सांगवान, अमरूद के पौधे होंगे। सचिन सिंह यादव ने कहा कि 21 को प्रथम दिन बढ़पुर व कमालगंज रहेगा जिसमे याकूतगंज व कमालगंज में वृक्षारोपण के समय अध्यक्ष मोनिका यादव भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगी।

दूसरे दिन मोहम्मदाबाद में नीमकरोरी, सितवनपुर पिथू तथा नवाबगंज के सवलपुर की गौ शाला में एवं 23 को तीसरे दिन शमशाबाद, कायमगंज में वृक्षारोपण के समय अध्यक्ष मोनिका यादव भी मौजूद रहकर पौधा भी लगाएंगी।

क्विक न्यूज

अखबार एंजेंसी संचालक से दारोगा ने की अभद्रता

मौदहा, हमीरपुर। बीती रात अखबार एजेंसी मालिक द्वारा एक घटना की वीडियो बनाते देख आक्रोशित दरोगा ने उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाइल छीन जमकर अभद्रता की। इस घटना की शिकायत सीओ मौदहा से की गयी गयी है। नगर के फतेपुर निवासी नीरज कुमार दो अखबारों की एजेंसी लिए हुए हैं जिन्हें वह अपने कर्मचारियों द्वारा अपने ग्राहकों के घरों तक आपूर्ति करवाता है। बुधवार की रात नीरज की पत्नी अस्पताल में भर्ती थी जिसके चलते वह सहयोग के लिये अपने दादा को लेने बाईक से पूर्वी तरौस जा रहा था तभी तहसील मार्ग पर दो पक्षों में विवाद होता देख नीरज वहां खड़ा होकर उसका वीडियो बनाने लगा तभी वहां मौजूद नीरज पाठक ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर उसका मोबाइल छीन उसके साथ अभद्रता करते हुये उसे भगा दिया।

मलिन बस्ती से 20 बच्चों का स्कूल में कराया दाखिला

कानपुर देहात। जिलाधिकारी के निर्देशन में बेसिक शिक्षा अधिकारी उन बस्तियों में गयीं जहां से बच्चे कम संख्या में स्कूल आते हैं ऐसी ही एक अकबरपुर तहसील की मलिन बस्ती के वार्ड संख्या-11 में गयीं और वहां पर उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व को बतलाया और उनको प्रेरित करते हुए स्कूल में दाखिला लेने हेतु प्रेरित किया उनके इस पहल का ही परिणाम रहा कि कुल 20 बच्चे स्कूल में दाखिला लेने हेतु तैयार हुए। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि हम इसी तरह से विभिन्न मलिन बस्तियों में जाकर स्कूल जाने के लिए प्रेरित करेंगे।

जल कलश यात्रा और गोष्ठी का किया गया आयोजन

कानपुर देहात। जिलाधिकारी के निर्देशन में आज दिनांक 20 जुलाई 2023 को ''खेत तालाब'' परियोजना ग्राम गुरूगांव, विकासखण्ड मलासा में भूजल सप्ताह (दिनांक 16 जुलाई 2023 से 22 जुलाई 2023) के अवसर पर ''जल कलश यात्रा'' का आयोजन भूमि संरक्षण अधिकारी देवेन्द्र कुमार वर्मन की अध्यक्षता में किया गया। इसके साथ ही एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें कृषकों को जल संरक्षण करने हेतु जागरूक किया गया। दोनों कार्यक्रमों के दौरान ग्राम प्रधान रामकिशोर उपस्थित रहे, उनके द्वारा बताया गया कि जल संरक्षण हेतु भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा किया जा प्रयास सार्थक सिद्ध होगा। इस दौरान विभागीय कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सात अपराधी किये गये जिला बदर

हमीरपुर। न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट ने आज सात अपराधियों को छह माह के लिये जिला बदर किया गया है। दूसरे जिले में जहा पर निवास करेगे वहां की पुलिस को सूचना देगे। पुलिस के अनुसार समाज में भय का बातावरण बनाने व अपराध करने के आरोप में सत्यम सिंह निवासी हमीरपुर शहर,आदित्य सिंह सेंगर निवासी थाना व कस्बा कुरारा, फिरोज खान निवासी थाना व कस्बा मौदहा,गौरव राजपूत निवासी ग्राम अटगांव थाना मझगवां,अनिल कुमार निवासी ग्राम भेडीडाडा थाना जलालपुर, सहदीप निवासी ग्राम ममना थाना जलालपुर सलमान निवासी थाना व कस्बा राठ को छह छह माह के जिला बदर किया गया है।

गंगा समग्र का वृक्षारोपण अभियान पहुंचा दूजी देवी इंटर कॉलेज

संवाददाता। फतेहपुर

गंगा समग्र द्वारा चलाया जा रहा वृक्षारोपण अभियान आज भिटौरा के दूजी देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज पहुंच गया। गंगा समग्र द्वारा एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज में किया गया। नीम, पाकड़, जामुन, अमरूद, शरीफा, आंवला, बेल, सागौन आदि कई प्रकार के फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण गंगा समग्र के कार्यकर्ताओं और स्थानीय गंगा भक्तों द्वारा कॉलेज परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सहभागिता कर रही उप श्रमायुक्त सुमित सिंह, गंगा समग्र के प्रांत प्रमुख कुलदीप सिंह भदौरिया एवं मुख्य संरक्षक संजय कुमार श्रीवास्तव ने की।

सोशल ऑडिट टीम ने बस्तेपुर गांव में ग्रामीणों से जानी कार्यों की हकीकत

कुठौंद, जालौन। ग्राम पंचायत बस्तेपुर में प्रधान प्रतिनिधि की अध्यक्षता में सोशल ऑडिट की टीम के द्वारा एवं ग्राम विकास अधिकारी वेद प्रकाश विकास अधिकारी नरेश सचान रोजगार सेवक एवंग्रामीणों की मौजूदगी में सोशल ऑडिट की बैठक का आयोजन किया गया। सोशल ऑडिट टीम ने ग्रामीणों के समक्ष ग्राम सभा स्तर पर मनरेगा योजना अंतर्गत कराए गए कच्चे एवं पक्के जैसे जलरोक बांध, मेड़ बंदी एवं इंटरलॉकिंग, गौशाला के बारे में जानकारी देते हुए मौजूद ग्रामीणों से जानना चाहा कि गांव में कराये गये विकास कार्य गुणवत्ता से कराये गये या नहीं। गांव में कराये गये कार्यों से आप लोगों को उसका लाभ मिल रहा है कि नहीं।

पेज एक का शेष

मणिपुरः महिलाओं...

निर्देश दिया। सिंह ने आगे कहा कि उनकी सरकार राज्य में शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और इसके तहत अलग-अलग समुदायों के विभिन्न सिविल सोसाइटी संगठनों, उद्यमियों, धार्मिक नेताओं से बातचीत की जा रही है। उन्होंने कहा, हम लंबे समय से साथ रहते आए हैं और भविष्य में भी साथ रहेंगे, समुदायों के बीच की गलतफहमी दूर की जा सकती है और बातचीत के जरिए इसे सुलझाया जा सकता है ताकि हम फिर से शांतिपूर्ण तरीके से साथ रह सकें। मेइती समुदाय के प्रभावशली संगठन... कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑन मणिपुर इंटिग्रिटी (सीओसीओएमआई) ने भी एक बयान जारी करके कहा कि वह मणिपुर के सुदूर गांव में दिन-दहाड़े दो महिलाओं को निर्वस्त्र परेड कराने की बर्बर और असभ्य हिंसक घटना की कटु आलोचना करते हैं। बयान में कहा गया कि सीओसीओएमआई आरोपियों को ढूंढ़ निकालने का हर प्रयास कर रहा है, फिर चाहे वे किसी भी कोने में हों। बयान में कहा गया, वीडियो क्लिप को लेकर पूरा मेइती समुदाय शर्मिंदा और गुस्से में है... सीओसीओएमआई इस पर यकीन रखता है कि इस जघन्य घटना में शामिल लोगों को मेइती समुदाय किसी रूप में नहीं बख्शेगा और अपराध में शामिल सभी लोगों को समुचित दंड दिया जाएगा। मणिपुर में चार मई को हुई इस घटना के प्रत्यक्षदर्शियों में शामिल महिला हाहत वाइफेई ने दावा किया कि बी. फाइनोम गांव के लोगों ने एक दिन पहले भी ऐसी ही घटना को अंजाम देने के प्रयास को विफल किया था। राज्य में अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग को लेकर मेइती समुदाय द्वारा पहाड़ी जिलों में तीन मई को आयोजित ट्राइबल सॉलिडारिटी मार्च (आदिवासी एकजुटता मार्च) वाले दिन मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क गई थी और अभी तक इसमें 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। मणिपुर में मेइती समुदाय की आबादी करीब 53 प्रतिशत है और वे मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहते हैं। वहीं, नगा और कुकी समुदाय के आदिवासियों की आबादी 40 प्रतिशत है और वे पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

संसद में...

के लिए नोटिस दिए हैं। खरगे ने कहा कि कांग्रेस के सदस्यों ने नियम 267 के तहत नोटिस दिए हैं, जिसमें सारे कामकाज स्थगित कर चर्चा कराने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) को सदन में आना चाहिए और इस मुद्दे पर बयान देना चाहिए और फिर चर्चा की जानी चाहिए। इसी दौरान ओ ब्रायन ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि नियम पुस्तिका में नियम 267 बिल्कुल स्पष्ट है जो कहता है कि जब तक इसके तहत उठाए गए मुद्दे पर चर्चा नहीं होती है, तब तक दूसरे किसी अन्य विषय को स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने नियम 267 के तहत मणिपुर मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग पर बल दिया। इसी दौरान विपक्षी सदस्यों ने अपने अपने स्थान पर खड़े होकर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बीच, धनखड़ ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजकर 12 मिनट पर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर दो बजे बैठक फिर शुरू होने पर सदन में यही स्थिति बनी रही। सभापति ने सदस्यों से सदन में व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। किंतु इस अपील का कोई असर न होते देख उन्होंने बैठक को शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। लोकसभा में भी कमोबेश ऐसा ही नजारा देखने को मिला। कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने मणिपुर हिंसा का मुद्दा उठाते हुए हंगामा किया। सदस्यों के शोर शराबे के कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 2 बजकर 5 मिनट पर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। सरकार ने निचले सदन में कहा कि वह मणिपुर के मुद्दे पर लोकसभा अध्यक्ष द्वारा तय किसी भी तारीख पर चर्चा कराने को तैयार है जिसका विस्तृत जवाब गृह मंत्री अमित शाह देंगे। कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी दलों के सदस्य मणिपुर की हिंसा का मुद्दा उठाने लगे। कुछ सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी भी कर रहे थे। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि विपक्ष मणिपुर पर चर्चा की मांग कर रहा है और सरकार इसके लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हमने, सदन के उपनेता राजनाथ सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि हम संसद के दोनों सदन में इस विषय पर चर्चा कराने को तैयार हैं। मणिपुर का विषय संवदेनशील है। इस पर चर्चा का विस्तृत उत्तर गृह मंत्री (अमित शाह) देंगे। जोशी ने विपक्षी सदस्यों से आग्रह किया कि लोकसभा अध्यक्ष चर्चा के लिए जो तारीख तय करेंगे, उस दिन सरकार चर्चा कराएगी, लेकिन वे सदन में सुचारू रूप से कामकाज चलने दें। विपक्षी सदस्यों का हंगामा नहीं थमने पर पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने दोपहर दो बजकर पांच मिनट पर बैठक को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया।

शर्मनाक घटना...

नहीं किया जा सकता है। प्रधानमंत्री की यह प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आने के बाद आई, जिसमें मणिपुर में पुरुषों के एक समूह द्वारा दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाया जा रहा है।

फौरन कार्रवाई...

फिर हम कार्रवाई करेंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि साम्प्रदायिक रूप से तनावपूर्ण इलाके में हिंसा को अंजाम देने के हथियार के रूप में महिलाओं का इस्तेमाल बहुत व्यथित करने वाला है तथा यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, मणिपुर में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न और हिंसा की घटना से संबंधित वीडियो कल सामने आया है और अदालत इससे बहुत व्यथित है। मीडिया में जो कुछ दिखाया जा रहा है वह संवैधानिक मानवाधिकारों का उल्लंघन और अतिक्रमण है। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत को अपराधियों को जवाबदेह ठहराने और यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से अवगत कराया जाना चाहिए कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। आदेश में कहा गया है,केंद्र सरकार और राज्य सरकार को तत्काल-उपचारात्मक, पुनर्वास संबंधी और निवारक कदम उठाने तथा अगली तारीख से पहले हलफनामा के माध्यम से शीर्ष अदालत को की गई कार्रवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया जाता है। आदेश में यह भी कहा गया है कि शपथ पत्र केंद्रीय गृह सचिव और मणिपुर राज्य के मुख्य सचिव द्वारा दायर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अदालत इस तथ्य से अवगत है कि बुधवार को सामने आया यह वीडियो चार मई का है लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जैसे ही पीठ मामलों पर सुनवाई के लिए बैठी तो सीजेआई ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से अदालत आने के लिए कहा था। सीजेआई ने दोनों विधि अधिकारियों से कहा, दोषियों पर मुकदमा दर्ज करने के लिए मई से लेकर अब तक क्या कार्रवाई की गई और सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्रवाई कर रही है कि यह दोबारा न हो क्योंकि कौन जानता है कि यह अकेली घटना हो, अकेली घटना न हो, यह कोई प्रवृत्ति हो। उन्होंने कहा कि इतिहास में तथा दुनियाभर में इन हालातों में हिंसा को अंजाम देने के हथियार के रूप में महिलाओं का इस्तेमाल होता रहा है लेकिन किसी संवैधानिक लोकतंत्र में यह अस्वीकार्य है। सीजेआई के विचारों से सहमति जताते हुए मेहता ने कहा कि ऐसी घटनाएं पूरी तरह अस्वीकार्य है। मेहता ने कहा कि सरकार भी इस घटना को लेकर बहुत चिंतित है और वह अदालत को इस संबंध में उठाए कदमों की जानकारी देंगे। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि न्यायालय उन दृश्यों से बेहद व्यथित हैं जो मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ हिंसा तथा यौन उत्पीड़न के बारे में मीडिया में सामने आए हैं। न्यायालय ने कहा, हमारा यह मानना है कि अदालत को उन कदमों के बारे में बताया जाए जो दोषियों को पकड़ने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने उठाए हैं कि मणिपुर के तनावपूर्ण हालात में ऐसी घटनाएं दोबारा न हो। पीठ ने मामले पर अगली सुनवाई के लिए 28 जुलाई की तारीख तय की है।

डीईआरसी अध्यक्ष...

नहीं हो जाता, एक अस्थायी नियुक्ति करनी पड़ेगी। हम 4 अगस्त को डीईआरसी के प्रोटेम अध्यक्ष की नियुक्ति पर आदेश देंगे। उससे पहले हमें उस पूर्व जज की सहमति लेनी होगी, जिनको हम नियुक्त करेंगे। चार अगस्त को सुप्रीम कोर्ट तय करेगा कि डीईआरसी का अस्थाई अध्यक्ष कौन होगा। दिल्ली की आप सरकार की याचिका में राज्य सरकार की सहमति के बिना डीईआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति के एलजी के फैसले को भी चुनौती दी गई है। इससे पहले इस मामले की सोमवार (17 जुलाई) को सुनवाई हुई थी। तब सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और एलजी वीके सक्सेना को साथ बैठकर डीईआरसी अध्यक्ष के नामों पर विचार-विमर्श करने को कहा था, जिसपर दोनों पक्षों ने सहमति जताई थी।

प्रतिबंधित चीनी...

कटने के बाद घायल बच्ची को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बाबत लापरवाही के कारण मौत और सरकारी आदेश की अवहलेना करने सम्बंधी धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक संदीप पेशे से अकाउंटेंट है। वह परिवार के साथ नांगलोई एक्सटेंशन में रहते हैं। उन्होंने बेटी को तैराकी सिखाने के लिए पास के स्कूल में दखिला कराया था।

महाराष्ट्र में...

मूसलाधार बारिश के चलते हुई इस घटना में 17 घर पूरी तरह तबाह हो गए। गांव में कुल 50 घर हैं। पहाड़ी की तलहटी से इरशालवाड़ी गांव पहुंचने में करीब डेढ़ घंटे का वक्त लगता है क्योंकि वहां पक्की सड़क नहीं है। एनडीआरएफ एवं पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटनास्थल से 16 शव निकाले गए हैं, जबकि 21 लोगों को बचाया गया है। रायगढ़ पुलिस ने बताया कि 13 शवों का आपदा स्थल पर ही अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे स्थिति का जायजा लेने के लिए सुबह घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य में लगे कर्मियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्र में बचाव एवं राहत अभियान चलाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। शिंदे ने संवाददाताओं से कहा, यह गांव भूस्खलन संभावित गांवों की सूची में नहीं था। अब हमारी प्राथमिकता मलबे में फंसे लोगों को बचाना है। शिंदे ने कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और राज्य सरकार प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। लगातार भारी बारिश हो रही है और मलबे का 20 फुट ऊंचा ढेर लग गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी बचाव अभियान के लिए मशीनरी ले जाने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के लिए दो हेलीकॉप्टर तैयार रखे गए हैं, लेकिन खराब मौसम के कारण वे उड़ान नहीं भर पाए हैं। भूस्खलन प्रभावित ग्रामीणों के पुनर्वास के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके लिए (अस्थाई आश्रयों के रूप में) 50 से 60 कंटेनर की व्यवस्था की गई है और उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाने की योजना है। शिंदे ने कहा, हम जल्द ही भूस्खलन प्रभावित ग्रामीणों के उचित पुनर्वास के लिए कदम उठाएंगे। मैंने संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर से बात की है और इन ग्रामीणों के स्थाई पुनर्वास के बारे में तुरंत चर्चा की है। हम इसे युद्ध स्तर पर कर रहे हैं। इससे पहले दिन में, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने एक बयान में कहा कि वहां 48 परिवार रह रहे थे। उन्होंने कहा, घायलों का चिकित्सा व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। हम मृत व्यक्तियों के परिजनों के लिए उचित मुआवजे की घोषणा करेंगे। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ की चार टीम स्थानीय अधिकारियों के साथ बचाव कार्य में लगी हुई हैं। उन्होंने बताया कि दमकल दल और कुछ स्थानीय ट्रैकर्स भी बचाव अभियान में मदद कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि गांव में लगभग 50 घर हैं, जिनमें से 17 भूस्खलन में दब गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, पड़ोसी ठाणे से भी बचाव दल भी मौके पर भेजे गए हैं। यह गांव मोरबे बांध से छह किमी दूर है, जो नवी मुंबई को पानी की आपूर्ति करता है। यह माथेरान और पनवेल के बीच स्थित इरशालगढ़ किले के पास स्थित है और यह किला प्रबलगढ़ का एक सहयोगी किला है।

अहमदाबाद में...

करीब एक बजे एस.जी. राजमार्ग में इस्कॉन पुल पर एक वाहन (एसयूवी) एक ट्रक से टकरा गया था। हादसे की सूचना मिलने के बाद स्थानीय यातायात पुलिस और होम गार्ड का एक जवान यातायात नियंत्रित करने और स्थिति को संभालने के लिए मौके पर पहुंचे। कई अन्य लोग भी उत्सुकतावश यह देखने के लिए घटनास्थल पर एकत्र हो गए कि क्या हुआ है। उन्होंने कहा, जब वे पुल पर खड़े थे, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक जगुआर कार भीड़ में घुस गई, जिससे पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और चार लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में एक कांस्टेबल और होम गार्ड का एक जवान भी शामिल हैं। घायल हुए लगभग 10 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि कार चालक तथ्य पटेल को भी चोटें आई हैं और उसे भी एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि दुर्घटनास्थल पर खड़े लोगों ने कार चालक की पिटाई की, जिसका वीडियो पुल के नीचे खड़े एक व्यक्ति ने बना लिया। पुलिस उपायुक्त (यातायात) नीता देसाई ने बताया कि इस मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और पुलिस यह सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश करेगी कि पीड़ितों के परिजन को न्याय मिले। देसाई ने सोला सिविल अस्पताल में कहा, हादसे में नौ लोगों की मौत हुई और 10 से 11 लोग घायल हो गए। यह शराब पीकर गाड़ी चलाने का मामला नहीं लगता है, लेकिन हमारी प्राथमिक जांच में पता चला है कि जगुआर कार की गति अत्यधिक तेज थी। तथ्य पटेल का उपचार अभी जारी है, इसलिए हम चिकित्सकों से अनुमति मिलने के बाद ही उसे गिरफ्तार करेंगे

भारत व अमेरिका के रिश्ते पहले से अधिक मजबूत

● व्हाइट हाउस ने किया दावा

भाषा। वाशिंगटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की ऐतिहासिक आधिकारिक यात्रा के एक महीने बाद प्रतिष्ठित अमेरिकी सांसदों और अमेरिका के राष्ट्रपति के कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत हुए हैं। सांसदों और अधिकारियों ने 21 जून को व्हाइट हाउस के लॉन में 8,000 से अधिक भारतीय अमेरिकियों की उपस्थिति और अमेरिकी संसद में प्रधानमंत्री मोदी के प्रभावशाली संबोधन की सराहना की। उन्होंने मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच मुलाकात के बाद जारी संयुक्त बयान में परिलक्षित द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख बिंदुओं पर भी बात की। सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने यहां पीटीआई से कहा, मैं उन्हें (मोदी को) पसंद करता हूं। शूमर इस वर्ष की शुरुआत में अपनी पहली भारत यात्रा और उसके बाद प्रधानमंत्री के साथ बैठकें करने से पहले तक भारत और मोदी के आलोचक थे। शूमर और कई अन्य सांसद बाइडन द्वारा उनके लिए आयोजित वार्षिक कांग्रेस पिकनिक के लिए बुधवार दोपहर व्हाइट हाउस के लॉन में एकत्र हुए। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पिछले महीने (भारत के प्रधानमंत्री की) यात्रा बेहद सफल और महत्वपूर्ण थी। भारत के साथ संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत हुए हैं और जैसा कि आप जानते हैं, हमने कई प्रमुख लक्ष्यों की घोषणा की है। उनमें से कुछ को लागू किया जा रहा है। मोदी द्वारा अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करने की पहल का नेतृत्व करने वाले इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष सांसद रो खन्ना ने कहा कि रक्षा, अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी को मजबूत करना प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा का मुख्य बिंदु थे। उन्होंने पीटीआई से कहा, मैं भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर बहुत आशावान हूं और राष्ट्रपति ने वास्तव में इसे अगले स्तर पर ले जाने में मदद की है। सदन में ऑरलैंडो का प्रतिनिधित्व करने वाले और भारत में मानवाधिकारों के मुद्दे को मोदी के साथ उठाने के लिए बाइडन को पत्र लिखने वाले 70 सांसद में शामिल मैक्सवेल एलेजांद्रो फ्रॉस्ट ने कहा कि वह भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर बहुत आशावादी हैं। फ्रॉस्ट ने पीटीआई से कहा, जब प्रधानमंत्री मोदी आए तो सड़कों पर लोग उन्हें देखने के लिए खड़े थे।

अमेरिका अधिक दूरी तक की मारक क्षमता वाली तोपों के सह-उत्पादन पर भारत के साथ काम रहा है : पेंटागन अधिकारी

वाशिंगटन। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के एक शीर्ष अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीन से लगी भारत की सीमा पर इसकी अभियानगत जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक दूरी तक की मारक क्षमता वाली तोपों और सैन्य वाहनों के सह-उत्पादन के प्रस्तावों पर वह (अमेरिका) नई दिल्ली के साथ काम कर रहा है। भारत और चीन के सैनिक पूर्वी लद्दाख में कुछ टकराव वाले स्थलों पर तीन साल से अधिक समय से तैनात हैं। हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के सहायक रक्षा मंत्री ऐली रैटनर ने कहा कि यह (राष्ट्रपति जो) बाइडन प्रशासन द्वारा उठाए गए उन अभूतपूर्व कदमों का हिस्सा है, जो अमेरिका के सहयोगी देशों और साझेदारों को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने चीन पर अमेरिकी संसद में होने वाली चर्चा से पहले अपनी टिप्पणी में यह कहा। यह चर्चा ऐसे समय में हो रही है जब मानवाधिकारों, प्रौद्योगिकी तक पहुंच, दक्षिण चीन और पूर्वी चीन सागरों पर क्षेत्रीय संप्रभुता के दावों और स्वशासित ताइवान के खिलाफ धमकियों को लेकर विवाद के मद्देनजर अमेरिका और चीन के बीच संबंध प्रभावित हुए हैं। हमला रोधी क्षमता हासिल करने में जापान की सहायता कर रहा है, आस्ट्रेलिया के हथियार और विस्फोटक आयुध उत्पादन की क्षमता बढ़ाने में में सहयोग करने के साथ ही बड़े रक्षा प्लेटफॉर्म के सह-विकास एवं सह-उत्पादन पर भारत के साथ एक नई प्रौद्योगिकी पहल कर रहा है। साथ ही, चीन के बलप्रयोग और उत्पीड़न से निपटने की क्षमता हासिल करने में दक्षिण एशियाई देशों की वह मदद कर रहा है।

द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने के लिए भारत रवाना हुए श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत देश के शीर्ष नेताओं से बातचीत के लिए बृहस्पतिवार को भारत की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए। आर्थिक संकट से जूझ रहे देश में पिछले साल जुलाई में जनता के आंदोलन के बाद गोटबाया राजपक्षे के हटने पर राष्ट्रपति के रूप में 74 वर्षीय विक्रमसिंघे की यह पहली भारत यात्रा होगी। राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि राष्ट्रपति विक्रमसिंघे, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर भारत की दो दिवसीय यात्रा के लिए रवाना हो गए। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब दोनों देश इस साल राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। विक्रमसिंघे यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और आपसी हित के कई मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर तथा अन्य प्रमुख भारतीय नेताओं के साथ चर्चा करेंगे। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था, यह यात्रा लंबे समय से जारी द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी। नई

क्विक न्यूज

न्यूयॉर्क के संग्रहालय में 60 भारतीय कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क के द मेट्रोपॉलिटिन म्यूजियम ऑफ आर्ट (मेट) में भारत से लाई गई बौद्ध धर्म से जुड़ी 60 से अधिक प्राचीन कलाकृतियों को देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक विशेष प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जाएगा। यह प्रदर्शनी भारत सरकार और मेट के बीच एक सहयोगात्मक परियोजना है। प्रदर्शनी में 200 ईसा पूर्व से 400 ईस्वी के बीच बौद्ध कला की उत्पत्ति की कहानी दर्शाने वाली 140 से अधिक वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी। प्रदर्शनी के लिए लगभग 62 वस्तुएं भारत से लाई गई है। अमेरिका में भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने 17 जुलाई को प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था। हालांकि, लोगों के लिए यह प्रदर्शनी 21 जुलाई से खुलेगी और 13 नवंबर तक चलेगी। भारत से जो कलाकृतियां आई है, उसमें सबसे अधिक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय, तेलंगाना सरकार, आंध्र प्रदेश सरकार (अमरावती संग्रहालय), महाराष्ट्र सरकार (कोल्हापुर संग्रहालय) और बिहार सरकार (बिहार संग्रहालय) की ओर से प्रदान की गई है। अन्य वस्तुएं इटली, जर्मनी और संयुक्त राष्ट्र के संग्रहालयों से ली गई है।

पाक: लाखों डॉलर के धनशोधन मामले में प्रधानमंत्री शरीफ, परिवार के सदस्यों को अदालत ने किया बरी

लाहौर। पाकिस्तान की एक जवाबदेही अदालत ने करोड़ों डॉलर के धनशोधन मामले में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके परिवार के सदस्यों को बृहस्पतिवार को बरी कर दिया, क्योंकि भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत देने में विफल रही। अदालत के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, एक जवाबदेही अदालत ने 2020 में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की ओर से दायर सात अरब पाकिस्तानी रुपए के धनशोधन मामले में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उनकी पत्नी नुसरत, उनके बेटे हमजा और बेटी जावरिया को बरी कर दिया। अधिकारी ने बताया कि अदालत ने प्रधानमंत्री और उनके परिवार के सदस्यों को बरी कर दिया, क्योंकि एनएबी विदेशों, खासकर ब्रिटेन, में लाखों डॉलर की हेराफेरी के संबंध में संदिग्धों के खिलाफ कोई ठोस सबूत देने में विफल रही। अधिकारी ने आगे कहा कि हालांकि, अदालत ने प्रधानमंत्री की एक और बेटी, रबिया इमरान को भगोड़ा घोषित कर दिया और उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इस मामले में नाम आने के बाद से रबिया ब्रिटेन चली गई थी। एनएबी ने 2020 में इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सरकार के कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया था। शरीफ परिवार ने इस मामले को राजनीतिक उत्पीड़न करार दिया था।

सीमा पार करने वाले अमेरिकी सैनिक पर उत्तर कोरिया नहीं दे रहा कोई प्रतिक्रिया

सियोल। अमेरिका ने सीमा पार कर गए अपने सैनिक के बारे में चर्चा करने के लिए उत्तर कोरिया से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उसे कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है। ट्रैविस किंग नामक यह सैनिक सियोल में एक व्यक्ति पर हमला करने के मामले में जेल में सजा काट रहा था। 10 जुलाई को रिहा होने के बाद टेक्सास के फोर्ट ब्लिस में अपने घर जाने के बजाय वह मंगलवार को सुबह पर्यटकों के एक समूह के साथ दक्षिण और उत्तर कोरिया को विभाजित करने वाले असैन्यीकृत क्षेत्र में सीमा पर स्थित पानमुनजोम गांव चला गया। इस तरह ट्रैविस किंग उत्तर कोरियाई सीमा में प्रवेश कर गया। वह करीब पांच साल में उत्तर कोरिया में पकड़ा गया पहला अमेरिकी है।अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को वाशिंगटन में संवाददाताओं को बताया कल पेंटागन ने कोरियाई पीपुल्स आर्मी में समकक्ष अधिकारियों से संपर्क किया था, लेकिन उनकी ओर से अभी तक उत्तर नहीं दिया गया है। मिलर ने बताया कि किंग की सलामती और ठिकाने के बारे में जानकारी जुटाने के लिए व्हाइट हाउस, पेंटागन और विदेश विभाग मिलकर काम कर रहे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने बताया कि अमेरिकी सरकार सैनिक की सुरक्षा और परिवार में उसकी वापसी सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है।

उ.कोरियाई सीमा में घुसने वाले अमेरिकी सैनिक के परिवार ने उसकी मानसिक हालत पर सवाल उठाए

केनोशा (अमेरिका)। दक्षिण कोरिया की सीमा पार कर उत्तर कोरिया में घुसने वाले एक अमेरिकी सैनिक के परिवार ने बुधवार को कहा कि वह कानूनी समस्याओं और सेना से संभावित बर्खास्तगी के कारण मानसिक रूप से परेशान रहा होगा। ट्रैविस किंग (23) के रिश्तेदारों ने बताया कि वह शांत स्वभाव का व्यक्ति है जो शराब नहीं पीता या धूम्रपान नहीं करता और उसकी बाइबल पढ़ने में दिलचस्पी है। उन्होंने बताया कि दक्षिणपूर्वी विस्कॉन्सिन में पले-बढ़े होने के बाद वह दक्षिण कोरिया में अपने देश की सेवा करने को लेकर उत्साहित था। अब किंग के परिवार को यह समझ नहीं आ रहा कि वह ऐसे देश में क्यों घुसा जिसका अमेरिकियों को बंधक बनाने और मोलभाव के लिए उनका इस्तेमाल करने का लंबा इतिहास रहा है। किंग के नाना कार्ल गेट्स ने कहा, अगर उसकी दिमागी हालत सही है तो मुझे नहीं लगता कि वह यह जानबूझकर कर रहा है। ट्रैविस अच्छा लड़का है। वह कुछ भी ऐसा नहीं करेगा जिससे किसी को नुकसान पहुंचे।

नेपाल में 100 किलो सोना तस्करी के मामले में एक भारतीय नागरिक समेत सात लोग गिरफ्तार

काठमांडू। नेपाल पुलिस ने यहां त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कथित तौर पर 100 किलोग्राम सोने की तस्करी के मामले में एक भारतीय और एक चीनी नागरिक सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के सूत्रों के अनुसार, राजस्व जांच विभाग ने बुधवार की रात लगभग 100 किलोग्राम सोना जब्त किया था, जिसे त्रिभुवन अंतरराष्ट्रय हवाई अड्डे के सीमा शुल्क से चोरी-छिपे पार कराया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और एपीएफ के प्रवक्ता राजेंद्र खड़का ने बताया, पुलिस ने टैक्सी चालक राजेंद्र राय, राम कुमार भुजेल, दिलीप भुजेल, हरका राज राय और एक भारतीय नागरिक थापलेन त्सेरिंग को गिरफ्तार किया है।पुलिस के मुताबिक, बाद में पुलिस ने इस सिलसिले में एक चीनी नागरिक लिंगचुआन को भी गिरफ्तार किया। एसएसपी के मुताबिक, सुरक्षाकर्मियों की टीम ने भारी मात्रा में सोना जब्त किया, जिसे हवाई अड्डे से चोरी-छिपे काठमांडू शहर की ओर एक टैक्सी में ले जाया जा रहा था।खड़का ने बृहस्पतिवार को फोन पर पीटीआई को बताया, जब्त की गई कीमती धातु का सही वजन पता लगाने के लिए जल्द ही उसे नेपाल राष्ट्र बैंक ले जाया जाएगा।

सिफर जांच में सहयोग नहीं करने पर गिरफ्तार हो सकते हैं इमरान खान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने बृहस्पतिवार को इमरान खान को चेतावनी दी कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री (खान) ने देश की गोपनीय जानकारियों के लीक होने के मामले की जांच में सहयोग नहीं दिया तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। देश की गोपनीय जानकारी लीक होने के मामले को व्यापक तौर पर सिफर मामले के नाम से जाना जाता है। सनाउल्लाह की यह चेतावनी, इमरान खान पर उनके ही एक करीबी सहयोगी द्वारा लगाए गए आरोपों के एक दिन बाद आई है।

पख्तूनख्वा में दोहरे धमाकों में पुलिसकर्मी की मौत

पेशावर। उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के एक अशांत कबायली जिले में बृहस्पतिवार को एक तहसील भवन परिसर में हुए दोहरे धमाकों में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। बचाव अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट तब हुए जब पुलिस पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर की सीमा से लगे खैबर आदिवासी जिले में बारा तहसील भवन में प्रवेश करने वाले लोगों की जांच कर रही थी। पुलिस ने कहा कि हमलावर ने तहसील भवन के अंदर स्थित एक पुलिस स्टेशन को निशाना बनाया, जिसके बाद पुलिस बलों और आतंकवादियों के बीच जबरदस्त गोलीबारी हुई।

मिस्र में दो जानेमाने मानवाधिकार कार्यकर्ताओं समेत कइयों को माफी दी गई

काहिरा। मिस्र के राष्ट्रपति ने बुधवार को दो जानेमाने मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को माफी दे दी। इनमें से इटली से संबंध रखने वाले एक कार्यकर्ता को इसी सप्ताह सजा सुनाई गई थी। देश की सरकारी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। एमईएनए समाचार एजेंसी ने बताया कि राष्ट्रपति अब्देल फत्तह अल-सिसी द्वारा बुधवार को माफी प्राप्त अनिर्दिष्ट लोगों में मानवाधिकार कार्यकर्ता पैट्रिक जॉर्ज जकी भी शामिल थे, जो इटली में स्नातकोत्तर छात्र थे।

कनाडा में चोरों का गिरोह चलाने वाले भारतीय मूल के 15 लोग गिरफ्तार

टोरंटो। कनाडा पुलिस ने भारतीय मूल के 15 लोगों को गिरफ्तार कर वाहन चोरी के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है और चोरी के सामान सहित 90 लाख कनाडाई डॉलर से अधिक की संपत्ति जब्त की है। पील रीजनल पुलिस ने बुधवार को बताया कि पील रीजनल नगरपालिका क्षेत्र और ग्रेटर टोरंटो एरिया (जीटीए) में कई ट्रैक्टर-ट्रेलर और वाहनों की चोरी की घटनाओं की जांच के लिए मार्च में एक संयुक्त कार्यबल का गठन किया गया था। जांच में इसे प्रोजेक्ट बिग रिंग का नाम दिया गया।

काला सागर में असैन्य पोतों पर हमलों की तैयारी कर रहा रूस : अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन

यूक्रेन से दुनियाभर के देशों में खाद्यान्न आपूर्ति की अनुमति देने वाले समझौते से रूस के पीछे हटने के कुछ दिन बाद अमेरिका ने बुधवार को सचेत किया कि रूसी सेना काला सागर में असैन्य पोतों पर संभावित हमले की तैयारी कर रही है। काला सागर अनाज समझौते से इस सप्ताह बाहर आने के बाद रूस ओडेसा में यूक्रेन के अनाज निर्यात बंदरगाहों पर मिसाइल और ड्रोन से पहले ही हमले कर चुका है। इन हमलों में लगभग 60,000 टन अनाज नष्ट हो गया है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एडम हॉज ने एक बयान में कहा, हमारी जानकारी से संकेत मिलता है कि रूस ने यूक्रेनी बंदरगाहों के रास्ते में अतिरिक्त समुद्री खदानें बिछाई हैं। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि यह काला सागर में असैन्य पोतों के खिलाफ किसी भी हमले को उचित ठहराने और इन हमलों के लिए यूक्रेन पर दोष मढ़ने का एक समन्वित प्रयास है। रूस के समझौते से बाहर आने के बावजूद यूक्रेन ने खाद्यान्न की ढुलाई जारी रखने का संकल्प लिया है। इसके बाद रूसी रक्षा मंत्रालय ने काला सागर के उत्तर-पश्चिमी और दक्षिणपूर्वी हिस्सों में अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र को जहाजरानी के लिए अस्थाई रूप से खतरनाक घोषित किया है।

ब्रिक्स में पुतिन के शामिल न होने के फैसले का बचाव

मॉस्को। रूस ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अगले माह दक्षिण अफ्रीका में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं होने देने के फैसले का बचाव किया और कहा कि रूसी राष्ट्रपति ऑनलाइन माध्यम से अपने समकक्षों के साथ अपने विचार साझा कर पाएंगे। सरकार के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने पुतिन के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के तरीके को स्पष्ट करने संबंधी एक अनुरोध पर कहा, हम पूर्ण भागीदारी की बात कर रहे हैं। इसमें दोनों ही चीजें शामिल हैं, राष्ट्रपति का संबोधन और-जरूरत पड़ने पर-विचारों के आदान प्रदान के तौर पर भागीदारी। ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि कई मौकों पर विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में देश का प्रतिनिधित्व किया है।

यूक्रेन को हथियार नहीं मुहैया करा रहा पाकिस्तान: बिलावल

इस्लामाबाद। विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान यूक्रेन को हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति नहीं कर रहा है। साथ ही उन्होंने रूस और पूर्वी यूरोपीय देश के बीच शत्रुता के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया। ज़रदारी ने यूक्रेनी समकक्ष दिमित्रो कुलेबा के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता में यह टिप्पणी की। इससे पहले दोनों नेताओं ने आपसी और द्विपक्षीय हितों के मामलों पर विस्तृत बातचीत की। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा की और पाकिस्तान ने यूक्रेन के विदेश मंत्री के साथ मौजूदा स्थिति पर अपनी गहरी चिंता साझा की और जनहानि और भारी मानवीय पीड़ा पर अपनी संवेदना व्यक्त की। एक सवाल के जवाब में ज़रदारी ने कहा, पाकिस्तान यूक्रेन को कोई हथियार नहीं मुहैया करा रहा है। उन्होंने यह भी कहा, हमारी बैठक में, मैंने बातचीत के जरिए विवादों और संघर्षों के शांतिपूर्ण हल की अहमियत और शांति की पहल का समर्थन करने के लिए पाकिस्तान की तत्परता पर जोर दिया। ज़रदारी ने कहा कि पाकिस्तान एक अस्थिर क्षेत्र में स्थित है और समझता है कि लंबे समय से चले आ रहे क्षेत्रीय संघर्ष हमारी सामूहिक सुरक्षा को कैसे खतरे में डाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन संघर्ष विकासशील देशों और ग्लोबल साउथ के लिए भी मुश्किलें लेकर आया है, खासकर ईंधन, खाद्यान्न और उर्वरक की कमी के मामले में। कुलेबा ने कहा कि यूक्रेन पाकिस्तान के साथ व्यापार को बढ़ावा देने और सरकारी सेवाओं के डिजिटलीकरण सहित आर्थिक सहयोग की उम्मीद करता है।

कुरान जलाने की साजिश से नाराज प्रदर्शनकारियों ने इराक में स्वीडिश दूतावास पर हमला किया

इराक ने स्वीडन के राजदूत को निष्कासित किया

बगदाद। स्टॉकहोम में एक व्यक्ति द्वारा पवित्र पुस्तक कुरान की एक प्रति के साथ बेअदबी करने की घटना के बाद इराक के प्रधानमंत्री ने देश से स्वीडन के राजदूत को निष्कासित करने का आदेश देने के साथ ही बृहस्पतिवार को वहां से अपने दूतावास प्रभारी को वापस बुला लिया है। कुरान की प्रति जलाने की योजना से नाराज प्रदर्शनकारी बगदाद स्थित स्वीडन के दूतावास में घुस गए और परिसर में तोड़फोड़ करने के बाद वहां कुछ चीजों को आग भी लगाई। इराक का यह फैसला इन्हीं घटनाओं की पृष्ठभूमि में आया है।

भाषा। बगदाद

स्वीडन में कुरान की प्रति जलाने की साजिश रचने से नाराज प्रदर्शनकारियों ने बृहस्पतिवार को तड़के बगदाद में स्वीडिश दूतावास पर धावा बोल दिया और परिसर में घुसकर आगजनी की, जिससे राजनयिक विवाद पैदा हो गया है। स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में शरण मांगने वाले एक इराकी व्यक्ति ने इजराइली दूतावास के बाहर कुरान और यहूदी पवित्र पुस्तक टोरा की एक प्रति जलाने की साजिश रची थी। हालांकि, व्यापक आक्रोश के बीच उस व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी योजना त्याग दी थी। इस घटना के बाद इराक में आक्रोश भड़क उठा। प्रदर्शन से संबंधित ऑनलाइन वीडियो में प्रदर्शनकारी दूतावास पर प्रभावशाली इराकी शिया मौलवी और राजनेता मुक्तदा अल-सद्र की तस्वीरों वाले झंडे और निशान लहराते हुए दिख रहे हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि उस समय परिसर के अंदर कोई कर्मचारी था या नहीं।

चीन रिश्तों को दुरुस्त करने के लिए अमेरिका के साथ चर्चा को तैयार: चिनफिंग

भाषा। बीजिंग

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर से कहा कि उनका देश अमेरिका के साथ पटरी से उतरे रिश्तों को ठीक करने के लिए चर्चा को तैयार है। उन्होंने बुजुर्ग अमेरिकी राजनयिक से संबंधों को सुधारने में मदद करने का आग्रह किया जैसा उन्होंने 50 साल पहले दोनों देशों के बीच राजनयिक रिश्तों को स्थापित कर किया था। किसिंजर फिलहाल बीजिंग की यात्रा पर हैं। वह अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और वित्त मंत्री जेनेट एलेन की इस महीने हुई यात्रा के बाद यहां आए हैं। उनके अलावा वाशिंगटन के शीर्ष जलवायु दूत जोन कैरी भी रिश्तों को सुधारने के लिए चीन की यात्रा कर चुके हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी चीन के खिलाफ सख्त नीतियां अपनाई हैं जिसमें व्यापार और तकनीकी प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ क्वाड और ऑकस जैसे प्रभावशाली रणनीतिक समूहों का गठन शामिल है। क्वाड में अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं जबकि ऑकस में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और ब्रिटेन शामिल हैं। इन्हें लेकर चीन का कहना है कि इन समूहों का मकसद उसके उदय को रोकना है। इस वजह से दोनों देशों के बीच रिश्ते काफी बिगड़ गए हैं। चिनफिंग चीन की यात्रा आए अमेरिकी अधिकारियों से मिलने से बचते हैं लेकिन वह किसिंजर से मिलने के लिए बीजिंग के दिआओयुताई राजकीय अतिथि गृह पहुंचे और चीन-अमेरिका के रिश्तों में सुधार करने के लिए उनकी मदद मांगी। किसिंजर ने इसी अतिथि गृह में 1971 में बीजिंग की पहली यात्रा के दौरान राजनयिक रिश्ते स्थापित करने के लिए चीनी नेताओं से मुलाकात की थी। तब अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन थे।

अमेरिका : आकाशीय बिजली की चपेट में आई भारतीय मूल की छात्रा के मस्तिष्क को क्षति पहुंची

ह्यूस्टन। अमेरिका के ह्यूस्टन विश्वविद्यालय (यूएच) में पढ़ने वाली भारतीय मूल की छात्रा पर आकाशीय बिजली गिरने से उसके मस्तिष्क को क्षति पहुंची है और अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, सुसरून्या कोडुरु यूएच में सूचना प्रौद्योगिकी की पढ़ाई कर रही है। दो जुलाई को जब वह सैन जैकिंटो स्मारक पार्क में अपने दोस्तों के साथ तालाब के किनारे घूम रही थी तभी उस पर आकाशीय बिजली गिर गई। सुसरून्या कोडुरु के चचेरे भाई सुरेंद्र कुमार कोंडा ने कहा आकाशीय बिजली की चपेट में आने के साथ ही वह तालाब में जा गिरी। इसके बाद उसे दिल का दौरा भी पड़ गया और उसके मस्तिष्क को भी क्षति पहुंची है।

रूस : बगावत के बाद पहली बार निजी सेना के प्रमुख प्रिगोझिन का वीडियो सामने आया

मॉस्को। रूस की निजी सेना वैग्नर समूह के प्रमुख एवगेनी प्रिगोझिन का बुधवार को एक वीडियो सामने आया जिसमें वह अपने सैनिकों को यह कहता दिख रहा है कि अफ्रीका में तैनाती से पहले उन्हें बेलारूस में अपने सैन्य प्रशिक्षण के लिए कुछ समय बिताना होगा। पिछले महीने प्रिगोझिन के नेतृत्व में रूस की निजी सेना ने संक्षिप्त बगावत कर दी थी। प्रिगोझिन की वैग्नर निजी सेना कंपनी से संबंधित मैसेजिंग ऐप चैनलों ने कहा कि उन्होंने बेलारूस में एक क्षेत्र शिविर में सैनिकों को संबोधित किया।

लाखों साल पुराना है समुद्र तट पर रेत में चित्र बनाना?

● हमारे पूर्वजों ने 140,000 साल पहले भी ऐसा ही किया था

भाषा। पोर्ट एलिजाबेथ

रेत पर चित्र उकेरने, या रेत की मूर्तियां बनाने वालों की कमी नहीं है, जैसा कि कई आधुनिक समुद्र तट या टीलों की सतह पर टहलने से पता चलेगा। रेत एक विशाल कैनवास है - और इसका उपयोग लोगों की समझ से कहीं अधिक लंबे समय से किया जा रहा है।जब लोग प्राचीन पुराकला के बारे में सोचते हैं, तो गुफा चित्र (चित्रलेख), चट्टान पर नक्काशी (पेट्रोग्लिफ़), पेड़ों पर चित्र (डेंड्रोग्लिफ़) या पैटर्न में चट्टानों की व्यवस्था (जियोग्लिफ़) उनके दिमाग में आ सकते हैं। हाल तक केवल यह अनुमान ही था कि सबसे पुरानी कला रेत पर रही होगी।हम, क्रमशः, एक कशेरुकी इक्नोलॉजिस्ट हैं जो कशेरुकी जीवों के जीवाश्म ट्रैक और निशानों का अध्ययन करते हैं, और एक भौतिक भूगोलवेत्ता हैं, जो तटीय परिदृश्यों के कामकाज और दीर्घकालिक विकास में रुचि रखते हैं।हम उस टीम का हिस्सा हैं, जिसने पिछले 15 वर्षों में दक्षिण अफ्रीका के केप दक्षिणी तट पर कशेरुक ट्रैकसाइट्स का अध्ययन किया है, जो 70,000 से 400,000 साल पहले प्लेइस्टोसिन युग के हैं।उस शोध के दौरान हमने महसूस किया कि न केवल हम होमिनिन और जानवरों के निशान की पहचान कर सकते हैंअ हम अपने मानव पूर्वजों द्वारा रेत में बनाए गए पैटर्न को पहचानने में सक्षम थे: दूसरे शब्दों में, पैलियोआर्ट का एक नया रूप।जिन चट्टानों में हम इन्हें अधिकतर पाते हैं, उन्हें एओलियनाइट्स के रूप में जाना जाता है, जो समुद्र तट के किनारे बनने वाले प्राचीन टीलों के सीमेंटेड संस्करण हैं। ऐसी प्राचीन रेत कला का वर्णन पहले कभी नहीं किया गया था, इसलिए हमने इसके लिए एक नया शब्द गढ़ा: अम्मोग्लिफ़ (अमोस का ग्रीक में अर्थ रेत होता है) ।इक्नोस पत्रिका के एक हालिया लेख में हमने केप दक्षिण तट से सात होमिनिन इक्नोसाइट्स (एक शब्द जिसमें ट्रैक और अन्य निशान शामिल हैं) के लिए तारीखें प्रदान की हैं।हमने जिसकी अम्मोग्लिफ़ के रूप में व्याख्या की थी, वह उनमें से चार स्थलों पर पाए गए थे। सबसे पुराना काल 149,000 से 129,000 वर्ष पहले का है।

तरीका:किसी भी पुरा-अभिलेख का अध्ययन करते समय एक महत्वपूर्ण चुनौती - चाहे ट्रैकवे, जीवाश्म, या अन्य प्रकार की प्राचीन तलछट - यह निर्धारित करना है कि सामग्री कितनी पुरानी है। केप साउथ कोस्ट एओलियनाइट्स के मामले में, हम ऑप्टिकली स्टिम्युलेटेड ल्यूमिनसेंस नामक डेटिंग पद्धति का उपयोग करते हैं। इससे पता चलता है कि रेत के कणों को आखिरी बार सूरज की रोशनी के संपर्क में आने के बाद कितना समय बीत चुका है, जिससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि प्राचीन टिब्बा सतहों के निर्माण के दौरान एओलियानाइट तलछट कब दबे हुए थे।यह देखते हुए कि इस अध्ययन में ट्रैक और निशान कैसे बने होंगे।

दूसरी साइट लगभग 136,000 साल पहले की बताई गई थी

जिसमें आठ हजार साल कम या ज्यादा हो सकते है। इसमें लगभग दो तिहाई गोलाकार नाली, एक केंद्रीय अवसाद और दो संभावित घुटने के निशान शामिल थे। वृत्त के किनारों पर चट्टान की सतह टूट गई थीअ पूरी संभावना है कि मूल चक्र पूरा हो गया था। रेत का एक हिस्सा जो अन्य संभावित पुरापाषाण सतहों से गायब है, वह अगर होता तो उसके साथ उस पर एक बड़ा वृत्त उकेरा जा सकता है। उदाहरण के लिए कांटेदार छड़ के साथ।वृत्ताकार अम्मोग्लिफ़ के लिए हमारी व्याख्या यह है कि केंद्रीय अवसाद उस स्थान का प्रतिनिधित्व करता है जहां कांटेदार छड़ी के एक छोर को घुटने टेकने वाले मानव द्वारा लंगर डाला गया था, जबकि दूसरे हिस्से को घुमाया गया था, जिससे लगभग एक पूर्ण वृत्त प्राप्त हुआ होगा। जैसा कि जिसने भी प्रयास किया है वह जानता है, कम्पास के बिना एक पूर्ण वृत्त खींचना अविश्वसनीय रूप से कठिन है। हम अभी तक नहीं जानते कि बिल्कुल स

भारत विश्व की बड़ी शक्ति बनने की ओर : मार्टिन वुल्फ

● प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ने कहा, पश्चिमी देश सोच-समझकर लगा रहे हैं दांव

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था निश्चित रूप से दुनिया में तेजी से एक बड़ी ताकत बनने की ओर अग्रसर है और 2050 तक इसका आकार अमेरिका के बराबर होगा। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और टिप्पणीकार मार्टिन वुल्फ ने यह बात कही है। वुल्फ ने इसके साथ ही कहा कि पश्चिमी देशों के नेता सोच-विचार कर भारत पर दांव लगा रहे हैं। वुल्फ ने द फाइनेंशियल टाइम्स में लिखे लेख में कहा, मैं मानता हूं कि भारत 2050 तक प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को पांच प्रतिशत या इसके आसपास बनाए रख सकता है। बेहतर नीतियों से वृद्धि इससे ऊंची भी रह सकती है। हालांकि, यह इससे कुछ कम भी रह सकती है। उन्होंने कहा कि भारत चीन प्लस वन रणनीति को अपनाने वाली कंपनियों के लिए एक प्रमुख गंतव्य है। बड़े घरेलू बाजार की वजह से इस मामले में अन्य प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में भारत लाभ की स्थिति में है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। क्रय शक्ति के मामले में यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि 2050 तक देश की जनसंख्या 1.67 अरब पर पहुंच जाएगी। अभी भारत की आबादी 1.43 अरब है।वुल्फ ने कहा कि देश के बैंकों का बही-खाता बेहतर हो गया है। ऋण वृद्धि भी अब बेहतर आकार ले रही है। उन्होंने लिखा कि आगामी दशकों में देश की अर्थव्यवस्था और आबादी दोनों तेजी से बढ़ेगी। इससे भारत, चीन को टक्कर देगा। भारत के पश्चिमी देशों के साथ भी अच्छे संबंध हैं, जो एक अच्छी बात है। वुल्फ ने कहा, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कभी प्रतिबंधित रहे नरेन्द्र मोदी का वॉशिंगटन में गर्मजोशी से स्वागत किया। पेरिस में इमैनुएल मैक्रों ने भी भारतीय नेता को उतनी ही गर्मजोशी से गले लगाया। यह एक ऐसे देश के साथ नजदीकी संबंधों को दर्शाता है, जो चीन के लिए शक्तिशाली प्रतिद्वंद्वी साबित हो सकता है। उन्होंने कहा, क्या यह पश्चिमी ताकतों का अच्छा दांव है? हां, निश्चित रूप से भारत तेजी से बढ़ती ताकत है। उनके हितों में भी सामंजस्य है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 2023 से 2028 तक वार्षिक आर्थिक वृद्धि छह प्रतिशत से कुछ अधिक रहने का अनुमान लगाया है, जिसमें प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद इससे लगभग एक प्रतिशत अंक कम की रफ्तार से बढ़ेगा।

वुल्फ ने कहा कि यदि वैश्विक या घरेलू स्तर पर कोई बड़े झटके नहीं लगते हैं, तो यह वृद्धि पिछले तीन दशक के औसत के बराबर होगी। उन्होंने कहा कि भारत एक युवा देश है, जिसके श्रमबल की गुणवत्ता में सुधार की संभावना है, बचत की दर काफी ऊंची है और अधिक समृद्धि की व्यापक उम्मीदें हैं। वुल्फ ने कहा कि 2050 तक भारत का प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (क्रय शक्ति के आधार पर) उसी स्तर पर होगा, जहां आज चीन है। वुल्फ ने यह अनुमान भारत की वार्षिक वृद्धि पांच प्रतिशत तथा अमेरिका की 1.4 प्रतिशत रहने के आधार पर लगाया है। उन्होंने कहा कि भारत की आबादी भी अमेरिकी की तुलना में 4.4 गुना होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे में यह कल्पना करना मुश्किल नहीं है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 2050 तक अमेरिका के समान होगा। ऐसे में पश्चिमी नेता समझदारी से भारत पर दांव लगा रहे हैं। इससे पहले भारत की यात्रा पर आए विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने बुधवार को कहा था कि घरेलू खपत की वजह से वैश्विक सुस्ती के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है। इसकी वजह यह है कि भारत का जीडीपी काफी हद तक स्थानीय मांग पर निर्भर है।

सरकार ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया

भाषा। नई दिल्ली

सरकार ने आगामी त्योहारों के दौरान घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और खुदरा कीमतों को काबू में रखने के लिए बृहस्पतिवार को गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गैर-बासमती उसना चावल और बासमती चावल की निर्यात नीति में कोई बदलाव नहीं होगा। कुल निर्यात में दोनों किस्मों का हिस्सा बड़ा है। देश से निर्यात होने वाले कुल चावल में गैर-बासमती सफेद चावल की हिस्सेदारी लगभग 25 प्रतिशत है। भारत से गैर-बासमती सफेद चावल का कुल निर्यात वित्तवर्ष 2022-23 में 42 लाख डॉलर का हुआ था, जबकि इससे पिछले वर्ष में निर्यात 26.2 लाख डॉलर का था। भारत के गैर-बासमती चावल निर्यात के प्रमुख गंतव्यों में थाईलैंड, इटली, स्पेन, श्रीलंका और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की एक अधिसूचना के अनुसार, गैर-बासमती सफेद चावल (अर्ध-मिल्ड या पूरी तरह से मिल्ड चावल, चाहे पॉलिश किया हुआ हो या नहीं) की निर्यात नीति को मुक्त से प्रतिबंधित कर दिया गया है। मंत्रालय ने कहा, उचित कीमतों पर पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गैर बासमती चावल की निर्यात नीति में संशोधन किया गया है। इस कदम का उद्देश्य आगामी त्योहारों में कम कीमतें और पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

घरेलू बाजार में गैर-बासमती सफेद चावल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और स्थानीय कीमतों में वृद्धि को कम करने के लिए, सरकार ने तत्काल प्रभाव से निर्यात नीति में संशोधन कर इसे 20 प्रतिशत के निर्यात शुल्क के साथ मुक्त से निषेध श्रेणी में कर दिया है। बयान में कहा गया है, चावल की घरेलू कीमतें बढ़ रही हैं। खुदरा कीमतें एक साल में 11.5 प्रतिशत और पिछले महीने में तीन प्रतिशत बढ़ी हैं। कीमत कम करने के साथ-साथ घरेलू बाजार में उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आठ सितंबर, 2022 को गैर-बासमती सफेद चावल पर 20 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगाया गया था। हालाँकि, इस किस्म का निर्यात वित्तवर्ष 2022-23 की सितंबर-मार्च अवधि में बढ़कर 42.12 लाख टन हो गया, जो पिछले वित्तवर्ष की सितंबर-मार्च अवधि के दौरान 33.66 लाख टन था। चालू वित्तवर्ष की पहली तिमाही में लगभग 15.54 लाख टन चावल का निर्यात किया गया, जो कि एक साल पहले की अवधि में केवल 11.55 लाख टन था। यानी इसमें 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बयान में कहा गया है, निर्यात में इस तेज वृद्धि का कारण भू-राजनीतिक परिदृश्य, अल नीनो धारणा और अन्य चावल उत्पादक देशों में विषम जलवायु परिस्थितियों आदि के कारण अंतरराष्ट्रीय कीमतों में आई तेजी हो सकती है। गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध से देश में उपभोक्ताओं के लिए कीमतें कम होंगी।

क्विक न्यूज

अजित पवार से मुलाकात के लिए उद्धव प्रशंसा के पात्र : शरद पवार गुट

मुंबई। शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने बृहस्पतिवार को कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं अपने पूर्व सहयोगी अजित पवार से मुलाकात करने पर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे की सराहना की जानी चाहिए। उद्धव ठाकरे ने बुधवार को राज्य विधानसभा मे अजित पवार से मुलाकात की। मूल राकांपा से टूटकर एकनाथ शिंदे-नीत राज्य सरकार मे अजित पवार के शामिल होने के बाद यह दोनो नेताओ की पहली मुलाकात थी। राकांपा के शरद पवार नीत गुट के प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने कहा कि उपमुख्यमंत्री पद संभालने वाला व्यक्ति पूरे राज्य का होता है, न कि किसी एक पार्टी का। उन्होने कहा, यदि काम कराना है तो आपको पद विशेष पर बैठे व्यक्ति से मिलना ही होता है। हमे उद्धव ठाकरे की सराहना करनी चाहिए कि उन्होने उपमुख्यमंत्री से मुलाकात करके किसानो से संबंधित मुद्दे उठाए। यह सही दिशा मे उठाया गया अच्छा कदम है। अजित पवार पूर्ववर्ती महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार मे उपमुख्यमंत्री थे। उस वक्त सत्ता की कमान ठाकरे के पास थी। गौरतलब है कि ठाकरे ने अभी तक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके कार्यालयो मे मुलाकात नही की है।

अंत्येष्टि के बाद चमोली के गांवों में पसरा सन्नाटा

गोपेश्वर, देहरादून। उत्तराखंड मे अलकनंदा के तट पर बारह लोगो की अंत्यष्टि के बाद चमोली जिले के हरमनी और रांगतोली गांवो मे बृहस्पतिवार को सन्नाटा पसर गया जिसे बीच-बीच मे सिसकियो की आवाज तोड़ रही थी। ग्रामीणो का रो-रोकर बुरा हाल था और उनके हलक से निवाला भी नीचे नही उतर रहा था। उन्हे यकीन ही नही हो रहा है कि जल्द लौटने का वादा करके जाने वाले उनके परिजन अब वापस नही आएंगे। हांलांकि, परिवारो के बचे लोग अपना दुख भुलाकर एक दूसरे को सहारा देते हुए दिखे। इससे पहले दिन मे, करंट हादसे मे जान गंवाने वाले लोगो की अलकनंदा के तट पर अंत्यष्टि कर दी गई। हादसे का शिकार हुए हरमनी,रांगतौली और रेपा गांवो के 12 लोगो का पारंपरिक घाटो पर बेहद गमगीन माहौल मे अंतिम संस्कार किया गया। कुहेड़ और बाजपुर गांव के समीप स्थित श्मशान घाटो पर आसपास के गांवो के सैकड़ो लोग मृतको को अंतिम विदाई देने आए। हादसे मे मारे गए मल शोधन संयंत्र (एसटीपी) मे कार्यरत एवं हरमनी गांव के गणेश लाल, उसके भाई दीपू कुमार और उनके पिता महेंद्र लाल को मुखाग्नि उनके भाई मनीष ने दी। हरमनी गांव के होम गार्ड मुकुंदी राम और रेपां गांव के गोपाल का दाह संस्कार उनके पुत्रो ने किया। हादसे मे मारे गए पुलिस उप निरीक्षक प्रदीप रावत सहित अन्य चार का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांवो मे किया गया। हादसे के शोक मे चमोली समेत आसपास के इलाको मे बाजार तथा अन्य व्यावसायिक गतिविधियां भी बंद रही। चमोली कस्बे मे नमामि गंगे परियोजना के तहत बने मल शोधन संयंत्र (एसटीपी) मे बुधवार को करंट फैलने से 16 व्यक्तियो की मौत हो गई थी जबकि 11 अन्य घायल हो गए थे। गणेश लाल के घर मे अब केवल उसकी मां संतोषी देवी और एक भाई ही बचे है। अपने पति और दो पुत्रो की मौत की खबर सुनने के बाद से संतोषी देवी बदहवास हो गई है। उनका दर्द केवल अपने परिवारजनो को खोने तक ही सीमित नही है और हादसे ने उनके जीजाजी और भांजे की भी बलि ले ली। होमगार्ड मुकुंदी लाल के परिजनो के सामने उन्हे खोने के बाद रोजी-रोटी का संकट भी पैदा हो गया है। वह घर के अकेले कमाने वाले थे। इसी तरह रेपा गांव के होमगार्ड गोपाल के परिवार के सामने भी यही संकट मुंह बाए खड़ा है।

नवाचार से युवाओं में बढ़ेगी पसंद

नई दिल्ली। सबसे भरोसेमंद स्मार्टफ़ोन सेवा प्रदाता रियलमी ने रियलमी सी-53 के लॉंच की घोषणा की। यह इसकी चैंपियन सीरीज का नया सदस्य है। इसके अलावा युवाओं के लिए परफ़ेक्ट पैड रियलमी पैड सी-2 भी लॉंच किया गया। अत्याधुनिक फ़ीचर्स, लीप फ़ॉरवर्ड टेक्नोलॉजिकल उन्नति, और शक्तिशाली परफॉरमेंस के साथ ये दोनों उत्पाद इस उद्योग में नयी क्रांति ला देंगे। नो लीप नो लॉंच के सिद्धांत के साथ रियलमी उद्योग में उच्च मानक स्थापित कर रहा है। यह ब्रांड नये उत्पादों के हर पहलू में लीप फॉरवर्ड टेक्नोलॉजी पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि यह ग्राहकों को आसानी से मिल सके। रियलमी सी-53 अपने सेगमेंट का पहला और एकमात्र स्मार्टफ़ोन है, जिसमें 108डच् का अल्ट्रा क्लियर कैमरा 3 इन,सेंसर ज़ूम, और 8डच् सेल्फ़ी कैमरा है। रियलमी सी53 इस मूल्य वर्ग में सबसे बड़ी स्टोरेज लेकर आया है। रियलमी पैड 2 में रियलमी पैड सीरीज का सबसे बड़ा अपग्रेड दिया गया है। इसमें सेगमेंट का पहला 11.5, 120 हर्ट्ज़ 2 डिस्प्ले है। जो ज़्यादा स्मूथ और आरामदायक अनुभव प्रदान करता है।

सारा अली खान ने अमरनाथ गुफा में दर्शन किए

भाषा। श्रीनगर

अभिनेत्री सारा अली खान ने दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन किए। अधिकारियों ने बहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभिनेता सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा ने बालटाल आधार शिविर से अपनी अमरनाथ यात्रा शुरू की थी। 27 वर्षीय अभिनेत्री सारा बुधवार को मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में बालटाल जाने वाले रास्ते पर बने सोनमर्ग रिसॉर्ट में रुकीं और थाजीवस ग्लेशियर के अद्भभुत नजारों का आनंद लिया।

सारा ने स्थानीय बच्चों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई और एक टपरी में चाय भी पी। उन्होंने बाद में इंस्टाग्राम पर अपनी यात्रा की तस्वीरें भी साझा की। उन्होंने तस्वीरों के शीर्षक में लिखा, जब आत्मा तृप्त हो और पैर दर्द कर रहे हों। बकरी से फिर बच्चों से की दोस्ती। और बाद में चाय पी, जो मुझे बहुत पसंद है। अधिकारी ने बताया कि जरा हटके जरा बचके की अभिनेत्री ने यात्रा शुरू करने से पहले दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित मार्तण्ड सूर्य मंदिर के भी दर्शन किए।

सेंसेक्स ने बनाया एक और रिकॉर्ड, निफ्टी 20,000 के करीब पहुंचा

भाषा। मुंबई

विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह तथा बैंक एवं दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और दोनों प्रमुख सूचकांक नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में आई मजबूती से भी तेजी की धारणा को मजबूती मिली। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 474.46 अंक यानी 0.71 प्रतिशत चढ़कर 67,571.90 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। ारोबार के दौरान यह 67,619.17 अंक के अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर भी पहुंच गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 20,000 का मनोवैज्ञानिक स्तर छूने के बेहद करीब पहुंच गया है। निफ्टी 146 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,979.15 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 19,991.85 अंक का अबतक का उच्चतम स्तर भी छुआ। दोनों शेयर सूचकांकों में तेजी का यह लगातार छठा कारोबारी सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने अपने

सर्वोच्च स्तर के कई नए शिखर छुए हैं। इन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में कुल 2,178 अंक यानी 3.33 प्रतिशत और निफ्टी में 594.85 अंक यानी 3.06 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "आरआईएल और आईटीसी जैसी दिग्गज कंपनियों का मूल्य बढ़ने से प्रमुख सूचकांकों में तेजी है। बैंकों के पहली तिमाही के अच्छे नतीजों की उम्मीद सूचकांकों को नई ऊंचाई पर पहुंचाने का आधार तैयार कर रही है। वैश्विक बाजारों के मिले-जुले संकेत भी निवेशकों की धारणा पर असर नहीं डाल पा रहे हैं। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में आईटीसी ने करीब तीन प्रतिशत की बढ़त हासिल की। कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, सन फार्मास्युटिकल, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और जेएसडब्ल्यू स्टील के भी शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। दूसरी तरफ इन्फोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और विप्रो के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के उप प्रमुख (खुदरा शोध) देवर्ष वकील ने कहा कि विदेशी पूंजी का प्रवाह मजबूत बने रहने और व्यापक आर्थिक परिदृश्य बढ़िया होने से बाजार में उत्साह का माहौल है। अमेरिका में मौद्रिक सख्ती का दौर खत्म होने की उम्मीद भी विदेशी निवेशकों को भारत की तरफ आकर्षित कर रही है।

विपक्षी दलों का गठबंधन ईस्ट इंडिया कंपनी का नया स्वरूप : करंदलाजे

मंगलुरु (कर्नाटक)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी दलों के नए गठबंधन इंडिया का गठन ईस्ट इंडिया कंपनी का ही नया स्वरूप है।

उन्होंने बुधवार को उडुपी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि जिन लोगों ने देश को 60 साल तक लूटा, अब वे सत्ता के लिए एकसाथ आ गए हैं। उन्होंने कहा, अब यह इंडिया बनाम भारत है। करंदलाजे ने गठबंधन का उपहास उड़ाते हुए कहा कि बेंगलुरु में विपक्षी दलों की बैठक में जिन सभी नेताओं ने हिस्सा लिया वे प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं। कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री ने कहा कि गठबंधन का नाम इंडिया भारत का राज्य संप्रतीक (अनुचित प्रयोग प्रतिषेध) अधिनियम, 1950 के प्रावधानों का भी उल्लंघन करता है। कर्नाटक में कांग्रेस नीत सरकार के पांच चुनावी वादों पर उन्होंने कहा कि राज्य में परिवहन निगमों को चार महीने में बंद करना होगा।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र की पहली तिमाही में लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बैंक ऑफ महाराष्ट्र की पहली तिमाही में लाभ मिला है। परिणाम लाभ वर्ष दर वर्ष आधार पर 95 प्रतिशत वृद्धि के साथ रु 882 करोड़ पर पहुंचा है। बैंक ने आस्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार दर्शाया है, और इसकी सकल अनर्जक आस्तियां (एनपीए) विगत वर्ष के 3.74 प्रतिशत से घटकर जून तिमाही की समाप्ति पर सकल अग्रिम का 2.28 प्रतिशत हो गई।

सरकारी स्वामित्व वाले बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने बुधवार को खराब ऋणों में कमी और ब्याज आय में सुधार के माध्यम से जून तिमाही के लिए 95 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ 882 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया। पुणे स्थित ऋणदाता ने विगत वर्ष में रु 452 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया था। जून 2023 की समाप्ति पर बैंक का कुल व्यवसाय 24.84 प्रतिशत बढ़कर रु 4,20,041 करोड़ हो गया और सकल अग्रिम 24.98 प्रतिशत बढ़कर रु 1.75,676 करोड़ और कुल जमाराशियां 24.73 प्रतिशत बढ़कर रु 2.44,365 करोड़ हो गई। वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में कुल आय एक वर्ष पूर्व की समान अवधि के लिए रु3.774 करोड़ से बढ़कर रू 5,417 करोड़ हो गई। बैंक की अर्जित ब्याज जून 2022 के रु 3,457 करोड़ से बढ़कर रु् 4,789 करोड़ हो गई। बैंक की निवल व्याज आय 38.80 प्रतिशत बढ़कर रु 2,340 करोड़ हो गई। बैंक ने आस्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार दर्शाया है और सकल अनर्जक आस्तियां विगत वर्ष के 3.74 प्रतिशत से घटकर जून 2023 तिमाही की समाप्ति पर सकल अग्रिम का 2.28 प्रतिशत हो गई। निवल एनपीए एक वर्ष पूर्व के 0ण88 प्रतिशत की तुलना में जून 2023 में सुधरकर 0.24 प्रतिशत हो गया। ए एस राजीव प्रबंध निदेशक एवं सीईओए बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कहा कि बैंक की वर्तमान वित्तीय वर्ष में 20.22 प्रतिशत की ऋ ण वृद्धि और जमाराशियों में 14.15 प्रतिशत की वृद्धि अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि ऋण वृद्धि की प्राप्ति के लिए बैंक की योजना टियर और टियर,बाण्ड से रु 2,000 करोड़ जुटाने की है। वसूली के मामले मेंए बैंक को वर्तमान वर्ष के दौरान रु 3,000 करोड़ की उम्मीद है। प्रावधान कवरेज अनुपात 30 जून 2023 को सुधरकर 98.37 प्रतिशत हो गया, जबकि निवल व्याज मार्जिन - एनआईएम 30 जून, 2023 को सुधरकर 3.86 प्रतिशत हो गया। 30 जून 2023 को बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 14.36 प्रतिशत के कोमन इक्विटी टीयर 1 अनुपात के साथ सुधरकर 18.07 प्रतिशत रहा।

चीतों की मौत पर शीर्ष न्यायालय चिंतित

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान (मध्य प्रदेश) में एक साल से भी कम समय में आठ चीतों की मौत हो जाना एक सही तस्वीर पेश नहीं करता। इसने केंद्र से इसे प्रतिष्ठा का मुद्दा नहीं बनाने और इन वन्यजीवों को अन्य अभयारण्यों में भेजने की संभावना तलाशने को कहा। प्रोजेक्ट चीता के तहत रेडियो कॉलर लगे 20 चीते नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से कूनो राष्ट्रीय उद्यान लाए गए थे और बाद में नामीबियाई चीता ज्वाला ने चार शावकों को जन्म दिया था। इन 24 वन्यजीवों में से तीन शावकों सहित आठ की मौत हो चुकी है।

न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने चीतों की मौत पर चिंता जताई तथा इसके (मौत के) कारणों और इसके निवारण के लिए किए गए उपायों की जानकारी के साथ केंद्र से एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने को कहा।

चंद्रमा पर उतरने के आगे के अभियानों पर काम जारी : इसरो अध्यक्ष

भाषा। बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चमकते खगोलीय एक्स-रे स्रोतों के विभिन्न आयामों का अध्ययन करने के लिए देश के पहले समर्पित पोलरिमीटर मिशन-एक्सपोसैट (एक्स-रे पोलरिमीटर सैटेलाइट) को अंजाम देने के लिए लगभग तैयार है। यह बात अंतरिक्ष एजेंसी के प्रमुख एस सोमनाथ बृहस्पतिवार को कही। सोमनाथ ने कहा कि सूर्य का अध्ययन करने के लिए आदित्य-एल-। मिशन की तैयारियां भी चल रही हैं। उन्होंने बताया कि सौर मंडल के बाहर स्थित ग्रहों का अध्ययन करने के लिए भी उपग्रह विकसित करने पर विचार किया जा रहा है। इसरो के प्रमुख ने कहा, हम चांद पर उतरने से जुड़े अन्य अभियानों पर भी चर्चा कर रहे हैं। अंतरिक्ष विभाग के सचिव सोमनाथ ने अंतरिक्ष विज्ञान प्रौद्योगिकी और जागरूकता प्रशिक्षण (स्टार्ट) कार्यक्रम 2023 के उद्घाटन समारोह को ऑनलाइन संबोधित करते हुए यह बात कही। इसरो ने 14 जुलाई को चांद पर अपना चन्द्रयान-3 मिशन भेजा है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि इस मिशन (चन्द्रयान-3) के माध्यम से विज्ञान के क्षेत्र में आपको कुछ अनोखा जरूर मिलेगा। सोमनाथ ने कहा, हम आदित्य-एल-। मिशन के माध्यम से सूर्य का अध्ययन करने और इसे समझने का भी प्रयास करेंगे। एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह लगभग तैयार है और हम तारों को बेहतर तरीके से समझने के लिए इसे (पोलरिमीटर उपग्रह) प्रक्षेपित करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अन्य खगोलीय पिंडों जैसे शुक्र को समझने के लिए मिशन पर चर्चा की जा रही है। उन्होंने बताया कि सौर मंडल से बाहर के खगोलीय पिंडों का अध्ययन करने के लिए उपग्रह विकसित करने पर भी विचार किया जा रहा है। इसरो के अधिकारियों ने बताया कि एक्सपोसैट (एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह) दो वैज्ञानिक उपकरणों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करेगा।

सीबीआई ने समीर वानखड़े के खिलाफ जांच के मामले में मॉडल मुनमुन धमीचा से पूछताछ की

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व अधिकारी समीर वानखड़े के खिलाफ अपनी जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार को मॉडल मुनमुन धमीचा से पूछताछ की। बॉलीवुड अभिनेता शाहरूख खान के बेटे आर्यन खान के साथ धमीचा को मादक पदार्थ के मामले में गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि धमीचा आज सुबह यहां सीबीआई मुख्यालय में जांच दल के सामने पेश हुईं और उनसे पूछताछ जारी है। उन्होंने कहा कि वह कॉर्डेलिया क्रूज जहाज पर छापेमारी के बाद तीन अक्टूबर 2021 को आर्यन खान के साथ एनसीबी द्वारा गिरफ्तार किए गए लोगों में शामिल थीं।

एनसीबी ने कहा कि आरोप था कि धमीचा के पास से एनसीबी की छापेमारी के दौरान पांच ग्राम चरस मिली थी। बाद में एनसीबी की एक विशेष जांच टीम (एसईटी) ने मुंबई के तत्कालीन एनसीबी जोनल निदेशक समीर वानखेड़े की निगरानी में क्रूज जहाज पर की गई छापेमारी में कई खामियों और अनियमितताओं को उजागर किया।

एनसीबी ने आरोप लगाया था कि केपी गोसावी नाम के एक निजी व्यक्ति और उसके सहयोगी प्रभाकर सेल को वानखेड़े के निर्देश पर दो अक्टूबर, 2021 को क्रूज जहाज पर मारे गए छापे में स्वतंत्र गवाह के रूप में शामिल किया गया था। प्रभाकर सेल की मौत हो चुकी है।

मामले में दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि गोसावी, उसके सहयोगी सैनविले डिसूजा और अन्य ने कथित तौर पर आर्यन के परिवार से 25 करोड़ रुपए वसूलने की साजिश रची थी।

सीबीआई ने भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 2008 बैच के अधिकारी वानखड़े और चार अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

पांच साल में सरकारी नौकरियों में 4.63 लाख से अधिक अभ्यर्थी भर्ती हुए

नई दिल्ली। सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस साल मार्च तक पांच साल की अवधि में 4.63 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरियों में भर्ती किया गया है।

केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, 01.04.2018 से 31.03.2023 तक संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) और रेलवे भर्ती बोर्डों (आरआरबी) की ओर से कुल 4,63,205 उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश की गई जिनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी भी हैं।

उन्होंने कहा इसके अलावा, एसएससी और आरआरबी ने 2023-24 की पहली तिमाही में नियुक्ति के लिए।,03,196 उम्मीदवारों की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने समय पर रिक्त पदों को भरने के लिए सभी मंत्रालयों और विभागों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

एसटीपी का रखरखाव कर रही कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज के निर्देश

भाषा। देहरादून

चमोली करंट हादसे को लेकर उत्तराखंड के मुख्य सचिव डा एस एस सन्धु ने चमोली के पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल को मल शोधन संयंत्र (एसटीपी) का रखरखाव कर रही कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए।

यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सन्धु ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्वाई करने को कहा है। चमोली कस्बे में अलकनंदा नदी के किनारे नमामि गंगे परियोजना के तहत बने एसटीपी में बुधवार को करंट फैलने से 16 व्यक्तियों की मौत हो गई थी जबकि 11 अन्य घायल हो गए थे। उधर, मुख्यमंत्री ने चमोली पहुंचकर दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात की तथा गोपेश्वर जिला अस्पताल में भर्ती पांच अन्य घायलों का हालचाल लिया। बाद में उनके निर्देश पर इन घायलों को भी हेलीकॉप्टर से एम्स ऋषिकेश भेज दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि घायलों को मानसिक दबाव से मुक्त करने तथा उच्च स्तरीय स्वास्थ्य जांच के लिए ऋषिकेश भेजा गया। गंभीर रूप से घायल छह लोग बुधवार से ही एम्स ऋषिकेश में भर्ती हैं। धामी ने दुर्घटना में मारे गए होम गार्ड के तीनों जवानों के शवों पर भी पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा, यह बहुत हृदयविदारक घटना है और हम भगवान से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा उनके परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना करते हैं।

परिजनों को ढांढस बंधाते हुए भावुक नजर आ रहे मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि दुख की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना से प्रभावित हुए लोगों की मदद के लिए मुआवजा सहित सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि घायलों का समुचित उपचार कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी घटना की जानकारी ली है और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी उनसे इस सबंध में बात की है। धामी ने कहा कि हादसे की तह तक पहुंचने के लिए घटना की

रोहित और जायसवाल के अर्धशतकों से भारत की अच्छी शुरुआत

● वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन का मैच

भाषा। पोर्ट आफ स्पेन,

सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन लंच तक भारत को बिना किसी नुकसान के 121 रन तक पहुंचाया। जायसवाल 56 गेंद में 52 और कप्तान रोहित 102 गेंद में 63 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों ने पहले टेस्ट में शतक जमाया था और एक बार फिर बड़ी साझेदारी की ओर बढ रहे हैं। भारत ने 26 ओवरों में 4 . 65 की औसत से रन बनाए हैं। जायसवाल को पहले सत्र के आखिरी ओवर में जीवनदान मिला जब जैसन होल्डर की गेंद पर एलिक अथानाजे ने उनका कैच छोड़ा। यह दोनों टीमों के बीच सौवां टेस्ट है। इस मौके पर दोनों कप्तानों को महान बल्लेबाज ब्रायन लारा ने विशेष स्मृति चिन्ह प्रदान किए। डोमिनिका की टर्न लेती पिच भारतीय गेंदबाजों को रास आई थी और लग रहा था कि यहां जीवंत पिच मिलेगी लेकिन क्यूरेटर ने पिच पर कोई घास नहीं छोड़ी। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज टॉस जीतकर गेंदबाजी के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट के फैसले को सही साबित नहीं कर सके। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों को शॉर्ट गेंदें फेंकी लेकिन भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने उनका सहजता से सामना किया। जायसवाल को छठे ओवर में एक और मौका मिला लेकिन गली में उनका कैच छूट गया। रोहित ने 19वें ओवर में केमार रोच को छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। दूसरी ओवर जायसवाल ने अलजारी जोसेफ को शॉट खेलकर पचासा पूरा किया।

जर्मनी से 0-2 से हारा भारत, दौरे की लगातार तीसरी हार

भाषा। रसेलशेम (जर्मनी)

भारतीय महिला हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और उसे जर्मनी से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा जो उसकी वर्तमान दौरे में लगातार तीसरी पराजय है। भारतीय टीम के जर्मनी दौरे के तीसरे और अंतिम मैच में मेजबान टीम की तरफ सेनाइक लोरेंज (52वें मिनट) और चार्लोट स्टेपनहॉर्स्ट (54वें मिनट) ने गोल किए।

भारतीय टीम अपने पिछले दो मुकाबलों में चीन (2-3) और जर्मनी (1-4) से हार गई थी। भारतीय टीम का जर्मनी का यह दौरा आगामी एशियाई खेलों की तैयारियों के सिलसिले में था। दौरे के तीसरे और अंतिम मैच में भारतीय टीम जर्मनी को तीसरे क्वार्टर तक गोल रहित बराबरी पर रोकने में सफल रही थी। चौथे क्वार्टर में हालांकि कड़ा मुकाबला देखने को मिला जिसमें जर्मनी ने आक्रामक रुख अपनाया। भारत को इसके पिछले क्वार्टर में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले थे लेकिन वहां उन्हें गोल में बदलने में नाकाम रहा। लोरेंज ने जर्मनी को मिले तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिलाई। लोरेंज ने मंगलवार को भारत के खिलाफ खेले गए पहले मैच में दो गोल किए थे। स्टेपनहॉर्स्ट ने इसके बाद मैदानी गोल करके जर्मनी की जीत सुनिश्चित की। भारतीय महिला हॉकी टीम को अब स्पेन का दौरा करना है जहां वह स्पेनिश हॉकी महासंघ के 100 साल पूरे होने पर आयोजित किए जाने वाले टूर्नामेंट में भाग लेगी।

पाकिस्तान ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में श्रीलंका को चार विकेट से हराया

गॉल। पाकिस्तान ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद श्रीलंका को गुरुवार को यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में चार विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। पाकिस्तान ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए लेकिन सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक (नाबाद 50) ने एक छोर संभाले रखा और टेस्ट क्रिकेट में अपना आठवां अर्धशतक पूरा किया। इससे पाकिस्तान ने पांचवे दिन लंच से पहले ही जीत हासिल कर ली। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 312 रन बनाए थे जिसके जवाब में पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 461 रन बनाए। श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी में 279 रन बनाकर पाकिस्तान के सामने जीत के लिए 131 रन का लक्ष्य रखा था। पाकिस्तान की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और वह चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 48 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था।पाकिस्तान को पांचवे और अंतिम दिन जीत के लिए 83 रन की जरूरत थी लेकिन इस मैदान पर 2009 में उसकी कड़वी यादें जुड़ी है। तब पाकिस्तान को 168 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम दिन 97 रन की जरूरत थी और उसके आठ विकेट बचे हुए थे लेकिन उसकी टीम 117 रन पर आउट हो गई थी।बाबर आजम (24) ने इमाम के साथ चौथे विकेट के लिए 41 रन जोड़े और तब लक्ष्य तक पहुंचना औपचारिकता मात्र लग रहा था। लेकिन प्रबाथ जयसूर्या ने पाकिस्तानी कप्तान को पगबाधा आउट करके श्रीलंका की उम्मीद जगा दी।

एमर्जिंग एशिया कप : सेमीफाइनल में भारत ए की निगाहें शानदार प्रदर्शन जारी रखने पर

कोलंबो। लीग चरण में दमदार प्रदर्शन करने के बाद भारत ए शुक्रवार को यहां बांग्लादेश ए के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल में जीत से एमर्जिंग एशिया कप के फाइनल में पहुंचने का प्रबल दावेदार होगा। भारत को अभी तक टूर्नामेंट में हार का सामना नहीं करना पड़ा है और सभी जीत में सबसे अहम पहलू यही रहा है कि प्रत्येक मुकाबले में जरूरत पड़ने पर कई मैच विजेता देखने को मिले। अब प्रतिस्पर्धी टीम बांग्लादेश के खिलाफ भारत की निगाहें सभी विभागों में शानदार प्रदर्शन जारी रखने पर लगी होंगी। तेज गेंदबाज हर्षित राणा (41 रन देकर चार विकेट) और कप्तान यश धुल (108 रन) टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे जिससे टीम ने आठ विकेट से जीत हासिल की। लेकिन नेपाल के खिलाफ मैच में बाएं हाथ के स्पिनर निशांत सिंधू (14 रन देकर चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन (58 रन) और अभिषेक शर्मा (87 रन) ने नौ विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। टूर्नामेंट में आठ विकेट से सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले आल राउंडर राजवर्धन हांगरगेकर ने भी इस मैच में योगदान दिया और तीन विकेट झटके। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच में आठ विकेट से जीत हासिल की। इस मैच में मानव सुथार और निकिन जोश के अलावा साई सुदर्शन और हांगरकेकर का प्रदर्शन शानदार रहा। हांगरगेकर (42 रन देकर पांच विकेट) ने पांच विकेट झटके जबकि साई सुदर्शन (104 रन) ने शतक जड़कर सुर्खियां बटोरी। लेकिन निकिन (53 रन) और बाएं हाथ के स्पिनर सुथार (36 रन देकर तीन विकेट) ने भी अच्छा योगदान दिया। लेकिन बांग्लादेश की टीम को अब कहीं से भी हल्के में नहीं लिया जा सकता।

मणिपुर के अपराधियों को मौत की सजा दी जाए : हरभजन

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह ने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने की घटना में शामिल अपराधियों के लिए मौत की सजा की मांग की। हरभजन ने गुरुवार को ट्वीट किया, अगर मैं कहूं कि मैं गुस्से में हूं, तो यह कम होगा। मैं गुस्से से भरा हुआ हूं। मणिपुर में जो हुआ उसके बाद मैं शर्मिंदा हूं। अगर इस भयानक अपराध के अपराधियों को कानून के सामने नहीं लाया जाता और मौत की सजा नहीं दी जाती तो हमें खुद को इंसान कहना बंद कर देना चाहिए। अब बहुत हो गया है। सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए।

तीन साल में चार खेल महासंघों में यौन उत्पीड़न की शिकायतें मिली, खेलमंत्री ठाकुर ने राज्यसभा में कहा

नई दिल्ली। खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि पॉश कानून 2013 (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न) सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों पर भी लागू है और पिछले तीन साल में सिर्फ चार एनएसएफ ने ऐसी शिकायतें दर्ज की है। ठाकुर ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में यह खुलासा किया। पॉश कानून सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) पर लागू है। यदि उनसे किसी तरह के यौन उत्पीड़न की शिकायत की जाती है तो उन्हे कानून के प्रावधानों के तहत कार्वाई करनी होगी।

आस्ट्रेलिया ने महिला विश्व कप में आयरलैंड पर जीत से अभियान शुरु किया

सिडनी। आस्ट्रेलिया ने अपनी स्टार फुटबॉलर सैम केर की अनुपस्थिति के बावजूद गुरुवार को यहां आयरलैंड को 1-0 से हराकर महिला विश्व कप में जीत से अपना अभियान शुरु किया। स्टेफ कैटले ने 52वे मिनट में पेनल्टी पर किए गए गोल से अपनी टीम को जीत दिलाई। स्टेडियम में मैच देखने 75,784 दर्शक पहुंचे हुए थे जबकि टूर्नामेंट की सह मेजबान आस्ट्रेलिया को अपनी शीर्ष स्कोरर केर की अनुपस्थिति से करारा झटका लगा था जो चोटिल होने के कारण दो मैच नहीं खेल पाएंगी। केर ग्रुप बी में टीम के नाईजीरिया के खिलाफ दूसरे मैच में भी नहीं खेलेगी।

मनिका ने यूटीटी में बेंगलुरू स्मैशर्स को पहली जीत दिलाई

पुणे। भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अल्टीमेट टेबल टेनिस लीग में बेंगलुरू स्मैशर्स को पहली जीत दिलाई। बेंगलुरू स्मैशर्स अब चौथे स्थान पर है जिसने गत चैम्पियन चेन्नई लायंस को 8-7 से हराया। पिछली बार मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन श्रीजा अकुला से हारी मनिका ने दूसरे मैच में 11-6, 11-8 से जीत दर्ज की। इससे पहले अचंत शरत कमल ने पुरुष एकल में किरिल जी को हराया। मनिका और किरिल ने तीसरे मैच में शरत और यांगजी लियू को मात दी। चौथे मैच में जीत चंद्रा को दुनिया के 33वे नंबर के खिलाड़ी बेनेडिक्ट डुडा ने हराया।

अक्टूबर के पहले हफ्ते में शुरु हो सकती है आई लीग

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को कहा कि आई लीग 2023-24 सत्र के अक्टूबर के पहले हफ्ते में शुरु होने की संभावना है और इंडियन वुमैन्स लीग 18 नवंबर से 16 मार्च तक कराई जा सकती है। क्लबो के साथ बैठक में एआईएफएफ ने आई लीग के विभिन्न प्रारूपों में कराए जाने की संभावनाओं पर लंबी चर्चा की और इस पर फैसला बाद में आएगा। आई लीग क्लबो से उनकी पिच की हालत सुधार करने और उनके मैचो के लिए फ्लडलाइट लगाने की सलाह भी दी गई।

राजकंवर रैपिड फायर पिस्टल फाइनल्स में पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में

नई दिल्ली। भारत के राजकंवर सिंह संधू गुरुवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैम्पियनशिप की पुरुष 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के पहले प्रीसिशन दौर में 289 का स्कोर बनाकर फाइनल में पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में है। संधू ने हंगरी के निशानेबाज अकोस कैरोली नागी के बराबर स्कोर बनाया जो पांचवे स्थान पर थे जबकि शीर्ष चार स्थान पर चीन के निशानेबाज चल रहे थे। झांग झिहाओ 294 के स्कोर से शीर्ष पर थे। शीर्ष छह निशानेबाज शुक्रवार को होने वाले फाइनल्स में जगह बनाएंगे।

विश्व कप के लिए मेजबान शहरों में शामिल हो न्यूयॉर्क भी

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली की सदस्या जेनिफर राजकुमार ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से न्यूयॉर्क को अगले साल के टी20 विश्व कप के लिए मेजबान शहरों में चुनने की गुजारिश की और कहा कि यह अमेरिका में क्रिकेट का केंद्र है जहां काफी संख्या में दक्षिण एशियाई मूल के लोग रहते है। अगले साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज संयुक्त रूप से अगले टी20 विश्व कप की मेजबानी कर रहे है। जेनिफर कहा, न्यूयॉर्क के दस हजार क्रिकेट प्रशंसकों की ओर से मैं आपसे न्यूयॉर्क शहर को आईसीसी विश्व कप के लिए मेजबान चुनने की गुजारिश कर रही हूं। ।

महिला विश्व कप: न्यूजीलैंड ने नार्वे को 1-0 से हराया

ऑकलैंड (न्यूजीलैंड)। हन्ना विलकिन्सन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत न्यूजीलैंड फुटबॉल टीम ने यहां गुरुवार को महिला विश्व कप के पहले मैच में नार्वे को 1-0 से शिकस्त दी। महिला विश्व कप में यह न्यूजीलैंड की पहली जीत है। ईडन पार्क स्टेडियम में रिकॉर्ड 42,137 दर्शक मौजूद थे जो न्यूजीलैंड में फुटबॉल मैच के लिए रिकॉर्ड संख्या है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस भी मैच देखने के लिए स्टेडियम में उपस्थित थे। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने इससे पहले आयोजित हुए पांच विश्व कप में हिस्सा लिया था लेकिन कोई मैच नहीं जीता था। दोनो टीमें विश्व कप में केवल एक बार ही आमने सामने हुई है।

भारतीय टीम में सहज बदलाव घरेलू प्रणाली की देन: द्रविड़

भाषा। पोर्ट ऑफ स्पेन

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने भारतीय क्रिकेट टीम में सहज बदलाव का श्रेय मजबूत घरेलू उपाय और टीम के अच्छे माहौल को दिया। द्रविड़ मुख्य कोच के रूप में अब भारतीय टीम में बदलाव के दौर को देख रहे हैं। वह एक खिलाड़ी के रूप में भी ऐसा दौर देख चुके हैं जब उनके साथ सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली जैसे खिलाड़ियों ने महेंद्र सिंह धोनी को जिम्मा सौंपा था। द्रविड़ के संन्यास लेने के बाद चेतेश्वर पुजारा ने तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका बखूबी निभाई थी और अब शुभमन गिल यह भूमिका निभा रहे हैं। यशस्वी जायसवाल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपने पदार्पण पर ही 171 रन बनाकर सलामी बल्लेबाज के रूप में अपना दावा मजबूत किया। द्रविड़ ने दूसरे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर कहा, यह घरेलू प्रणाली की बदौलत है। यह टीम के इर्द-गिर्द के माहौल की देन है कि युवा खिलाड़ी आते ही अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। विशेषकर बल्लेबाजी विभाग में इस तरह के खिलाड़ियों को तैयार करने का बहुत कुछ श्रेय घरेलू प्रणाली को जाता है। इसके अलावा टीम के अंदर के सहज माहौल के कारण भी युवा खिलाड़ी आते ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। भारतीय कोच ने कहा, कई युवा खिलाड़ी हैं जो वनडे और टी-20 में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसलिए निश्चित तौर पर श्रेय घरेलू प्रणाली, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी और उन कई लोगों को जाता है जिन्होंने हमारे लिए इसे संभव बनाया। द्रविड़ ने इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों को आगाह किया कि उन्हें आगे कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। मैं जानता हूं कि जायसवाल और गिल जैसे खिलाड़ियों को आगे कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मेरा मानना है कि आज के दौर में जब युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करने लग जाते हैं और लोग उन्हें जानने लग जाते हैं तो फिर टीम उनके लिए रणनीति तैयार करने लग जाती हैं। इसलिए खिलाड़ियों को इसके लिए भी तैयार रहना होगा। एशिया कप का कार्यक्रम जारी हो चुका है तथा भारत और पाकिस्तान के बीच 19 दिन के अंतराल में तीन मुकाबले हो सकते हैं। द्रविड़ ने इस बारे में कहा, मैं अपनी चुनौतियों की गिनती करने में बहुत अधिक विश्वास नहीं रखता। मैं एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं। हम जानते हैं कि हमें पहले दो मैच पाकिस्तान और नेपाल से खेलने हैं और हमें उन पर ध्यान देने की जरूरत है। हमें अच्छी क्रिकेट खेलने होगी और इन मैचों को जीतना होगा। उसी के बाद देखा जाएगा कि टूर्नामेंट आगे कैसे बढ़ता है। यदि हमें पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच खेलने का मौका मिलता है तो यह शानदार होगा। इसका मतलब है कि हम फाइनल में पहुंचेंगे और उम्मीद है कि पाकिस्तान भी फाइनल में जगह बनाएगा।

कोहली कई खिलाड़ियों के लिए वास्तविक प्रेरणास्रोत

पोर्ट ऑफ स्पेन। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अपना 500वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए तैयार विराट कोहली को अपनी अपार उपलब्धियों और कार्य नीति के कारण कई क्रिकेटरों के लिए प्रेरणास्रोत करार दिया। कोहली वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में उतर कर भारत की तरफ से 500 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले चौथे खिलाड़ी बन जाएंगे। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और महेंद्र सिंह धोनी ने यह उपलब्धि हासिल की है। द्रविड़ ने कहा, उनके (कोहली) आंकड़े स्वयं ही सारी कहानी बयां करते है। वह सब रिकॉर्ड बुक में दर्ज है। इसमें कोई संदेह नहीं कि वह अपनी टीम के कई खिलाड़ियों तथा भारत के कई लोगों, लड़कों और लड़कियों के लिए वास्तविक प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा, विराट की इस यात्रा को देखना अच्छा लगता है। जब मैं उसके साथ पहली बार खेला तो वह काफी युवा था। उसने जो कुछ हासिल किया और जो उपलब्धियां हासिल कर रहा है, उसे मैंने बहुत प्रेरणा के साथ देखा। द्रविड़ ने कहा कि कोहली का लंबा करियर और तीनों प्रारूप में उपलब्धियां पर्दे के पीछे के बलिदान और कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा, मैं नहीं जानता था कि यह उनका 500वां अंतरराष्ट्रीय मैच है। मेरे लिए सबसे अच्छी बात यह है कि मैं उनके पर्दे के पीछे के प्रयासों और कड़ी मेहनत को देखता हूं जिसे कोई नहीं देख रहा होता है। एक कोच के लिए यह अच्छी बात है क्योंकि कई युवा खिलाड़ी उसे देखते है और प्रेरणा लेते है।

हार्दिक और गिल को मिल सकता है आराम

● आयरलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में नहीं खेलेंगे

भाषा। नई दिल्ली

भारत के टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या और तीनों प्रारूपों में खेलने वाले शुभमन गिल को आगामी एशिया कप और वनडे विश्व कप को देखते हुए आयरलैंड के खिलाफ 18 अगस्त से होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला से आराम दिया जा सकता है। बीसीसीआई सूत्रों ने यह जानकारी दी। पंड्या भारत की वनडे टीम का अहम हिस्सा हैं और हरफनमौला होने के नाते टीम को संतुलन देते हैं। टीम प्रबंधन और राष्ट्रीय चयन समिति उन्हें लेकर एहतियात बरतना चाहती है। बोर्ड के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, अभी कुछ तय नहीं है और यह इस पर भी निर्भर होगा कि वनडे और टी20 के बाद हार्दिक कैसा महसूस करते हैं। इसमें काफी यात्रा करनी होगी और फ्लोरिडा से डबलिन का सफर करने से पहले तीन दिन का ही समय है। उन्होंने कहा , विश्व कप को देखते हुए कार्यभार प्रबंधन जरूरी है। विश्व कप में वह उपकप्तान भी है। भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ वेस्टइंडीज और अमेरिका में 27 जुलाई से 13 अगस्त के बीच तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेगी। आयरलैंड में भारत को पांच दिन के भीतर तीन टी20 मैच (18, 20 और 23 अगस्त) खेलने हैं। विश्व कप से पहले भारत को एशिया कप भी खेलना है।

एशियाई खेलों के ट्रायल्स में छूट के विरोध में आईओए मुख्यालय पर प्रदर्शन

नई दिल्ली। हरियाणा के हिसार में विरोध प्रदर्शन करने के एक दिन बाद कई जूनियर पहलवान, उनके माता-पिता और कोच गुरुवार को यहां भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के मुख्यालय पहुंचे और एशियाई खेलों के ट्रायल से विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया को दी गई छूट वापस लेने की मांग की। पहलवानों के परिजनों सहित लगभग 150 लोग आईओए की अध्यक्ष पीटी ऊषा और तदर्थ पैनल के प्रमुख भूपेंद्र सिंह बाजवा से मिलने की मांग कर रहे हैं। उदीयमान खिलाड़ी अंतिम पंघाल के कोच विकास भारद्वाज ने पीटीआई से कहा, हम सभी आईओए के शीर्ष अधिकारियों से मिलना चाहते हैं। हम किसी भी तरह के पक्षपातपूर्ण फैसले को स्वीकार नहीं करेंगे। यह गलत है। हम यहां पैनल से यह आग्रह करने आए हैं कि वह बजरंग और विनेश को दी गई छूट वापस ले। मौजूदा अंडर-20 विश्व चैंपियन पंघाल और अंडर 23 एशियाई चैंपियन सुजीत कलकल ने तदर्थ समिति के फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए।

क्राउले का शतक , इंग्लैंड के चाय तक दो विकेट पर 239 रन

● एशेज टेस्ट

भाषा। मैनचेस्टर (इंग्लैंड)

इंग्लैंड ने जाक क्राउले के नाबाद 132 रन की मदद से आस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार को यहां चौथे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन चाय के ब्रेक तक पहली पारी में दो विकेट गंवाकर 239 रन बना लिए। आस्ट्रेलियाई टीम सुबह पहली पारी में 317 रन पर सिमट गई थी। क्राउले ने मोईन अली (54 रन) के साथ 152 गेंद में 121 रन की भागीदार की और फिर जो रूट के साथ अभी तक 86 गेंद में 109 रन की साझेदारी निभा ली है। रूट 44 रन बनाकर उनके साथ क्रीज पर डटे हैं। क्राउले ने दूसरे सत्र में 106 रन बनाए। इंग्लैंड को अगर श्रृंखला जीवंत रखनी है तो उसे इस मैच में जीत हासिल करनी होगी। उसने आस्ट्रेलिया को पहले ही चेता दिया था कि वह जल्द से जल्द नतीजा हासिल करने की कोशिश करेगा क्योंकि शनिवार को बारिश की भविष्यवाणी की गई है जिससे दिन का खेल खराब हो सकता है। अगर इंग्लैंड इस मैच में जीत हासिल नहीं कर पाता है तो आस्ट्रेलिया एशेज खिताब बरकरार कर लेगा। इंग्लैंड का स्कोर लंच तक एक विकेट पर 61 रन था, टीम ने इसके बाद के सत्र में 25 ओवर में 178 रन जोड़े। आस्ट्रेलिया के लिए कप्तान पैट कमिंस काफी खर्चीले रहे। केवल मिशेल स्टार्क ही दो विकेट झटक सके। इंग्लैंड ने पहला सैकड़ा बनाने के लिए 22.1 ओवर लिए जबकि दूसरा सैकड़ा 13.2 ओवर में ही बना लिया। क्राउले ने लंच के बाद अली से पहले अर्धशतक पूरा किया जो श्रृंखला में उनका दूसरा पचासा था। श्रृंखला के लिए टेस्ट संन्यास से वापसी करने वाले अली ने साढ़े चार साल में अपना पहला अर्धशतक जमाया। उन्हें 53 रन पर जीवनदान मिला लेकिन 54 रन पर आउट हो गए जिससे स्कोर दो विकेट पर 130 रन हो गया। स्टार्क की गेंद पर उस्मान ख्वाजा ने डाइव करते हुए दोनों हाथों से उनका कैच लपका। क्राउले ने 93 गेंद में अपना शतक पूरा किया जो इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज का टेस्ट इतिहास में दूसरा सबसे तेज सैकड़ा रहा। इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड के लिए 86 गेंद में सबसे तेज शतक बनाया था। पहले सत्र में इंग्लैंड ने तीसरे ही ओवर में बेन डकेट (01) का विकेट गंवा दिया जो तेज गेंदबाज स्टार्क की स्टंप के बाहर जाती गेंद पर बल्ला छुआने से विकेटकीपर के हाथों कैच आउट हुए। क्राउले जब 12 रन के स्कोर पर थे, तब डेविड वॉर्नर के हाथों कैच आउट होने से बचे। फिर उन्हें 20 रन पर आउट दिया गया और उन्होंने रिव्यू लिया जिसमें वह सफल रहे क्योंकि गेंद लेग स्टंप से करीब से चूक गई थी। मोईन अली इस दौरान क्रीज पर सहज दिखे, उन्होंने जोश हेजलवुड पर दो बाउंड्री लगाई और फिर पैट कमिंस की लगातार दो गेंदों को सीमारेखा के पार पहुंचाकर टेस्ट में 3,000 रन पूरे किए।आस्ट्रेलिया ने सुबह आठ विकेट पर 299 रन से खेलना शुरू किया।

भारतीय फुटबॉल टीम 2018 के बाद पहली बार फीफा रैंकिंग में शीर्ष 99 में पहुंची

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ने गुरुवार को 2018 के बाद पहली बार फीफा रैंकिंग में शीर्ष 99 में प्रवेश किया। टीम सैफ चैम्पियनशिप खिताब की बदौलत एक पायदान के फायदे से 99वें स्थान पर पहुंच गई। भारत ने इस महीने के शुरु में बेंगलुरु में हुई सैफ चैम्पियनशिप में लेबनान और कुवैत पर क्रमश: सेमीफाइनल और फाइनल में पेनल्टी शूटआउट से जीत दर्ज की। लेबनान को भी दो पायदान का फायदा हुआ जिससे वह भारत से बिलकुल नीचे 100वें स्थान पर मौजूद है जबकि कुवैत चार पायदान की छलांग से गुरुवार को जारी ताजा फीफा रैंकिंग में 137वें स्थान पर पहुंच गया। पश्चिम एशियाई देश लेबनान और कुवैत को सैफ चैम्पियनशिप के लिए आमंत्रित किया गया था ताकि टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा का स्तर मजबूत रहे।

प्रणय और प्रियांशु कोरिया ओपन के दूसरे दौर में बाहर

भाषा। एओसु (कोरिया)

भारतीय बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय गुरुवार को यहां अपना दूसरे दौर का मैच हांगकांग के ली चेउक यियू से हारकर कोरिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गए।टूर्नामेंट में पांचवीं वरीयता प्राप्त और विश्व के 10वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को एक घंटे और छह मिनट तक चले कड़े मुकाबले में अपने से आठ स्थान नीचे रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी से 15-21, 21-19, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।पुरुष एकल के एक अन्य मैच में प्रियांशु राजावत ने दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान के कोडाई नाराओका को कड़ी टक्कर दी लेकिन आखिर में वह एक घंटे 22 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में 14-21 21-18 17-21 से हार गए। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी दक्षिण कोरिया की ना हा बेक और ही सो ली की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को कोई चुनौती नहीं दे पाई और 33 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में 11-21, 4-21 से हार गईं।मिश्रित युगल में रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी की भारतीय जोड़ी भी चीन की झे यान फेंग और पिंग डोंग हुआंग की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 35 मिनट में 15-21, 12-21 से हारकर बाहर हो गई।ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत क्रमश: महिला और पुरुष एकल के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए थे।

एशियन मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में दम दिखाएंगे लखनऊ मुए थाई के 14 खिलाड़ी

लखनऊ। लखनऊ के 14 मुए थाई खिलाड़ी नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में होने वाली एशियन मार्शल आर्ट चैंपियनशिप.2023 में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। यूनाइटेड वर्ल्ड मार्शल आर्ट फेडरेशन इंडिया के तत्वावधान में आगामी 21 से 23 जुलाई 2023 तक आयोजित इस चैंपियनशिप में मार्शल आर्ट की तकरीबन सभी शैलियों के दिग्गज एक साथ एक ही प्लेटफार्म पर एकत्रित होंगे। लखनऊ मुए थाई एसोसिएशन के सचिव धर्मेंद्र चौरसिया के अनुसार इस चैंपियनशिप में लखनऊ के 14 खिलाड़ी सहित 5 आफिशियल भी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के दौरान ही आयोजित नेशनल मार्शल आर्ट फेस्टिवल-2023 में अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी व उत्तर प्रदेश मुए थाई एसोसिएशन के चेयरमैन डाण्सैयद रफ्त जुबैर रिजवी कोषाध्यक्षउत्तर प्रदेश ओलंपिक संघद्ध को नेशनल मार्शल आर्ट एक्सीलेंस अवार्ड.2023 प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। खिलाड़ियों के नाम: सीनियर वर्ग में रोहन सिंह, जय लालवानी जूनियर वर्ग में शिवांश भार्गव, अभय चौरसिया, सब जूनियर वर्ग में कनिष्क कश्यप, दिव्यांशी, रिया कश्यप, राशि सिंह, पीयूष सिंह,मुस्कान बानो, नैमिष यादव, आर्यन यादव, शताक्षी शुक्ला, सिद्ध अग्रवाल।

रोइंग फेडरेशन ऑफइंडिया ने रोइंग ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की मांग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पहली बार आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के अंतर्गत गोरखपुर के रामगढ़ताल में रोइंग की स्पर्धाओं के सफल आयोजन के बाद उत्साहित रोइंग फेडरेशन ऑफइंडिया प्रदेश में इस खेल को नए आयाम देना चाहता है। रोइंग फेडरेशन ऑफइंडिया अब उत्तर प्रदेश में रोइंग का ट्रेनिंग सेंटर शुरू कराने के लिए गम्भीर है क्योंकि गोरखपुर में हुई स्पर्धा के बाद उसे रामगढ़ताल में अंतरराष्ट्रीय स्तर की रोइंग प्रतियोगिता कराए जाने की भी पूरी उम्मीद है। अब रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की अध्यक्ष और भारतीय ओलंपिक संघ की उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर गोरखपुर के रामगढ़ताल की सराहना की।

इसके साथ रामगढ़ताल में साई के माध्यम से वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रोइंग ट्रेनिंग सेंटर की शुरुआत करना और वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में रोइंग प्रशिक्षण की शुरुआत कराने का अनुरोध किया है।